2 फरीदाबाद
पुस्तक मुद्रण में प्रथम, स्वास्थ्य सुविधाओं में फिसड्डी फरीदाबाद

6 अभिमत
बंगाल में राय परिवार की विरासत

9 देश/विदेश
सलमान के घर फायरिंग के आरोपी रिमांड पर, इंटरनेशनल कनेक्शन संभव

11 लोकसभा चुनाव
प्रधानमंत्री चार जून के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई तेज करेंगे

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 7 अंक 71
फरीदाबाद, बुधवार, 17 अप्रैल, 2024
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रूपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



हमारे लिए हर मैच सेमीफाइनल की तरह

पेज - 12

नौवीं माता सिद्धिदात्री



नवरात्र के नौवें और आखिरी दिन माता सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। मां दुर्गा की नौवीं शक्ति देवी सिद्धिदात्री की पूजा करने से भक्तों को सारी सिद्धियां प्राप्त होती हैं।

विस्तृत सामग्री पेज-10

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 72,994 | ▼ | 456.10 |
| निफ्टी | 22,147 | ▼ | 124.60 |
| सोना | 73,750 | ▲ | 700 /10 gm |
| चांदी | 86,500 | ▲ | 800 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 36.00°C
न्यूनतम 24.00°C

## क्विक न्यूज

### सलमान के घर फायरिंग के आरोपी रिमांड पर

**मुंबई।** एक्टर सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को मुंबई के किला कोर्ट ने 10 दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया है। दोनों आरोपियों को मुंबई क्राइम ब्रांच ने सोमवार देर रात गुजरात के भुज से अरेस्ट किया था। उन्हें मंगलवार दोपहर मुंबई लाया गया। पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि आरोपियों की पहचान विक्की गुप्ता और सागर पाल के तौर पर हुई है, जो बिहार के रहने वाले हैं। इन्होंने सलमान के घर की तीन रेकी की थीं और पांच राउंड फायर किए थे। आरोपियों ने जिस पिस्तौल से फायरिंग की थी, उसे रिकवर नहीं किया जा सका है। पुलिस ने कहा कि दोनों आरोपी सलमान के पनवेल वाले फार्म हाउस से 10 किमी दूर रुके थे। पुलिस ने गैंगस्टर लॉरेंस के भाई अनमोल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। उसने एक फेसबुक पोस्ट में इस वारदात की जिम्मेदारी ली थी। इससे पहले भी लॉरेंस गैंग ने कई बार सलमान को धमकी दी है।

विस्तृत खबर पेज-09 पर

### हरियाणा में जजपा के पांच उम्मीदवारों की घोषणा

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी (जजपा) ने हरियाणा में लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है, जिसमें पांच उम्मीदवारों की घोषणा की गई है। जजपा ने हिसार लोकसभा सीट से 2 बार की विधायक नैना चौटाला को टिकट दिया है। नैना चौटाला जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय चौटाला की पत्नी और पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला की मां हैं। हिसार से नैना का मुकाबला चाचा ससुर रणजीत चौटाला से मुकाबला होगा। रणजीत चौटाला भाजपा की टिकट पर हिसार से उम्मीदवार हैं। भिवानी महेंद्रगढ़ सीट से पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह को टिकट दी गई है। गुरुग्राम से हरियाणवी सिंगर राहुल यादव फाजिलपुरिया को टिकट दी गई है। फरीदाबाद से जजपा के युवा नेता नलिन हुड्डा को टिकट दी गई है। सिरसा सीट से 3 बार के विधायक रमेश खटक को उम्मीदवार बनाया गया है। नैना चौटाला अपने चाचा ससुर चौधरी रणजीत सिंह के सामने हिसार लोकसभा से चुनाव मैदान में उतरेंगी।

## भारत में चुनाव की पारदर्शिता पर सवाल : 24 लाख वीवीपीएटी में से महज 20 हजार मशीनों से मतदाता पर्ची का मिलान होता है

# वोटर्स को वीपीपीएटी स्लिप दी जाएं, चिप में गड़बड़ी संभव, यूरोपियन देश वापस बैलट पेपर्स पर लौटे

### वीवीपीएटी वेरिफिकेशन मामले को लेकर कोर्ट में हुई सुनवाई

एजेंसी। नई दिल्ली

**इलेक्ट्रॉनिक** वोटिंग मशीन (ईवीएम) के वोटों और वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) पर्चियों की 100 फीसद क्रॉस-चेकिंग की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में हो रही है। दरअसल, वीवीपीएटी पर्चियों की 100 फीसद वेरिफिकेशन को लेकर एक्टिविस्ट अरुण कुमार अग्रवाल ने अगस्त 2023 में याचिका लगाई गई थी। याचिका में कहा गया कि वोटर्स को वीवीपीएटी की पर्ची फिजिकली वेरिफाई करने का मौका दिया जाना चाहिए। वोटर्स को खुद बैलेट बॉक्स में पर्ची डालने की सुविधा मिलनी चाहिए। इससे चुनाव में गड़बड़ी की आशंका खत्म हो जाएगी। याचिकाकर्ताओं की तरफ से एडवोकेट प्रशांत भूषण, गोपाल शंकरनारायण और संजय हेगड़े ने पैरवी की।

इस मौके पर एडवोकेट प्रशांत भूषण ने कहा, ईवीएम चिप को प्रोग्राम किया जा सकता है। ज्यादातर यूरोपियन देश ईवीएम से बैलट पेपर्स पर लौटे हैं। जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा, वहां मत जाइए। प्रशांत भूषण ने कहा, इस पर कोई विवाद नहीं है, यह फैक्ट है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, कानूनी जिरह तक ही सीमित रहिए और याद रखिए कि यह मुद्दा पहले लाना चाहिए था। प्रशांत भूषण ने कहा, अगर ईवीएम वीवीपैट की गिनती और वोटर्स के टोटल नंबर में कोई अंतर हुआ तो इसे नजरअंदाज किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अपने पॉइंट्स लिखित में दीजिएगा 2 बजे के बाद।





दो बजे सुनवाई हुई तो एडवोकेट प्रशांत भूषण ने कहा, हम पेपर बैलट पर लौट सकते हैं। एक और ऑप्शन है कि वोटर्स को वीवीपीएटी की स्लिप दे दी जाए। नहीं तो स्लिप मशीन में जाएगी और ये स्लिप वोटर को दी जा सकती है और इसे बैलट बॉक्स में डाला जा सकता है। जस्टिस खन्ना ने कहा, हम आपकी दलील समझ गए। वकील भूषण ने कहा, वीवीपैट की स्लिप को भी काउंट किया जाना चाहिए। वोटर के हाथ में स्लिप दीजिए और इसे बैलट बॉक्स में डाला जाए। इसका डिजाइन बदल दिया जाए। जर्मनी में ऐसा ही होता है।

जस्टिस दीपांकर दत्ता ने पूछा, जर्मनी की जनसंख्या कितनी है। प्रशांत भूषण ने कहा, 5-6 करोड़ जबकि भारत में 50-60 करोड़ लोग हैं। जस्टिस खन्ना ने कहा, भारत में 97 करोड़ रजिस्टर्ड वोटर हैं। आप भूल गए होंगे, लेकिन हम जानते हैं कि जब बैलट पेपर से चुनाव होते थे। इसी बीच वरिष्ठ वकील संजय हेगड़े ने कहा, ईवीएम में पड़े वोट्स का वीवीपैट स्लिप्स के साथ मिलान किया जाना चाहिए। जस्टिस खन्ना- आप कह रहे हैं कि 60 करोड़ वीवीपैट स्लिप्स की गिनती की जाए। यही ना? वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायण- चुनाव आयोग कहता है कि वीवीपैट स्लिप्स की गिनती करने में 12 दिन लगेंगे।

प्रशांत भूषण ने एक रिसर्च पेपर भी पढ़ा, जिसमें कहा गया था कि ईवीएम के साथ छेड़खानी की जा



### स्लिप बॉक्स में डाली जाएं, जर्मनी में ऐसा ही होता है : प्रशांत भूषण

सकती है। एडवोकेट प्रशांत भूषण- ये लोग हर लोकसभा सीट में केवल पांच वीवीपैट मशीन की गिनती करते हैं, जबकि वहां पर 500 मशीनें होती हैं। ये सिर्फ 5 फीसदी है और इसके सही नहीं ठहराया जा सकता।

गोपाल शंकरनारायण- याचिका इस बारे में नहीं है कि ईवीएम से कोई गड़बड़ी हो रही है। यह वोटिंग के दौरान वोटर के भरोसे का सवाल है।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा-भारत में 97 करोड़ वोटर्स हैं, क्या ये संभव

किसी दूरदराज इलाके में रहने वाले आदमी के बारे में सोचिए, जो वोटिंग बूथ में संघर्ष करता है और स्लिप तभी दिखती है, जब सात सेकेंड के लिए लाइट ऑन होती है। वोट डालने में (बैलट पेपर से) जो स्पर्श का एहसास था, वह पूरी तरह जा चुका है। जर्मनी की अदालत ने भी इस पॉइंट पर ध्यान दिया था। इस मामले में पिछली सुनवाई एक अप्रैल को हुई थी, तब जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने चुनाव आयोग और केंद्र सरकार को नोटिस जारी करके जवाब मांगा था।

बता दें, फिलहाल किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में 5 ईवीएमके वोटों का ही वीवीपीएटी पर्चियों से मिलान होता है। याचिका में कहा गया कि चुनाव आयोग ने लगभग 24 लाख वीवीपीएटी खरीदने के लिए पांच हजार करोड़ रुपए खर्च किए हैं, लेकिन केवल 20,000 वीवीपीएटी की पर्चियों का ही वोटों से वेरिफिकेशन किया जा रहा है, जबकि देश में 97 करोड़ वोटर्स हैं, जिन्हें यही पता नहीं चल पा रहा है कि उनका वोट, उसी पार्टी को पहुंचा है, जिसे उसने वोट दिया है। सवाल यही है कि सरकार और सुप्रीम कोर्ट को इस बात पर हर्ज ही क्या है कि याचिका के अनुसार व्यवस्था कर दी जाएं। लोकतंत्र के अनुसार यदि किसी भी एक शख्स को चुनाव प्रक्रिया पर शक है तो उसे पारदर्शी साबित करने या पारदर्शी बनाए जाने की दिशा में ही काम करना चाहिए।



## कांग्रेस सरकार स्कूल बस लेते वक्त तेल देती थी, ये दबाव बनाकर बस ले रहे हैं : शर्मा

### सरकार की सख्ती पर स्कूल एसोसिएशन ने दिखाए सख्त तेवर

पायनियर समाचार सेवा। पानीपत

**हरियाणा** भर में प्राइवेट स्कूलों की ट्रांसपोर्ट पर सरकार का एक्शन दिन-प्रतिदिन सख्त होता जा रहा है। अब सरकार के खिलाफ निजी स्कूलों ने भी मोर्चा खोल दिया है। दरअसल, महेंद्रगढ़ के कनीना में स्कूल बस हादसे के बाद बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे स्कूलों के खिलाफ राज्य सरकार ने सख्त कार्रवाई करते हुए विशेष अभियान चलाया हुआ है। इसी विरोध में फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल संघ ने कनीना हादसे के लिए पूरी तरह से सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। साथ ही चेताया है कि अगर यूं ही नाजायज सख्ती जारी रही तो वह स्कूल बसों की चाबियां सरकार को सौंप देंगे। वहीं, स्कूली बसों के चालान के विरोध में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने पांच जिलों





### शराबी चालक के सवाल पर कहा, सरकार ने ठेके क्यों खोल रखे हैं

कैथल, सोनीपत, झज्जर, सिरसा और फतेहाबाद में पहली से 12वीं तक के स्कूल बंद करने की घोषणा की है। सोमवार को प्रदेश में 1429 स्कूल बसों की जांच की गई। इनमें से 613 बसों के चालान काटे गए और 119 बसें जब्त की गईं। 3.57 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया है। कनीना हादसे के बाद फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल संघ के पदाधिकारी पहली बार मीडिया से रुबरू हुए। स्कूल बस चालकों के शराब पीकर वाहन चलाने के सवाल पर संघ के प्रदेशाध्यक्ष कुलभूषण शर्मा बौखला गए।

गुस्से में उन्होंने यहां तक कह दिया कि सरकार प्रदेश में शराब के ठेके बंद क्यों नहीं करती। गुजरात मॉडल यहां भी लागू होना चाहिए। कुलभूषण शर्मा ने आरोप लगाया कि 14 अप्रैल को फरीदाबाद में भाजपा की रैली थी, इसमें निजी स्कूलों की 430 बसें गई थीं। शर्मा ने कहा कि पहले की सरकारें बसें लेकर तेल देती थीं, लेकिन ये सरकार तो तेल भी नहीं देती। इसके अलावा रैली में जाने वाली बसों में लोग तोड़फोड़ तक कर देते हैं।

## महम में दो लोगों को गोली मारी

**रोहतक।** महम में मंगलवार को दिनदहाड़े बदमाशों ने दो लोगों पर गोलियां बरसा दीं। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए पीजीआइ में भर्ती कराया गया है। घटना महम के भिवानी स्टैंड की है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी है।

घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें बदमाश भागता हुआ नजर आ रहा है। उसने हेलमेट डाला हुआ था। मृतक की पहचान निंदाना गांव निवासी वजीर (58) के रूप में हुई है। किशनगढ़ गांव का बल्लू नंबरदार गंभीर रूप से घायल है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, वजीर का बेटा अशोक डीसी गैंग का सदस्य है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि रंजिश में वजीर की हत्या की गई है। निंदाना गांव में एक दशक से अधिक समय से 2 गुटों में रंजिश चली आ रही है। 6 लोगों की हत्या हो चुकी है।

## रामदेव और बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट में फिर माफी मांगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**पतंजलि** भ्रामक विज्ञापन केस में मंगलवार को एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच के सामने बाबा रामदेव और बालकृष्ण तीसरी बार पेश हुए। बाबा रामदेव के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा- हम कोर्ट से एक बार फिर माफी मांगते हैं। हमें पछतावा है। हम जनता के बीच माफी मांगने को तैयार हैं। जस्टिस कोहली ने कहा- आपने (रामदेव) योग के लिए बहुत कुछ किया है। आपका सम्मान है, लेकिन आपने ये जो स्टेटमेंट दिया है- परम आदरणीय जज साहिब महोदया। अनकंडीशनली जो भी हमसे हुई हम अपोलोजाइज किए हैं। जिस चीज का आप प्रचार कर रहे हैं, हमारी संस्कृति में ऐसी कई चीजें हैं। लोग सिर्फ ऐलोपैथी नहीं, घरेलू पद्धतियां भी इस्तेमाल कर रहे हैं। नानी के नुस्खे भी। आप अपनी पद्धतियों के लिए दूसरों (एलोपैथी) को गलत क्यों बता रहे हैं।

रामदेव ने कहा- किसी को भी गलत बताने का हमारा कोई इरादा नहीं था। आयुर्वेद को रिसर्च बेस्ड एविडेंस के लिए तथ्य पर लाने के लिए पतंजलि ने प्रयास किए हैं। आगे से इसके प्रति जागरूक रहूंगा। कार्य के उत्साह में ऐसा हो गया। आगे से



### किसी को भी गलत बताने का हमारा कोई इरादा नहीं था : रामदेव

नहीं होगा। इस पर कोर्ट ने कहा- आप इतने मासूम नहीं हैं। ऐसा लग नहीं रहा है कि कोई हृदय परिवर्तन हुआ हो। अभी भी आप अपनी बात पर अड़े हैं। आपको सात दिन का समय देते है। हम इस मामले को 23 अप्रैल को देखेंगे। आप दोनों (रामदेव-बालकृष्ण) उस दिन भी कोर्ट में मौजूद रहें।

पतंजलि ने 2 और 9 अप्रैल को भी माफी मांगी, कोर्ट ने कहा- ये सिर्फ खानापूर्ति है बाबा रामदेव की तरफ से 2 अप्रैल को जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच में माफीनामा दिया गया था। बेंच ने पतंजलि को फटकार लगाते हुए कहा था कि ये माफीनामा सिर्फ खानापूर्ति के लिए है। आपके अंदर माफी का भाव नहीं दिख रहा। इसके बाद कोर्ट ने 10 अप्रैल को सुनवाई की तारीख तय की थी। 10 अप्रैल की सुनवाई से ठीक एक दिन पहले (9 अप्रैल को) बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के मैनेजिंग डायरेक्टर आचार्य बालकृष्ण ने नया एफिडेविट फाइल किया। इसमें पतंजलि ने बिना शर्त माफी मांगते हुए कहा कि इस गलती पर उन्हें खेद है और ऐसा दोबारा नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) की ओर से 17 अगस्त 2022 को दायर की गई याचिका पर सुनवाई कर रही है। इसमें कहा गया है कि पतंजलि ने कोविड वैक्सीनेशन और एलोपैथी के खिलाफ निगेटिव प्रचार किया। वहीं खुद की आयुर्वेदिक दवाओं से कुछ बीमारियों के इलाज का झूठा दावा किया।

## पटना में मेट्रो की क्रेन से टकराया ऑटो, सात की मौत

**पटना।** पटना में मंगलवार सुबह यात्रियों से भरा ऑटो मेट्रो के काम में लगी क्रेन से टकरा गया। हादसे में 7 लोगों की मौत हुई है। एक घायल की स्थिति गंभीर बनी है। मरने वालों में एक पांच साल का बच्चा भी शामिल है। उसके पिता की स्थिति गंभीर बनी हुई है। हादसा इतना भयानक था कि क्रेन से टकराते ही मौके पर चार लोगों ने दम तोड़ दिया। तीन लोगों की मौत अस्पताल में हुई। हादसा सुबह करीब पौने 4 बजे कंकड़बाग थाना क्षेत्र के रामलखन पथ पर हुआ। सभी लोग रेलवे स्टेशन से बस पकड़ने के लिए ऑटो से निकले थे। मृतकों में 3 पुरुष, 3 महिलाएं और एक बच्चा है। सभी रोहतास, नेपाल, मुजफ्फरपुर, मधुबनी और वैशाली के रहने वाले थे।

## श्रीनगर में नाव हादसा : दो बच्चों समेत 6 लोगों की मौत

**श्रीनगर।** कश्मीर के श्रीनगर में मंगलवार को झेलम नदी में एक नाव पलट गई। श्रीनगर के जिला कलेक्टर ने बताया कि इस नाव पर 15 लोग सवार थे, इनमें 7 स्कूली बच्चे और 8 लोग शामिल थे। हादसे में 2 बच्चों समेत 6 लोगों की मौत हो गई है। 6 लोगों को रेस्क्यू किया गया है, जबकि 3 लोग अब भी लापता हैं। जिला कलेक्टर ने बताया कि हादसा सुबह 7.45 बजे से 8 बजे के बीच हुआ। बारिश की वजह से नदी का जलस्तर बढ़ गया था, जिसे लेकर प्रशासन ने अलर्ट जारी किया था। फिलहाल लापता लोगों की तलाश की जा रही है। चश्मदीद ने बताया, नाव आधे रास्ते आई और रस्सी टूट गई। इसके बाद नाव एक एंगल से टकरा गई। इसके बाद जो लोग 15-20 लोग बैठे थे, वे डूब गए। हमने एक लड़की, 2 लड़कों को बचाया।

## हरियाणा के भावेश और शिवांश बनेंगे आइएएस

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**संघ** लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने मंगलवार को सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन- 2023 का रिजल्ट जारी कर दिया। जिसमें हरियाणा के कई युवाओं ने उपलब्धि हासिल की है। भिवानी में तोशाम के भावेश ख्यालिया ने 46 वीं रैंक पाकर आइएएस बनने का अपना सपना पूरा कर लिया है। वहीं खरहर गांव के बेटे शिवांश राठी ने भी 63 वीं रैंक हासिल कर आईएएस बन गए हैं। फिलहाल वह दिल्ली में एसडीएम के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शिवांश का परिवार बहादुरगढ़ के सेक्टर 6 में रहता है। इससे पहले यूपीएससी की रिजर्व लिस्ट में स्थान हासिल कर वह एसडीएम बने थे।

वहीं सिरसा की कोमल गर्ग का 221 वां रैंक रहा है। चरखी दादरी के तरूण पाहवा का भी यूपीएससी में सिलेक्शन हुआ है और उनकी 231 वीं रेंक आई है।



सिविल सेवा के लिए कुल 664 पुरुष और 352 महिलाओं का चयन किया गया है। यूपीएससी के मुताबिक इंटरव्यू में कुल 2,800 से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। इस पूरी प्रक्रिया के उपरांत सिविल सर्विस (आईएएस, आईएफएस, आईपीएस व अन्य केंद्रीय पद) पर चयनित हुए उम्मीदवारों के नाम व रोल नंबर उनकी रैंक के हिसाब से जारी किए गए हैं। हरियाणा में खेल विश्वविद्यालय के कुलपति और उत्तराखंड के पूर्व डीजीपी अशोक कुमार की बेटी का भी यूपीएससी में चयन हुआ है।

## यूपीएससी का रिजल्ट जारी, लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव टॉपर

### टॉप-5 रैंक में आने वाले 3 कैंडिडेट्स पहले से ही आइपीएस अफसर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**संघ** लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने मंगलवार को सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन-2023 का रिजल्ट जारी कर दिया। 1016 अभ्यर्थी इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस (आइएएस), इंडियन पुलिस सर्विस (आइपीएस) और इंडियन फॉरेन सर्विस (आइएफएस) के लिए चुने गए हैं। 180 आइएएस और 200 आइपीएस अफसर बनेंगे। लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने ऑल इंडिया रैंक एक हासिल की है। वहीं, अनिमेष प्रधान दूसरी और अनन्या रेड्डी को तीसरी रैंक मिली है। कैंडिडेट्स यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। इस साल टॉप पांच रैंक में आने वाले तीन कैंडिडेट्स पहले से ही आइपीएस ऑफिसर हैं।

रैंक 1 हासिल करने वाले आदित्य श्रीवास्तव, रैंक 4 पी के सिद्धार्थ रामकुमार और रैंक 5, रूहानी हैदराबाद में नेशनल पुलिस एकेडमी आइपीएस ट्रेनिंग पूरी कर रहे हैं। पिछले 11 सालों में ऐसा



पहली बार हुआ है कि सर्विस में रहते हुए किसी आइपीएस ने इस एग्जाम में ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की है। इससे पहले 2013 में आइपीएस ऑफिसर गौरव अग्रवाल ने सिविल सर्विसेज एग्जाम में ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की थी।

दिल्ली की जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी से 31 कैंडिडेट्स सिलेक्ट हुए हैं। इनमें से 11 लड़कियों का सिलेक्शन हुआ है। इन सभी स्टूडेंट्स ने जेएमआइ के रेजिडेंशियल कोचिंग एकेडमी (आरसीए) से पढ़ाई की थी। जेएमआइ की स्टूडेंट नौशीन ने ऑल इंडिया रैंक 9 हासिल की है।

पिछले दो साल से यूपीएससी सिविल सर्विसेज एग्जाम में महिलाओं ने टॉप किया। 2022 में इशिता किशोर ने रैंक 1 हासिल की थी। 2021 में श्रुति शर्मा ने ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की थी। 2022 में गरिमा लोहिया, उमा हरथी एन और स्मृति मिश्रा टॉप रैंकर्स में थीं। 2021 में टॉप तीन रैंक पर लड़कियां थीं। अंकिता अग्रवाल ने एआइआर 2 हासिल की थी, जबकि चंडीगढ़ की गामिनी सिंगला ने एआइआर 3 हासिल किया था।

## साढ़े चार माह में लिए 75 नमूने, आठ मिले फेल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**साल** 2024 में जनवरी से 15 अप्रैल तक 75 सैंपल लिए जा चुके हैं। इनमें चीनी, गुड़, कुट्टू का आटा, दूध, मावा, मक्खन, पनीर, तेल और ठंडे पेय पदार्थों के सैंपल लिए जा चुके हैं। आगामी दिनों में अभियान को तेज किया जाएगा। हालांकि अधिकारियों की कमी से जूझ रहा खाद्य सुरक्षा विभाग जांच में तेजी नहीं ला पा रहा है। जिले में पूर्ण रूप से खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग के लिए तीन खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की जरूरत है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के पास केवल एक ही अधिकारी मौजूद हैं। डॉ. सचिन शर्मा पर फरीदाबाद के अलावा पलवल का भी कार्यभार है। फिलहाल शिकायत के आधार पर सैंपलिंग की जाती है। अशुद्ध और नकली ब्रांड के खाद्य पदार्थों को बेचने वाले दुकानदारों से विभाग के अधिकारी ग्राहक बनकर सैंपल एकत्रित करते हैं। इसके बाद इन्हें जांच के लिए भेजा जाता है। बता दें कि फेल सैंपल तीन तरह के होते हैं। इनमें अनसेफ, मिस ब्रांड और सब स्टैंडर्ड शामिल है। सैंपल की रिपोर्ट के आधार पर ही जुर्माना तय किया जाता है। अनसेफ में छह महीने की सजा और पांच लाख रुपये तक का जुर्माना होता है।

## देश व प्रदेश की बीजेपी सरकार पूरी तरह से असफल रही है : कमलेश सौरोत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद






**होडल** ब्लॉक इनेलो महिला अध्यक्ष कमलेश सौरोत ने मंगलवार को पायनियर को दिए इंटरव्यू में देश व प्रदेश की सरकार को पूरी तरह से नाकामयाब बताया है। उन्होंने कहा है कि बीजेपी सरकार हर मुद्दे पर पूरी तरह से असफल साबित रही है। बीजेपी ने सत्ता में आने से पहले जो चुनावी वायदे जनता से किए थे। उनमें से एक भी पूरा नहीं किया गया है। बीजेपी के शासनकाल में बेरोजगारी चरम पर है। महंगाई हर दिन आसमान छू रही है। विकास कागजों में हुआ है। कानून व्यवस्था का पूरी तरह से दिवालिया निकल गया है। जनता दुखी व परेशान है। इसलिए आने वाले लोकसभा चुनाव में जनता बीजेपी को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा देगी।

कमलेश सौरोत का कहना है कि बीजेपी ने सत्ता में आने से पहले दर्जनों चुनावी वायदे किए थे। परंतु कोई भी पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि बीजेपी ने हर वर्ष दो करोड़ लोगों को नौकरी देने का वायदा किया था। दस साल में 20 करोड़ लोगों को नौकरी मिल जानी चाहिए थी। परंतु सत्ता में आते ही उसके उलट कार्य करने शुरू कर दिए। बीजेपी ने सरकारी कंपनियों और विभागों को निजी हाथों में देने का काम शुरू कर दिया। सरकारी विभागों को घाटे में दिखाकर लोगों को नौकरी से निकाला जा रहा है। इस तरीके से बीजेपी ने नौकरी छीनने का कार्य किया है। सौरोत ने बताया कि बीजेपी ने सत्ता में आने से पहले पैट्रोल, डीजल, रसोई गैस व दूसरी जरूरत की वस्तुओं के दाम घटाने का वायदा जनता से किया था। परंतु सत्ता में आते ही इनके दाम दो से तीन गुणा बढ़ा दिए। जिससे लोगों की जरूरत के सामान दाल, चीनी, तेल, आटा व सब्जियों के दाम काफी बढ़ गए। जिससे लोगों को दो जून की रोटी का प्रबंध करना भी मुश्किल हो गया। उन्होंने बताया कि बीजेपी ने बिजली उपभोक्ताओं को बिजली सस्ती देने का वायदा भी किया था। परंतु जो बिजली बिल पहले सैकड़ों रुपये तक ही आते थे, वे अब हजारों रुपये महीने आ रहे हैं। जिससे जनता दुखी व परेशान है। उन्होंने बताया कि बीजेपी देश व प्रदेश में हजारों करोड़ रुपये के विदेशी पूंजी निवेश की बात करती है। परंतु धरातल पर आज कहीं भी विदेशी पूंजी निवेश नहीं दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि पूंजी निवेश हुआ होता तो कंपनियां लगनी चाहिएं थीं, परंतु आज देश व प्रदेश से कंपनियां जा रही हैं। जिससे रोजगार के अवसर घटे हैं। युवा रोजगार के लिए इधर-उधर भाग रहे हैं। परंतु उनको कहीं पर भी रोजगार नहीं मिल रहा है।

सौरोत ने बताया कि चौधरी ओमप्रकाश चौटाला के इनेलो के शासन में प्रदेश में जो सड़कें, स्कूल, कॉलेज, स्टेडियम आदि बनाए गए थे, आज सरकार उनकी मरम्मत भी नहीं करवा पा रही है। जिससे वे जर्जर हो गए हैं। अस्पतालों की हालात भी दयनीय है। सरकारी अस्पतालों व सरकारी स्कूलों व कॉलेजों में डॉक्टरों, अध्यापकों व स्टाफ की कमी की वजह से शिक्षा व स्वास्थ्य का बेड़ा गर्क हो चुका है। सौरोत का कहना है कि बीजेपी ने सत्ता में आने से पहले किसानों की आय दोगुना करने का वायदा किया था। परंतु आज किसान को उनकी फसलों की उचित कीमत तक नहीं मिल रही है। जिससे किसानों को एमएसपी के लिए आंदोलन तक करने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है।

# पुस्तक मुद्रण में प्रथम, स्वास्थ्य सुविधाओं में फिसड्डी फरीदाबाद

### बीके अस्पताल में आईसीयू की सुविधा न होने से मरीज परेशान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**पुस्तक** मुद्रण (छपाई) में भारतीय उपमहाद्वीप में फरीदाबाद शहर अग्रणी शहरों में है। परंतु यहां का बीके अस्पताल स्वास्थ्य सुविधाओं में आज भी पिछड़ा हुआ है। जिसकी खामियाजा शहर व आसपास ग्रामीण इलाके के लोगों को उठाना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि बीके अस्पताल में बगैर देरी के आईसीयू की सुविधा शुरू की जाए। जिससे जिले के लोगों को इलाज में सुविधाएं रहे। फरीदाबाद की थॉमसन प्रेस में पूरे देश के लिए सभी प्रकार की पुस्तकों की छपाई होती है। पुस्तकें मुद्रण के मामले में यह प्रेस और




फरीदाबाद जिला केवल भारत में ही नहीं बल्कि भारतीय उपमहाद्वीप में भी प्रथम स्थान पर है। देश के दूसरे प्रदेशों के अलावा विदेशों तक के लिए यहां पुस्तकें मुद्रण होकर जाती हैं। जिससे क्षेत्र को सैकड़ों करोड़ रूपये का राजस्व मिलता है। उसके बाबजूद भी फरीदाबाद के बीके अस्पताल में आज भी मूलभूत सुविधाओं की कमी बनी हुई है। बीके अस्पताल प्रदेश के सबसे पुराने और बड़े अस्पतालों में शुमार है। परंतु उसके बाबजूद इस अस्पताल में आज भी आईसीयू जैसी मूलभूत सुविधा नहीं है। इस अस्पताल में इलाज के लिए हर रोज सैकड़ों मरीज आते हैं। उनमें से दर्जनभर गंभीर मरीजों को प्रतिदिन दिल्ली-रोहतक के अस्पतालों में इलाज के लिए रेफर कर दिया जाता है। इन शहरों तक पहुंचने में मरीज को घंटों का समय लग जाता है, जिससे कई बार मरीज अस्पताल में पहुंचने से पहले ही दम तोड़ देता है। कहीं जीवित पहुंच भी जाता है तो काफी पैसा इलाज पर खर्च करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि दूसरे शहरों में मरीज के रिश्तेदारों को आने-जाने व वहां पर दवाई आदि पर काफी रुपये खर्च करने पड़ते हैं। जिससे उनको दूसरों से कर्ज लेकर इलाज करवाना पड़ता है।

लोगों का कहना है कि यदि बीके अस्पताल में आईसीयू की सुविधा हो तो यहां के मरीजों को इलाज के लिए दूसरे शहर जाने से छूटकारा मिल जाए। लोगों ने तुरंत ही बीके अस्पताल में आईसीयू की सुविधा शुरू करने की मांग की है। जिससे लोगों को इलाज में सुविधा रहे।

फरीदाबाद शहर पुस्तकों के मुद्रण में भारतीय उपमहाद्वीप में अव्वल स्थान पर आता है। परंतु यहां का बीके अस्पताल में आज भी मूलभूत आईसीयू सुविधा तक नहीं है। जिससे मरीजों को इलाज के लिए दूसरे शहरों में जाने को मजबूर होना पड़ता है।

**-तेजपाल सिंह**

बीके अस्पताल में तुरंत आईसीयू की सुविधा शुरू की जाए। जिससे यहां पर आने वाले मरीजों को समय पर इलाज मिल सके। उन्हें इलाज के लिए दूसरे शहरों को रेफर करने से छुटकारा मिले।

**-रोहताश सिंह**

## बीजेपी के शासनकाल में दो जून की रोटी हुई महंगी

### सड़क किनारे ढाबे पर खाना खाने आए लोगों ने की चुनावी चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद






**लोकसभा** चुनाव की घोषणा होते ही एकाएक हर जगह चुनाव, राजनीतिक पार्टियों की नीतियों और वायदों पर जनता खूब चर्चा कर रही है। कहीं पर भी चार आमदियों के इकट्ठा होते ही चुनावी चर्चा शुरू हो जाती है। लोगों का कहना है कि बीजेपी की नीतियों से महंगाई बढ़ी है। जिससे लोगों को दो जून की रोटी का प्रबंध करना भी मुश्किल हो गया है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि बीजेपी के शासनकाल में गरीब लोगों को सस्ते दामों पर राशन उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिससे लोगों को राहत मिली है।

सड़क के किनारे बने होटल पर लंच खाने के लिए आए प्रदीप कुमार कहना था कि बीजेपी के शासनकाल मे महंगाई तेजी से बढ़ी है। जिसकी वजह से लोगों का जीवन दूभर हुआ है। उन्होंने बताया कि बीजेपी के शासनकाल से पहले होटल आदि पर भोजन के दाम काफी कम थे। 50 रुपये में लोग पेटभर भोजन कर लेते थे। परंतु पिछले कुछ सालों से होटल पर खाने के दाम आसमान छू रहे हैं। जिससे लोगों को दो वक्त की रोटी के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही हैं। उन्होंने बताया कि अब होटल आदि पर रोटी, परांठा, दाल, पनीर आदि के साथ भोजन करने पर 125 से 150 रुपये खर्च हो जाते हैं। वहीं प्रवीन कुमार का कहना था कि पिछले कुछ सालों में भोजन के दामों में कई गुना बढ़ोतरी हुई है। उनकी बात को काटते हुए सुरेश कुमार का कहना था कि रोजी-रोटी के दाम बढ़े हैं, परंतु बीजेपी के शासनकाल में करोड़ों लोगों को सरकार की तरफ से सस्ते दामों पर राशन उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिससे गरीब आदमियों को राहत मिली है।

इस अवसर पर प्रवीन कुमार का कहना था कि सरकार को महंगाई को काबू में करना चाहिए, जिससे लोगों को सुविधा रहे।

## एक सप्ताह में साइबर ठगी के 14 आरोपी गिरफ्तार

### साइबर अपराध के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किए

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**लगातार** बढ़ रहे साइबर अपराध पर लगाम लगाते हुए तीनों जोन की साइबर थाना पुलिस ने एक सप्ताह में 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान दिल्ली के नांगलोई निवासी कुलदीप, मोती नगर निवासी कुनाल, संत नगर रानी बाग निवासी कुनाल नैय्यर, विष्णु गार्डन न्यू दिल्ली निवासी सिमरनजीत सिंह, विकासपुरी निवासी पाथल, उत्तम नगर वेस्ट निवासी मोहित कुमार, जेजे कॉलोनी न्यू दिल्ली निवासी नवीन कुमार, कमल कॉलोनी सारनपुर रोड निवासी रजत, तुगलकाबाद गोविंदपुरी निवासी निखिल कुमार, लाजपत नगर निवासी के विनोद, बिहार के जिला गया स्थित गांव कारीशोभा कोठा निवासी शशिकांत, उत्तर प्रदेश के सहजापुर निवासी अमिक कुमार, बेंगलुरु के हुलिमवू निवासी प्रशांत कुमार व फरीदाबाद के गांव कुरैशी पुर निवासी शाहरुख के रूप में हुई है।

एसीपी साइबर अपराध अभिमन्यु गोयत ने बताया उनकी टीम ने पांच से 11 अप्रैल तक साइबर अपराध के छह केस सुलझाते हुए 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 28,500 रुपये बरामद किए हैं। इनमें से तीन केस साइबर थाना सेंट्रल, दो केस बल्लभगढ़ तथा एक मामला एनआईटी थाने ने सुलझाया है।

इसके साथ ही साइबर पुलिस ने 169 शिकायतों का निपटारा करते हुए 3,55,000 रुपये लोगों के खातों में वापस कराए और 8,07,304 रुपये बैंकों में सीज कराए हैं।

उन्होंने बताया साइबर ठग टास्क पूरा कर पैसे कमाने के लालच में, शेयर मार्केट में मोटे मुनाफे के नाम पर, कुछ मिनट में ही लोन देने का लालच देकर, घर बैठे लोन उपलब्ध करवाने, फर्जी एप डाउनलोड करवाकर, क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़वाने, घर बैठे कमाई कराने, फ्री गिफ्ट, लॉटरी लगवाने, वाउचर जीतने, केवाईसी के नाम पर, बैंककर्मी या किसी कंपनी के अधिकारी बनकर, विदेश भेजने, एयरपोर्ट पर नौकरी लगवाने, अश्लील वीडियो से कॉल रिकॉर्ड कर ब्लैकमेल करने आदि तरीकों से ठगी को अंजाम देते हैं। इनसे बचने का एकमात्र साधारण तरीका जागरूकता है।

## बिना किसी भेदभाव के विकास करवाने वाला होना चाहिए सांसद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**जन** प्रतिनिधि के कंधे पर क्षेत्र के विकास का जिम्मेदारी होती है। हर जनता को अपने प्रतिनिधि से अपेक्षा होता है। क्षेत्र में सतत विकास की रूपरेखा तय करने के लिए सांसद को हमेशा सक्रिय रहना चाहिए। ऐसा सांसद हो जिन्हें क्षेत्र की तमाम समस्याओं की जानकारी हो, ताकि वह समस्या व स्थान चिन्हित कर आसानी से समाधान कर सके। साथ ही सांसद जुझारु होना चाहिए।



**क्षेत्र** में बिना किसी भेदभाव का समान विकास हो। हर जरुरतमंदों तक सरकारी योजना का लाभ अनिवार्य रुप से पहुंचे। सांसद अपने कार्यालय में समय से उपलब्ध हो, ताकि लोगों को सांसद कार्यालय का जरूरत से ज्यादा चक्कर न लगाना पड़ें।

**-पवन शर्मा**



**क्षेत्र** में अधिक से अधिक पक्की सड़कों का निर्माण हो, ताकि लोगों को जर्जर व कच्ची सड़कों से मुक्ति मिले। क्षेत्र के हर गली मोहल्ले में नाली का निर्माण हो, ताकि जल जमाव से लोगों को छुटकारा मिले।

**-शिवराम**



**क्षेत्र** में चुनकर आने वाले सांसद वादा से परे होकर विकास की दिशा तय करे। हर जरुतमंदों को आवास व अंत्योदय योजना का समान लाभ मिले। सांसद मिलनसार होना चाहिए। निस्वार्थ भाव से जनता की सेवा करे।

**-अर्चना**



**लोगों** को जब सांसद से कोई काम हो तो वह सुलभता से उपलब्ध हो। क्षेत्र में पानी की सप्लाई सुनिश्चित हो। देश का विकास तो ठीक है, लेकिन क्षेत्र में सफाई की समुचित व्यवस्था नहीं है। लोग खुले में कचरा फेंकने को मजबूर हो रहे हैं।

**-देवेंद्र**

## शिविर में छात्रों को नशे के विरुद्ध किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**हरियाणा** राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशानिर्देशों, पुलिस उप महानिरीक्षक सिमरदीप सिंह के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक नीतिका गहलोत भापुसे एवं पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार के आदेशानुसार फरीदाबाद जिले के शिक्षण संस्थानों में नशे के विरुद्ध विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा निरंतर इस कार्य में जुटे हुए हैं। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओल्ड फरीदाबाद और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओल्ड फरीदाबाद में नशे के विरुद्ध अलग अलग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने दोनों स्थानों पर अलग अलग संबोधित करते हुए कहा कि विधि अनुसार भारत में कोई भी व्यक्ति अफीम, भांग, गांजा, चरस, हेरोइन, स्मैक, चिट्टा, एलएसडी, नशीली गोलियां, नशीले टीके आदि न अपने पास रखेगा। न सेवन करेगा। न खरीदेगा और न बेचेगा। उन्होंने वार्तालाप के माध्यम से एकत्रित विद्यार्थियों को बताया कि हरियाणा में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का गठन हो चूका है। इस ब्यूरो का एकमात्र उद्देश्य हरियाणा प्रान्त को नशा मुक्त करना है।

## 14 केंद्रों पर तीन शिफ्टों में होंगी एनडीए व नेवल एकेडमी की परीक्षाएं



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिलाधीश** विक्रम सिंह ने कहा कि जिला में 21 अप्रैल को संघ लोक सेवा आयोग/यूपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली सीडीएस, एनडीए व नेवल एकेडमी परीक्षा को सुनियोजित ढंग से संपन्न करवाने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मुस्तैदी से कार्य करेंगे।

मंगलवार को सेक्टर-12 लघु सचिवालय के सभागार कक्ष में जिलाधीश विक्रम सिंह के दिशा-निर्देश पर एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद की अध्यक्षता में रिहर्सल का आयोजन किया गया। जहां एसडीएम त्रिलोक चंद ने परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को टिप्स देकर संघ लोक सेवा आयोग/ यूपीएससी द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार दिशा निर्देश ड्यूटी में लगाए गए प्रशासनिक अधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि यह काफी संवेदनशील कार्य है। जिसे सभी अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ करना है। वहीं अधिकारी यह जरूर सुनिश्चित करें कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश ना हो। परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए संघ लोक सेवा आयोग/यूपीएससी ने जो नियम निर्धारित किए हैं, उनका दृढ़ता से पालन किया जाएगा। एसडीएम त्रिलोक चंद ने कहा कि किसी भी अधिकारी को कोई शंका हो तो उसे समय रहते दूर कर लें। उन्होंने बताया कि 21 अप्रैल रविवार को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा तीन शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिला में 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां सीडीएस, की परीक्षाएं तीन चरणों में और एनडीए व नेवल एकेडमी की परीक्षाएं दो चरणों में आयोजित की जाएंगी। सीडीएस पहला चरण प्रात: नौ बजे से 11 बजे तक, दूसरा चरण दोपहर 12 बजे से दो बजे तक व तीसरा चरण दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक होगा। वहीं एनडीए व नेवल एकेडमी परीक्षा के लिए प्रथम चरण प्रात: 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक व दूसरा चरण दोपहर दो बजे से सायं 4.30 बजे तक रखा गया है।

उन्होंने कहा कि रिहर्सल में में एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद ने परीक्षाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि ड्यूटी पर लगाए गए अधिकारी 21 अप्रैल को होने वाली लिखित परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर लें। परीक्षा क केंद्रों पर शौचालयों आदि तमाम सभी व्यवस्था पूरी जांच एक दिन पहले जरूर करें। परीक्षाओं की पवित्रता तथा कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिए केंद्रवार ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्रांजिट ऑफिसर एवं लोकल इंस्पेक्टिंग ऑफिसर की नियुक्तियां की गई हैं। लिखित परीक्षा के सफल आयोजन के लिए अन्य अधिकारियों द्वारा सभी ऑफिसर एवं मजिस्ट्रेट को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यूपीएससी की हिदायतों के अनुसार परीक्षाओं में कोताही बरतने वाले लोगों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। परीक्षा केंद्रों में केवल ड्यूटी देने वाले अधिकारी अंदर जा सकते हैं। इसके अलावा कोई भी अधिकारी परीक्षा केंद्रों के अन्दर जाने पर यूपीएससी द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पूर्णतया पाबंदी है।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103




**भले वो दूर है पर दूर जाकर सोचता होगा**
**मेरे बारे में वो अब भी बराबर सोचता होगा**
**जिसे चाहा वही मिलता भले कुछ भी नहीं मिलता**
**मुझे लगता है ये हर एक शायर सोचता होगा**

## मोदी के नेतृत्व में सर्व शक्तिमान बना भारत : गौड़

### रैली को लेकर विधायक नयनपाल ने कार्यकर्ताओं की ली बैठक, सौंपी जिम्मेवारियां

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**18 अप्रैल** को पृथला विधानसभा क्षेत्र में गदपुरी टोल के समीप ग्राउंड में आयोजित होने वाली विजय संकल्प रैली को लेकर तैयारियां तेजी से शुरू हो गई। मंगलवार को विधायक नयनपाल रावत ने अपने चंदावली स्थित कार्यालय पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं व मौजिज लोगों की बैठक ली और रैली को लेकर उन्हें जिम्मेवारियां सौंपी। बैठक में मुख्य रूप से फरीदाबाद भाजपा लोकसभा संयोजक अजय गौड़ मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए अजय गौड़ ने कहा कि आज पूरे देश में मोदी की लहर चल रही है, हर कोई एनडीए के 400 पार के आंकड़े को सार्थक करने के प्रयास में जुट गया है। उन्होंने कहा कि दस सालों में जो प्रधानमंत्री मोदी ने इस देश को दिया है, वह पिछले 70 सालों में कभी नहीं मिला। आज पूरा विश्व भारत को सर्व शक्तिमान मान चुका है। श्री गौड़ ने कहा कि बुधवार को रामनवमी है और 500 साल बाद अयोध्या में रामलला की स्थापना के बाद यह पहली रामनवमी है। जिसको लेकर पूरे देश में उत्सव का माहौल होगा, क्योंकि राममंदिर निर्माण का श्रेय भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही जाता है। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि भाजपा सरकार के पिछले साढ़े चार सालों में पृथला क्षेत्र में विकास का पहिया जोरों पर चला है, लोगों को हरसंभव बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि पृथला क्षेत्र में आयोजित मुख्यमंत्री की रैली ऐतिहासिक होगी और इस रैली को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। रैली में समूचे पृथला क्षेत्र के 104 गांवों से पंच-सरपंच और हजारों की संख्या में लोग शामिल होकर भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को दस लाख से बड़ी जीत दिलवाने के लिए एक साथ हुंकार भरेंगे। उन्होंने कहा कि रैली में लोगों के आने-जाने, बैठने और पानी इत्यादि की भी व्यवस्था सुचारू रूप से रखी गई है, इसके अलावा वालंटियर जगह-जगह व्यवस्था बनाने में जुटे रहेंगे। बैठक में ब्लाक समिति अध्यक्ष चंद्रपाल, सरोज सैनी सरपंच, नीरज तंवर सरपंच, अजय डागर सरपंच, तुलाराम सरपंच, विष्णु सरपंच, विवेक सैनी सरपंच, गुल्लू सरपंच, अनिल रावत सरपंच, गजेंद्र रावत सरपंच, संजय रावत सरपंच, धर्मवीर सरपंच, रामनिवास नागर, विकल कपासिया, रामकुमार सरपंच, जयप्रकाश वत्स सरपंच, रवि सरपंच, सोमेश ब्लॉक मेंबर, बलदेव तेवतिया, नंदकिशोर पूर्व सरपंच, दया तंवर ब्लॉक मेंबर, राजू पूर्व सरपंच, बिजेंद्र पूर्व सरपंच सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा सपना पुत्री पप्पू सिंह निवासी बालाजी कॉलोनी, गांव करनेरा, बल्लभगढ़, फरीदाबाद दिनांक 15.04.2024 को सुबह बिना किसी को बताये अपनी मर्जी से कहीं चली गई है, जो अभी तक वापिस नहीं आई है, जिसका हुलिया रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर, कद 5 फुट 5 इंच बा उम्र 20 साल है, मुकदमा नम्बर 332 दिनांक 15.04.2024 धारा 346 भा.द.स. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़की के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**पुलिस कन्ट्रोल रूम : 9999150000**
**प्रबन्धक थाना सेक्टर 58, फरीदाबाद : 9582200129**
**पुलिस चौकी इन्चार्ज सिकरोना : 9582200159**
**अनुसन्धानकर्ता : 9416513564**

# अन्य पार्टियों को चुनाव के लिए नहीं मिल रहे उम्मीदवार : दीपक मंगला

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज पलवल में जनसभा को करेंगे संबोधित

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**लोकसभा** चुनाव में भाजपा जोर शोर से जुटी हुई है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री नायब सैनी फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में 17 अप्रैल को पलवल विधानसभा में एक रैली को संबोधित करेंगे। यह जानकारी पलवल से विधायक व रैली संयोजक दीपक मंगला ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि रामनवमी 17 अप्रैल के दिन नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पलवल में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके साथ भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर और भाजपा के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम स्थल के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने



बताया कि हुड्डा चौक से पहले पप्पन प्लाजा के पीछे स्थित खुले मैदान में इस रैली का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता और पलवल की जनता मुख्यमंत्री का स्वागत ऐतिहासिक रूप से करने जा रहे हैं। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं ने अपनी जिम्मेदारी संभाली है और यह रैली पलवल विधानसभा में अभी तक हुई सभी रैलियों का रिकॉर्ड तोड़ देगी।

उन्होंने मोदी के कार्यकाल के विषय में बात करते हुए कहा कि भारत की जनता मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। मोदी व मनोहर के नेतृत्व में आम जनता के हित के लिए अंत्योदय की भावना से ऐतिहासिक विकास कार्य किए गए हैं, जिसकी बदले में भारत की जनता मोदी के नेतृत्व में भाजपा को पूर्ण बहुमत देने का मन बना चुकी है। आज दूसरी पार्टियों का हाल देखिए कि उन्हें चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं। इस अवसर पर उनके साथ जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, महामंत्री वीरपाल दीक्षित, सचिन बैंसला, हरेंद्र पाल राणा, पूर्व मंत्री सुभाष कत्याल, पूर्व जिला अध्यक्ष गिरिराज डागर, भगत सिंह घुघेरा, यशपाल मावई, राजेंद्र बैंसला, आजाद पाठक, इंद्र दलाल, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंगला, जोगेंद्र देशवाल आदि उपस्थित रहे।

# नियमों की धज्जियां उड़ाकर बच्चों को ठूंसकर ले जा रहे वैन चालक

## कई स्कूलों में नहीं दी गई है ट्रांसपोर्ट की सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फरीदाबाद** क्षेत्र में भी नौनिहाल जान-जोखिम में डालकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। जिले के कई स्कूलों में ट्रांसपोर्ट सुविधा ही नहीं दी गई है। ऐसे में अभिभावक अपने जिगर के टुकड़ों को अवैध रूप से चल रही वैन संचालकों के भरोसे छोड़े हुए हैं। पायनियर टीम ने पड़ताल की तो पता चला कि इनमें से कई वैन बिना व्यावसायिक पंजीकरण और मानकों के चल रही हैं। पड़ताल में देखा गया कि वैन संचालक क्षमता से अधिक करीब 14 से 16 बच्चों को भरकर ले जाती हैं। हादसा होने पर यह ट्रैफिक पुलिस और स्कूल वैन संचालकों पर दोष देकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं।

जिले के कुछ निजी स्कूल बसों के चालकों ने महेंद्रगढ़ हादसे से सीख नहीं ली है। दोपहर को भी स्कूल की छुट्टी के बाद सुरक्षा नियमों का पालन नहीं किया गया। वैन संचालक इसे लेकर गंभीर नहीं दिखे। निजी स्कूलों की बसें उपलब्ध न होने पर अवैध रूप से वैन चल रही हैं। ऐसे में अभिभावक वैन से बच्चों को स्कूल भेजने के लिए मजबूर हैं। स्कूली वैन में भी बच्चों के साथ लापरवाही दिखी। एनआईटी पांच, सेक्टर-7, नहर पार कई स्कूलों में निजी वैन संचालक धड़ल्ले से नियमों की धज्जियां उड़ाकर बच्चों को ले जा रहे हैं। वैन में जहां आठ से 10 बच्चों के बैठने की क्षमता होती है, वहां इनमें 14 से 16 बच्चे बैठे हुए थे। उसपर वैन चालकों का जवाब ये है कि जब अभिभावकों को कोई आपत्ति नहीं है तो आप क्यूं सवाल उठा रहे हो।

**अधिकतर** वैन चालकों ने रोड ट्रांसपोर्ट प्राधिकरण के मानकों की जमकर धज्जियां उड़ा रखी हैं। सीटें फुल हुई तो दोनों सीटों के बीच में बेंच लगा दी जाती है। बच्चों को ठूंसकर भरा जाता है। आठ सीटर वैन में 16-16 बच्चे भरे जाते हैं। इसके अलावा 15 साल से पुराने वाहन भी बिना जांच के दौड़ रहे हैं। हैरानी की बात है कि परिजन बच्चों को अच्छे स्कूल में दाखिला दिलाते हैं और भारी भरकम फीस भी भरते हैं पर बच्चों को स्कूल पहुंचाने के लिए सुरक्षा से समझौता कर लेते हैं। अभिभावकों को जागरूक होना पड़ेगा।

**नहीं है अग्निशामक यंत्र**

अधिकतर वैन में सीएनजी लगी हुई है, इसके बावजूद वैन में अग्निशमन यंत्र तक नहीं हैं। दुर्घटना होने पर फौरन इलाज के लिए प्राथमिक उपचार तक की सुविधा नहीं। ज्यादातर वैन और ऑटो वाले बगैर वर्दी के ही अपने वाहन को दौड़ाते रहते हैं। कई बार जांच के दौरान वैन चालकों के पास वाहन चलाने का लाइसेंस भी नहीं मिलता है।



कनीना हादसे का छठा दिन

**निजी उपयोग वाली वैन का स्कूल के बच्चे लाने के लिए उपयोग**

शहर में कुछ स्कूलों ने अपना ट्रांसपोर्ट नहीं चलाया है। ऐसे में अभिभावक निजी वैन संचालकों के भरोसे अपने बच्चों को भेजते हैं। इनमें से अधिकतर वैन का व्यावसायिक पंजीकरण नहीं है। साथ ही न तो पीले रंग की पट्टी वैन में होती है और न ही स्कूल वैन लिखा मिलता है। इस बारे में जिला शिक्षा अधिकारी आशा दहिया का कहना है कि विभागीय स्तर पर वैन पर अंकुश नहीं लगाया जा सकता। इसके लिए परिवहन विभाग के साथ मिलकर कोई रणनीति तैयार करनी होगी।

# विद्यार्थियों को सुरक्षित आवागमन कराना प्रशासन की प्राथमिकता : आरटीए सचिव

## क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण सचिव शशि वसुंधरा ने सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के सदस्यों के साथ की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**जिला** पलवल क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण सचिव शशि वसुंधरा ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। आरटीए सचिव जिला सचिवालय के सभागार में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर जिला की विभिन्न प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान व सदस्यों के साथ बैठक कर रही थी।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है। जिला प्रशासन विद्यार्थियों की सुरक्षा के साथ किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सुरक्षित आवागमन की जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन की है और स्कूल संचालकों को छात्रों की सुरक्षा के लिए तय नियमों की पालना हर हाल में करनी होगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि स्कूलों में बच्चों के लिए ईको वाहनों को किसी भी हाल में नहीं चलाया जाए। ऐसे वाहन चालक नियमों की अवहेलना करते हुए बच्चों को अधिक संख्या में बैठाकर चलते हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा कि सिर्फ कमर्शियल ईको वाहन ही चलाए जाएं, जिनमें चालक समेत छह से ज्यादा सवार नहीं होने चाहिए। उन्होंने बताया कि पलवल जिला एनसीआर में आता है, इसलिए सर्वोच्च न्यायालय की हिदायतों के अनुसार दस साल से पुराने डीजल चलित वाहन और 15 साल से पुराने पेट्रोल चलित वाहनों पर पूर्णतया रोक है। उन्होंने सख्त हिदातय देते हुए कहा कि कोई भी स्कूल संचालक ऐसे वाहनों का प्रयोग न करें।

उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन का दायित्व बनता है कि वह बच्चों के आवागमन के लिए बेहतर वाहन रखें और बेहतर चालक व परिचालक भी नियुक्त करें। इसके साथ-साथ सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी का पूर्णतय पालन करवाएं। आरटीए सचिव ने बताया कि जिले के प्राइवेट स्कूलों के वाहनों के चालक व परिचालकों की जिला प्रशासन की तरफ से शिविर लगाकर मेडिकल जांच करवाई जाएगी। इस दौरान विभिन्न प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन सदस्यों ने भी अपने-अपने सुझाव रखे।

## मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा

**पलवल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव सात चरणों में करवाने की घोषणा के साथ ही आचार सहिंता भी लागू हो चुकी है। हरियाणा प्रदेश में सभी लोकसभा सीटों के लिए मतदान आगामी 25 मई को करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किसी व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य प्रतिष्ठान में कार्यरत और लोक सभा के चुनाव में मतदान करने के हकदार प्रत्येक व्यक्ति को मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार किसी नागरिक को मतदान के अधिकार का प्रयोग करने से वंचित नहीं किया जा सकता है, जो देश के चुनावी लोकतंत्र के लिए अभिन्न अंग है। इस प्रकार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951, (आरपी अधिनियम) के अनुसार प्रत्येक उद्यमी को उस संबंधित क्षेत्र में मतदान के दिन छुट्टी घोषित करनी होगी, जहां मतदान हो रहा है।

# डीपीएस में करोगे योग तो रहोगे निरोग कार्यक्रम का आयोजन



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**दिल्ली** पब्लिक स्कूल न्यू कॉलोनी पलवल में बच्चों को योगाभ्यास का प्रशिक्षण देने के लिए छोटा-सा प्रयास किया गया। इस अवसर पर योगाचार्य गुरुमेश सिंह आर्य उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को योग के द्वारा होने वाले लाभों के बारे में बताया। साथ ही एक विद्यार्थी के जीवन में योग के महत्व को योग के विभिन्न आसनों द्वारा समझाया व बताया कि योग के आसन मांसपेशियों में लचीलापन लाने में सुधार तो करते ही हैं, साथ ही हमारे पाचन तंत्र, अस्थमा, मधुमेह व त्वचा से संबंधी समस्याओं से भी हमें मुक्ति दिलाने में सहायक होते हैं। योगाभ्यास प्रक्रिया में विद्यालय के छात्रों सहित उप प्रधानाचार्या नीलम सांधा, मुख्य अध्यापिका मीनू मक्कड़ व अध्यापिकाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर विद्यालय की चेयरपर्सन रानी लाल भी उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों को निरंतर योग करने की प्रेरणा दी व योगाचार्य गुरुमेश आर्य का साभार धन्यवाद प्रकट किया। विद्यालय की उप प्रधानाचार्य नीलम सांधा ने भी बच्चों को योगाचार्य गुरुमेश आर्य द्वारा बताए गए योगासनों का अपनी जीवन शैली में निरंतर अभ्यास करने की प्रेरणा दी।

## सीएनजी नहीं डाली, पेट्रोल पंप पर लगा दी आग

**फरीदाबाद।** गलत दिशा से आए ऑटो में सीएनजी नहीं डालने पर ऑटो चालक ने पेट्रोल पंप पर ही आग लगा दी। पंप पर लगे सीसीटीवी में सारी घटना कैद हो गई। मामला सेक्टर-88 स्थित पेट्रोल पंप का है। यहां सीएनजी और पेट्रोल पंप एक साथ बने हुए हैं।

यहां एक ऑटो चालक गलत दिशा से आया और सीएनजी भरवाने की जिद करने लगा। कर्मचारी ने उसे लाइन से आने को कहा। इसपर चालक भड़क गया और ऑटो दूर खड़ा कर वापस आया। ऑटो चालक ने पेट्रोल पंप पर एक नोजल को जमीन पर रखा और माचिस से आग लगा दी। गनीमत रही कि पंप पर काम कर रहे कर्मचारी ने समय रहते ही आग पर काबू पा लिया। कर्मचारियों ने ऑटो चालक का पीछा किया, लेकिन वह फरार हो गया।

# विकसित भारत का रोडमैप है भाजपा का संकल्प पत्र : कृष्णपाल

## पिछले 10 वर्षों में देश ने विकास के नए आयामों को छुआ है

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भाजपा** का संकल्प पत्र मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित है और अगले 25 साल यानि ढाई दशक के विकास का रोडमैप दिखाता है। संकल्प पत्र युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब और किसान, इन सभी वर्गों को सशक्त करता है। मोदी ने जो कहा, वह किया, भाजपा का संकल्प पत्र यह दर्शाता है। भाजपा के संकल्प पत्र का हर वादा, मोदी की गारंटी है ।

कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने अपना संकल्प पत्र मोदी जी की गारंटी 2024 देश की जनता के सामने पेश किया, जो विकसित भारत का रोडमैप है। संकल्प पत्र में विकसित भारत की पूर्ण तस्वीर दिखाई देती है, जिसके लिए मोदी सरकार पिछले 10 साल से लगातार काम कर रही है। मोदी भाजपा के संकल्प पत्र के आधार पर देश का विकास करने का कार्य रहे हैं और उसका परिणाम भी आप सब देख रहे हैं। मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश ने विकास के नए आयामों को छुआ है। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने भाजपा कार्यालय अटल कमल पर प्रेस वार्ता कर भाजपा के संकल्प पत्र का स्वागत करते हुए यह कहा।

प्रेस वार्ता में हरियाणा के उद्योग मंत्री मूलचंद शर्मा, शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, विधायक राजेश नागर, नरेंद्र गुप्ता, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सचिव एवं लोकसभा संयोजक अजय



गौड़, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, जिला महामंत्री सुरेंद्र जांगड़ा, मनोज वशिष्ठ, पूर्व जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, सह प्रभारी राज मदान, आभास अग्रवाल उपस्थित रहे।

कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा का यह संकल्प पत्र 2047 के विकसित भारत की कल्पना करता है। मोदी का हर वादा, मोदी की गारंटी है। जनता को मोदी की गारंटी पर पूर्ण विश्वास है और निश्चय ही भाजपा को 400 पर लेकर जायेगा। उन्होंने कहा कि देश का युवा भ्रष्टाचार का अंत देखना चाहता है, ताकि उसे उसकी योग्यता के आधार पर रोजगार मिले। हमने पिछले 10 साल भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग लड़ी है और हमारी भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग जारी रहेगी। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि मोदी के नेशन फर्स्ट संकल्प के कारण ही भारत 11 नंबर से पांच नंबर की दुनिया की आर्थिक ताकत बना है। भारतीय जनता पार्टी ने पहले जनसंघ का जो संकल्प था-वैचारिक संकल्प, उसको भी पिछले 10 सालों में पूरा करने का प्रयास किया है। इस संकल्प पत्र में पूरे 10 साल में जो काम हुए हैं, उनकी भी चर्चा है और जो आगामी रोडमैप है, उसका भी इसमें वर्णन है। हमारा वैचारिक संकल्प था आर्टिकल 370 को कश्मीर से हटाएंगे, उसको पूरा किया है, दूसरा वैचारिक संकल्प था कि हम नागरिक संहिता कानून लेकर आएंगे, उसको भी पूरा किया है। तीसरा वैचारिक संकल्प था, राम मंदिर के मार्ग को प्रशस्त करेंगे। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राम मंदिर के मार्ग को भी प्रशस्त किया और राम मंदिर बनकर तैयार हुआ, जिसमें श्री रामलला जी विराजमान हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## टैगोर पब्लिक स्कूल में मनाया बैसाखी का पर्व



**पलवल।** सेक्टर-2 स्थित टैगोर पब्लिक स्कूल में बैसाखी का त्योहार धूम-धाम के साथ मनाया गया। हमारी संस्कृति हमारी पहचान है और हमारे त्योहार इसकी जान हैं। टैगोर पब्लिक स्कूल इस बात को बखूबी जानता है। बैसाखी के अवसर पर एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम कक्षा चौथी के छात्रों ने आई बैसाखी गाने द्वारा समां बांध दिया। हर तरफ हर्षोल्लास का महौल था। इसके पश्चात कक्षा दूसरी के छात्रों ने शानदार गिद्दा प्रदर्शित किया। नन्हे बच्चों का तालमेल देखते ही बनता था। कक्षा पांचवीं के छात्र और छात्राओं ने भांगड़ा प्रदर्शित कर दर्शकों का मन मोह लिया। छात्रों का बेहतरीन प्रदर्शन देख वहां उपस्थित अध्यापकगण खुशी से झूम उठे। स्कूल की एकेडमिक निदेशिका मनोरमा अरोड़ा ने बच्चों की इस शानदार प्रस्तुति की सराहना की और उनको शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्या कपिला इंदु ने बच्चों को बैसाखी की शुभकामनाएं दीं और अपने आशीर्वचनों से उनको प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मीनाक्षी जेटली ने छात्रों को बैसाखी का महत्व बताते हुए श्री गुरु गोविंद सिंह की प्रेरणादायक कहानी सुनाई। कार्यक्रम के समापन पर छाबड़ा व अन्य अध्यापिकाओं ने ढोल की थाप पर नृत्य किया। पूरा वातावरण उल्लास से भर गया।

## रामचरितमानस की चौपाइयों से गूंजा जीवा का प्रांगण



**फरीदाबाद।** सेक्टर-21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में प्रार्थना सभा के दौरान नवरात्रि के उपलक्ष्य पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जीवा पब्लिक स्कूल की यह विशेषता है कि यहां प्रत्येक त्योहार पारंपरिक तरीके से मनाया जाता है और इसके लिए विशेष प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम के माध्यम से त्योहार की सभी महत्वपूर्ण जानकारियां बच्चों को दी जाती हैं। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को अपनी संस्कृति एवं सभ्यता से अवगत कराना है। प्रार्थना सभा भी बहुत विशेष रही, जिसमें श्री रामचंद्र जी के जीवन एवं उनके आदर्श गुणों का वर्णन किया गया। विद्यालय में प्रतिदिन की शुरुआत एक सुविचार से की जाती है, इसलिए सर्वप्रथम छात्रों ने सुविचार प्रकट किए। तदुपरांत छात्रों ने रामचरितमानस की चौपाई प्रस्तुत की। लघु नाटिका के माध्यम से छात्रों ने श्री रामचंद्र जी के जीवन की विशेषता भी बताई। बच्चों ने अपने उत्कृष्ट अभिनय के माध्यम से बताया कि श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। इस प्रस्तुति से छात्रों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र उपस्थित रहे। सबने एक साथ मिलकर श्री रामचंद्र जी के सिद्धांतों को जाना। प्राइमरी कक्षा के छात्रों ने भी रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। भजन व चौपाई की प्रस्तुति के साथ विद्यालय का प्रांगण भक्तिभाव से विभोर हो उठा। किंडरगार्टन के नन्हे मुन्ने छात्रों ने भी श्री राम का जय जयकार किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान जी ने सभी को शुभकामनाएं दीं एवं बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें श्री रामचंद्र जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए एवं उनके आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए। इसके साथ साथ विद्यालय की उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान एवं एकेडमिक एंड एक्सिलेंस हेड मुक्ता सचदेव ने सभी को अपनी शुभकामनाएं दीं।

## अग्रवाल कॉलेज में हुआ अग्निशमन सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन



**फरीदाबाद।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के प्रांगण में जिला प्रशासन फरीदाबाद द्वारा अग्रवाल महाविद्यालय के आपदा प्रबंधन क्लब के सहयोग से अग्नि सुरक्षा जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस तरह की कार्यशालाओं के आयोजन के पीछे अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान देवेंद्र गुप्ता का लक्ष्य यह है कि हमारा विद्यार्थी किसी का जीवन बचाकर किसी के परिवार को बर्बाद होने से बचाकर समाज कल्याण में अपनी भूमिका दर्ज कर सके व पुण्य कमा सकें। इस कार्यशाला के सफल आयोजन का श्रेय कॉलेज के महासचिव दिनेश गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन को जाता है। एडिशनल रीजनल फायर ऑफिसर सत्यवान समरीवाल ने आग के प्रकारों का विवरण दिया व कहा आग जीवन का अभिन्न हिस्सा है, लेकिन यह कभी कभी जीवन के लिए विनाशकारी भी साबित हो सकती है। उन्होंने अग्नि व अन्य सभी प्रकार की समस्याओं के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 के बारे में सभी को बताया। उन्होंने कहा कि अग्नि शमन सप्ताह जो 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया जाता है, के द्वारा लोगों को जागरूक करके हम 1944 में इंग्लैंड के विक्टोरिया डॉकयार्ड पर शहीद हुए 66 अग्नि शमन दल के कर्मियों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। रिटायर्ड फायर सेफ्टी ऑफिसर जगदीश चंद्र गिल ने कहा की अग्निशमन की जानकारी व थोड़ी सी सूझबूझ से बड़े- बड़े हादसों को टाला जा सकता है। रमन अत्री फायर सेफ्टी इंचार्ज बल्लभगढ़ ने कहा कि आग लगने पर हमें घबराना नहीं है और ठंडे दिमाग से सोचकर सही निर्णय लेना होता है। कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि आग के भय से घबराकर हड़बड़ी में ही हम जान और माल की हानि कर लेते हैं, जबकि थोड़ी सी सूझबूझ व शांत दिमाग से कार्य करके हम अपने व अपनों के जीवन को बचाया सकते है। जिला अग्नि शमन टीम के मेंबर्स ने कार्यशला के अंत में सभी को आग बुझाने के तरीकों का प्रेक्टिकल भी करके दिखाया। कार्यशाला के कोऑर्डिनेटर डॉ. जयपाल सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन में कहा कि हमें चंद पैसे बचाने के चक्कर में सस्ती वायर और स्विच नहीं खरीदने चाहिएं, क्योंकि ये जल्दी आग पकड़ लेते हैं और दुघर्टना का कारण बनते हैं। इसलिए हमें हमेशा आईएसआई वायर व स्विच का ही प्रयोग करना चाहिए। कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए टीम के सदस्यों डॉ. सारिका, डॉ. शोभना गोयल, डॉ. देवेंद्र, डॉ. पूजा सैनी, पूजा, सुभाष, लवकेश और सौरभ गुप्ता का धन्यवाद भी किया।

## मार्च के लिए आबंटित सरसों तेल के वितरण की बढाई तिथि



**पलवल।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग हरियाणा निदेशालय द्वारा मार्च के लिए आबंटित सरसों तेल के वितरण की अवधि आगामी 30 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। इस बारे में जानकारी देते हुए जिला खाद्य नागरिक एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक सीमा शर्मा ने बताया कि जो लाभार्थी मार्च के लिए आंबटित सरसों तेल प्राप्त करने से वंचित रह गए हैं, वह अपने नजदीकी डिपोधारक से 30 अप्रैल तक मार्च महीने का सरसों तेल प्राप्त कर सकते हैं। निदेशालय के निर्देशानुसार वर्तमान में सभी बीपीएल व एएवाई राशन कार्डधारकों को दो लीटर सरसों का तेल प्रति कार्ड 20 रुपये प्रति लीटर के हिसाब से वितरण किया जा रहा है। जिला के नागरिक इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी पलवल के दूरभाष नंबर-7982037233, उप-निरीक्षक खाद्य एवं पूर्ति होडल के दूरभाष नंबर-9812830139 तथा उप-निरीक्षक खाद्य एवं पूर्ति हथीन के दूरभाष नंबर-9518450421 पर संपर्क कर सकते हैं।

# नागरिक अस्पताल में समय बदलने के पहले ही दिन देरी से पहुंचे कई डॉक्टर

### डॉक्टर्स के कमरों के बाहर इंतजार करते रहे मरीज

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मंगलवार** से यहां नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में ओपीडी के समय में बदलाव हो गया। समय में बदलाव होने के पहले ही दिन यहां कई ओपीडी में डॉक्टर देरी से पहुंचे। हालांकि मरीज सुबह से ही उनके कमरों के बाहर आकर बैठे थे। ओपीडी के बाहर ड्यूटी देने वाले स्टाफ कर्मचारी मरीजों के बार-बार पूछने पर यही कहते रहे कि डॉक्टर साहब आने ही वाले हैं।

शीतकालीन सत्र समाप्त होने के बाद ग्रीष्मकालीन सत्र शुरू हो गया।

सबसे पहले हम नीचे के तल पर ही हड्डी रोग विभाग की ओपीडी में जाकर देखा। ओपीडी कक्ष के सामने कई मरीज बैठे थे, लेकिन अंदर कोई डॉक्टर नहीं था।

ओपीडी के बाहर भी कोई कर्मचारी नहीं मिला, जो यह बता सके कि डॉक्टर कब तक आएंगे। करीब सवा 8 बजे तक इस ओपीडी में डॉक्टर नहीं आए थे। इसके बाद हमने ईएनटी विभाग में जाकर देखा तो वहां पर भी सवा 8 बजे तक कोई डॉक्टर नहीं पहुंचे थे। ओपीडी के मरीज डॉक्टर का इंतजार कर रहे थे। ऐसा ही हाल पहली मंजिल पर स्किन ओपीडी का था। वहां पर भी



अस्पताल में स्किन ओपीडी में डॉक्टर का इंतजार करते मरीज।



समय में बदलाव के बाद समय पर डॉक्टर नहीं आने से खाली पड़ा हड्डी विभाग व नेत्र रोग विभाग।

मरीज बेंच पर बैठे डॉक्टर का इंतजार कर रहे थे। सुबह 08:21 बजे तक डॉक्टर ओपीडी में नहीं पहुंचे थे। इसके बाद एक जूनियर डॉक्टर वहां पहुंचे। उनसे डॉक्टर के बारे में पूछा गया तो बताया कि अभी आने वाले हैं। ओपीडी का समय भले ही 8 बजे का हो गया हो, लेकिन कई डॉक्टर अपने हिसाब से, अपनी मर्जी से ही ओपीडी में पहुंच रहे थे। यह हाल तो तब है, जब सिविल सर्जन इन दिनों अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर ज्यादा सक्रिय हैं। वे किसी भी समय अस्पताल में राउंड पर पहुंच जाते हैं। डॉक्टर व अन्य स्टाफ को हिदायतें भी देकर जाते हैं। लगता है कुछ डॉक्टर सिविल सर्जन के निर्देशों को भी नहीं मानना चाहते। इसलिए वे अपनी मर्जी से ड्यूटी कर रहे हैं।

**समय पर पहुंचते हैं डा. बीके राजौरा व कई अन्य डॉक्टर**

पूर्व सिविल सर्जन डा. बीके राजौरा सेवानिवृति के बाद भी यहां कार्यरत हैं। बकायदा वे ओपीडी में मरीजों को देखते हैं। वे पहले भी समय से ही ओपीडी में पहुंचते थे। मंगलवार को भी वे ठीक 8 बजे अस्पताल में प्रवेश कर गए थे। इनके अलावा भी कई ओपीडी में डॉक्टर नये समय 8 बजे ही पहुंच गए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### हरेरा गुरुग्राम कोर्ट ने वाटिका बिल्डर को लगाया जुर्माना

**गुरुग्राम।** हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (हरेरा) अदालत ने रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम 2016 की धारा 13 के तहत बिल्डर खरीदार समझौते के प्रावधानों का उल्लंघन करने के लिए रियल एस्टेट प्रमोटर वाटिका लिमिटेड को जुर्माना लगाया। श्री एसके अरोड़ा द्वारा पारित रेरा कोर्ट के इस आदेश से पांच शिकायतकर्ताओं को बड़ी राहत मिली है। आदेश में कहा गया है कि प्राधिकरण वाटिका लिमिटेड द्वारा अधिनियम 2016 की धारा 13 के उल्लंघन को स्थापित करता है। धारा 61 के तहत 1,00,000 रुपये का जुर्माना लगाता है। इसके अलावा प्रमोटर को पंजीकृत खरीदार के समझौते को निष्पादित करने का निर्देश देता है। आदेश में यह भी कहा गया है कि 30 दिनों के भीतर वाटिका रियल एस्टेट विनियमन और विकास नियम 2017 में प्रदान किये गए मॉडल समझौता पर अमल करे, ऐसा न करने पर प्राधिकरण धारा 63 के तहत दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगा। बता दें कि धारा 13 में कहा गया है कि एक प्रमोटर किसी अपार्टमेंट, प्लॉट या भवन की कुल लागत का 10 प्रतिशत से अधिक राशि स्वीकार नहीं करेगा बिना लिखित समझौते में प्रवेश किए। आदेश में कहा गया है कि वाटिका लिमिटेड ने अदालत के 23 फरवरी 2024 के आदेश का पालन नहीं किया, जिसके लिए अदालत वाटिका लिमिटेड को अधिनियम 2016 की धारा 63 के तहत 25000 रुपये का जुर्माना लगाता है।

### गुरुग्राम में लोकसभा चुनाव की तैयारियां पूर्ण : यादव

**गुरुग्राम।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने कहा कि गुरुग्राम जिला में लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। नए मतदाताओं के ईपीआईसी वोटर कार्ड छप कर आ चुके हैं। अब नए वोटरों के ईपीआईसी कार्ड छापने के लिए जल्दी ही सचिवालय परिसर के एक अलग कमरे में मशीन लगवाई जाएगी। यह जानकारी उन्होंने हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल के साथ वीडियो कांफ्रेंस में आयोजित बैठक में दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि गुरुग्राम जिला में लंबित फार्म 6 और फार्म 8 का जल्द निपटान कर दिया जाएगा। इसके लिए सहायक निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किए गए क्यू मैनेजमेंट एप की ट्रेनिंग 29 और 30 अप्रैल को करवाई जाएगी। बादशाहपुर के बीएलओ की ट्रेनिंग 29 अप्रैल को तथा पटौदी और गुरुग्राम विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ की ट्रेनिंग 30 अप्रैल को होगी। इस एप के जरिए मतदाता यह जान सकता है कि पोलिंग बूथ पर अभी कितने लोगों की कतार लगी हुई है। इसके लिए तीनों विधानसभा क्षेत्रों के बूथ की मैपिंग भी करवाई जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए रैंडमाइजेशन के बारे में भी आवश्यक जानकारी दी। डीसी ने बताया कि पोस्टल बैलेट पेपर की गणना के लिए राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 के लाइब्रेरी हाल में अलग से मतगणना केंद्र बनाया जाएगा। यहां कर्मचारियों की ओर से भेजे जाने वाले सभी डाक मतपत्र, 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों तथा दिव्यांग मतदाताओं के मतों की गणना की जाएगी। इसकी जिम्मेदारी एडिशनल लेबर कमिश्नर कुशल कटारिया को दी गई है। इसके अलावा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से पोस्टल बैलेट पेपर लाने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। उन्होंने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को बताया कि जिला में स्वीप अभियान सुचारू रूप से चलाया जा रहा है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। वीडियो कांफ्रेंस में मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने निर्देश दिए कि प्रत्येक जिला में निर्वाचन विभाग की ओर से अतिरिक्त सुरक्षा बल के जवान व अधिकारी भेजे जाएंगे। उनके ठहरने तथा आवागमन के साधन का पुख्ता प्रबंध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर एक जिला का एक कम्यूनिकेशन प्लान बनाया जाएगा। इसका फोर्मेट जल्दी ही जिला के डीआईओ को भिजवाया जाएगा। कम्यूनिकेशन प्लान का उद्देश्य चुनाव में नियुक्त प्रत्येक अधिकारी का आपस में तालमेल स्थापित करना है।

### खेडक़ीदौला टोल पर आपात लेन व्यवस्थित नहीं रखी तो जुर्माना




**गुरुग्राम।** वित्त वर्ष 2023-24 की अवधि में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक में सडक़ सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर लिए गए निर्णयों का धरातल पर व्यापक प्रभाव हुआ है। इस पूरी अवधि में आईएमटी मानेसर चौक, पंचगांव चौक, इफ्को चौक, रामपुरा चौक सहित वाटिका चौक पर सडक़ दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। वहीं खुशबू चौक पर पूरे साल भर में कोई भी अप्रिय घटना नही हुई है। यह जानकारी मंगलवार को डीसी निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित सडक़ सुरक्षा समिति की मासिक बैठक में सांझा की गई। लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में हुई इस मासिक बैठक में वित्त वर्ष 2024-25 के सडक़ सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं को भी शामिल किया गया। डीसी ने बैठक में मौजूद एनएचएआई के अधिकारियों व खेडक़ी टोल के कन्सेशनर से आपात लेन को व्यवस्थित व जाम से मुक्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसा संज्ञान में आया है कि टोलकर्मियों की लापरवाही के चलते अधिकतर वाहन आपात लेन का इस्तेमाल कर रहे हैं। जिससे हर वक्त वहां जाम की स्थिति रहती है। डीसी ने स्पष्ट किया कि टोलसेवा प्रदाता कंपनी अपनी कार्यशैली में सुधार करे अन्यथा भविष्य में उस पर नियमानुसार पैनल्टी भी लगाई जाएगी। बैठक में ला लैगून चौक पर होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के विषय पर भी सार्थक चर्चा हुई। डीसी ने बैठक में कृष्णा चौक पर सडक़ के बीचों बीच खड़े बिजली के पोल का ना हटाए जाने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि तय समय में इस पोल को वहां से हटाया जाए।

# गुरुग्राम के नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में लगी आग, बच्चों की ड्रेस जलीं

### सुबह करीब 9 बजे एक कमरे में लगी थी आग

### गनीमत रही कि अष्टमी के चलते स्कूल में बच्चे और स्टाफ देर से पहुंचे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में लगी आग।



ई-टेक्नो स्कूल में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी।

**यहां** सेक्टर-37सी स्थित नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में मंगलवार की सुबह आग लग गई। आग से एक कमरे में रखी बच्चों की करीब 500 सेट ड्रेस जलकर राख हो गई। साथ ही 3 कम्प्यूटर व 2 एसी भी आग की भेंट चढ़ गए। गनीमत यह रही कि अष्टमी के चलते स्कूल में बच्चे देरी से पहुंचे। अगर बच्चे सुबह पहुंचे होते तो बड़ी अप्रिय घटना हो सकती थी। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार ई-टेक्नो नारायणा स्कूल में मंगलवार की सुबह करीब पौने 9 बजे आग लग गई। आग स्कूल के उस कमरे में लगी, जहां पर बच्चों की करीब 500 नई ड्रेस रखी गई थी। काफी संख्या में कपड़े से बनीं ड्रेस रखी होने के कारण आग तुरंत ही फैल गई। देखते ही देखते आग ने विकाराल रूप धारण कर लिया। दमकल विभाग को 08:57 बजे घटना की सूचना दी गई। दो मिनट के भीतर गाडियां स्कूल के लिए रवाना हुई।

सुबह 09:06 बजे दमकल विभाग की गाड़ी आग बुझाने स्कूल में पहुंच गई। आग को फैलने से रोकने के लिए पानी की बौछारें डालनी शुरू की। करीब 15 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। आग पूरी तरह से बुझाने के बाद ही गाडियों स्कूल से रवाना हुईं। यह आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। बच्चों की ड्रेस वहां रखी थी, इसलिए आग अधिक फैल गई। स्कूल प्रबंधन की ओर से दमकल विभाग का समय पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के लिए आभार जताया गया है।

# अष्टमी पर घर-घर में हुआ कंजिका पूजन, श्रद्धा के साथ कराया भोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मां** दुर्गा के 8वें नवरात्रे पर मंगलवार को श्रद्धालु मां दुर्गा के 8वें स्वरुप मां महागौरी की पूजा अर्चना की। पूजा-अर्चना के बाद काफी घरों में अपने व्रतों का समापन भी कंजिकाओं को भोजन कराया गया।

अष्टमी की घरों में पहले से ही तैयारियां की जा रही थी। अष्टमी पर सुबह घरों में मां महागौरी की पूजा विधि-विधान से की गई। शहरी क्षेत्रों कंजिकाओं की भी कमी नजर आई। दूर-दूर से कंजिकाओं को तलाशकर करके लाया गया। पहले की तरह रेड लाइट व अन्य क्षेत्रों में घुमंतू परिवारों की बच्चियों को भी लोगों ने घरों में ले जाकर भोजन कराया। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि महागौरी का रंग पूर्णत गौर है। उनके गौर रंग की उपमा शंख, चन्द्र और कुंद के फूल से की गई है। कहा जाता है कि अपने पार्वती के रूप में मां महागौरी ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए बड़ी कठोर तपस्या की थी।



भोजन करतीं कंजिकाएं।

जिसके कारण इनका शरीर एकदम काला पड़ गया था। इनकी तपस्या से प्रसन्न और संतुष्ट होकर भोले शंकर महादेव ने इनके पवित्र शरीर को गंगा जी के पवित्र जल से मल कर धोया तब वह विद्युत के समान गौर हो उठा तभी से इन माता का नाम महागौरी पड़ा। मां की शक्ति अमोघ और फलदायिनी है, इनकी उपासना से भक्तों के सभी कलंक धुल जाते हैं और उनके पाप भी नष्ट हो जाते हैं तथा भविष्य में मां के उपासकों के पास पाप, संताप दयनीय दुख कभी भी फटक नहीं पाते। उपासकों को मां का पूजन शुद्ध मन से पूरे विधि-विधान से करना चाहिए। मां भक्तों का कष्ट अवश्य दूर करती है।

# जीयू का सीएसआईआर आईआईसीटी से करार

### गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के छात्रों को इंटर्नशिप के मिलेंगे बेहतर अवसर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** यूनिवर्सिटी ने रसायन विज्ञान और अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों में विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के उदेश्य से देश की सबसे पुरानी राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं में से एक सीएसआईआर आईआईसीटी के साथ एम्ओयू पर हस्ताक्षर किए है।

इस करार पर विश्वविद्यालय की तरफ से कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, सीएसआईआर आईआईसीटी की तरफ से निदेशक डा. श्रीनिवास रेड्डी ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। इस मौके पर गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि दोनों संस्थानों के बीच हुए समझौते के तहत आने वाले समय में जीयू के छात्र सीएसआईआर आईआईसीटी हैदराबाद में इंटर्नशिप कर सकेंगे। इंटर्नशिप के लिए छात्रों का चयन तय मानकों पर किया जाएगा। दोनों संस्थानों के विशेषज्ञ छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे।

कुलपति ने बताया कि इसके



गुरुग्राम विवि में सीएसआईआर आईआईटी के साथ करार पर हस्ताक्षर के दौरान मौजूद दोनों संस्थानों के अधिकारी।

तहत जीयू के छात्रों को एडवांस अनुसंधान तकनीकों के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके तहत अनुसंधान और शिक्षण के विभिन्न क्षेत्रों में जीयू के संकाय सदस्य और आईआईसीटी के वैज्ञानिक मिलकर काम करेंगे, इसमें अतिथि व्याख्यान/संकाय दौरे, पुस्तकालय सुविधाओं तक पहुंच आदि भी सम्मिलित है। कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने बताया कि दोनों संस्थानों के बीच हुए समझौते का फायदा छात्रों को मिलेगा।

बता दें कि सीएसआईआर आईआईसीटी की शुरुआत 1944 में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान के लिए केंद्रीय प्रयोगशालाओं के रूप में हुई थी। इसने अपनी 70 साल की यात्रा के दौरान एक गतिशील, अभिनव और परिणाम उन्मुख अनुसंधान एवं विकास संगठन के रूप में अपनी पहचान बनाई है। सीएसआईआर-आईआईसीटी एक विश्वसनीय अनुसंधान एवं विकास भागीदार के रूप में औद्योगिक ग्राहकों के बीच जो प्रतिष्ठा स्थापित कर सका है। इस मौके पर गुरुग्राम यूनिवर्सिटी की वरिष्ठ प्रोफेसर प्रोफेसर सरला बालचंद्रन भी उपस्थित रहे।

# गुरुग्राम-जयपुर नेशनल हाइवे पर फ्लाईओवर से गिरी कार हुई चकनाचूर

### एक की मौत, दो घायल

पायनियर समाचर सेवा। गुरुग्राम

**दिल्ली-जयपुर** एक्सप्रेस-वे पर झाड़सा चौक फ्लाईओवर से तेज गति से एक कार नीचे आ गिरी। कीया कंपनी की सेल्टॉस मॉडल कार चकानाचूर हो गई। इस हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक युवक की मौत हो गई। हालांकि अभी इसकी पुष्टि होना बाकी है। सोमवार की देर रात हुए इस हादसे को जिसने देखा, वह भी स्तब्ध रह गया। मंगलवार को हादसा स्थल के पास क्षतिग्रस्त कार को देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। घायलों को मेदांता मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार एक टैम्प्रेरी नंबर की कीया सेल्टॉस कार दिल्ली की तरफ से जयपुर की तरफ जा रही थी। जैसे ही कार झाड़सा चौक के फ्लाईओवर पर पहुंची तो कार पर से ड्राइवर की नियंत्रण खो गया। फ्लाईओवर के करीब चार फुट ऊंचे मजबूत डिवाइडर पर चढक़र कार फ्लाईओवर के आने-जाने वाली लेन



गुरुग्राम में झाड़सा चौक फ्लाईओवर से गिरकर चकनाचूर हुई नई गाड़ी।

के बीच में खाली जगह से नीचे आ गिरी। कार की स्पीड इतनी थी कि वह फ्लाईओवर से नीचे गिरते समय भी हवा में ही रही और 50 फुट से अधिक आगे जाकर फ्लाईओवर की दीवार से टकराकर नीचे गिर गई। कार के गिरने से तेज धमाका हुआ तो आसपास के लोग उधर भागे।

कार में सवार तीन युवक बुरी तरह से घायल हो चुके थे। हालांकि कार के एयर बैग भी खुल गए थे। घायलों को कार से कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और उन्हें मेदांता मेडिसिटी में भर्ती कराया गया। इनमें से एक युवक की मौत होने की सूचना है। तीनों युवकों की उम्र 19 से 23 साल के बीच बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही दमकल विभाग, पुलिस और एनएचएआई की टीमें मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से गाड़ी को फ्लाईओवर के नीचे से



यहीं से गिरी कार।

हटाकर सडक़ किनारे रखा गया। इस दौरान लंबा जाम भी लगाया गया। यातायात पुलिस को देर रात लगे जाम को खुलवाने में भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। बताया जा रहा है कि युवक गुरुग्राम के ही रहने वाले हैं। इनमें से रिषभ नामक एक युवक की मौत हो गई। बाकी दोनों गंभीरावस्था में उपचाराधीन हैं।

# एसबीआई लाइफ ने लॉन्च किया आइडिएशनएक्स

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

SBI Life
Apne liye. Apno ke liye.

**देश** की सबसे भरोसेमंद निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, ने 'आइडिएशनएक्स' का पहला संस्करण लॉन्च किया है। यह एक अग्रणी पहल है, जो बीमा उद्योग के भविष्य में क्रांति लाने का वादा करती है। इस इनोवेटिव प्लेटफॉर्म का उद्देश्य देश भर के बी-स्कूलों के युवाओं को सोचने, नए-नए रिसर्च करने और लीक से हटकर जीवन बीमा समाधान पेश करने के लिए प्रोत्साहित करना है, जो ग्राहकों की नित नई बीमा आवश्यकताओं से संबोधित करते हैं और साथ ही साथ भारत के जीवन बीमा क्षेत्र के दशा और दिशा को नया आकार देने में योगदान करते हैं।

इस पहल के पीछे मुख्य उद्देश्य युवाओं और उनकी सोच को शामिल करना विभिन्न बीमा आवश्यकताओं की पहचान करना और उन जरूरतों को पूरा करने वाले उत्पाद समाधानों की अवधारणा को प्रस्तुत करना है।

2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए भारत का सुनहरा भविष्य जीवन बीमा उद्योग के लिए एक विशाल अवसर प्रस्तुत करता है। भारत में 3 प्रतिशत की बीमा पैठ के साथ ही साथ इसमें विकास की अपार संभावनाएँ हैं, जो लाखों लोगों को वित्तीय सुरक्षा, डिजिटल परिवर्तन, रोजगार और इनकम का निर्माण करता है।

आईआरडीएआई के '2047 तक सभी के लिए बीमा' के विजन को आत्मसात करते हुए एसबीआई लाइफ के 'आइडिएशनएक्स' का लक्ष्य नवाचार और विचारों से युक्त एल लीडरशिप को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं को शामिल करना और उन्हें प्रेरित कर सशक्त बनाना है, जो लंबे समय में उपभोक्ताओं और इस क्षेत्र के लिए फायदेमंद साबित होगा। एसबीआई लाइफ-आइडिएशनएक्स के उद्घाटन संस्करण में पुणे में एनआईए, अहमदाबाद में निरमा, मुंबई में एसआईईएस, मुंबई में केजे सोमैया, कोलकाता में आईएमआई, गुड़गांव में बीएमएल मुंजाल, हैदराबाद में आईएमटी और बंगलूरू में XIME जैसे बी-स्कूलों का प्रतिनिधित्व करने वाले 1000 से अधिक युवाओं की उत्साही भागीदारी देखी गई। स्क्रीनिंग टेस्ट के बाद लगभग 320 श्रेष्ठ छात्रों का चयन किया गया और अंतिम दौर में प्रत्येक टीम में पांच सदस्यों की आठ टीमें शामिल थीं। इन आठ फाइनलिस्ट टीमों में से, XIME बैंगलोर अपने गैर परंपरागत विचार के लिए एसबीआई लाइफ आइडिएशन एक्सविनर के प्रतिष्ठित खिताब का दावा करते हुए विजेता बनकर उभरा, जिसका उद्देश्य आज के उपभोक्ताओं और बड़े पैमाने पर उद्योग की अनूठी बीमा जरूरतों को पूरा करना है। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के चीफ एक्चुअरी और चीफ रिस्क ऑफिसर, श्री सुभेंदु बाल ने कहा, "हम एसबीआई लाइफ आइडिएशन एक्स के पहले संस्करण के लिए जबरदस्त प्रतिक्रिया से अभिभूत हैं। यह अपनी तरह की अनूठी पहल है जो रचनात्मक शक्तियों को उत्प्रेरित करती है। देश भर में बी-स्कूल के छात्रों को बीमा क्षेत्र के लिए आउट-ऑफ-द-बॉक्स समाधान खोजने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।" उन्होंने कहा, "युवा छात्रों द्वारा प्रस्तुत असाधारण विचार उन प्लेटफॉर्म्स के महत्व को दर्शाते हैं।

# गुरुग्राम की सुमन ने यूपीएससी में हासिल की 170वीं रैंक

### 10वीं तक सुचेता मेमोरियल स्कूल में पढ़ी, 11वीं, 12वीं सूरज स्कूल जमालपुर से की

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शहर** के सराय अलावर्दी की रहने वाली सुमन यादव ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में 170वां रैंक हासिल किया है। मंगलवार को यूपीएससी की ओर से सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन का जब परिणाम आया और सुमन यादव का नाम देखकर परिजनों की खुशी का भी ठिकाना नहीं रहा।

सुमन ने दूसरी बार में यूपीएससी की परीक्षा पास की है। पिछले वर्ष भी सुमन यादव ने परीक्षा दी थी, लेकिन कामयाबी नहीं मिली थी। पिछले तीन वर्षों से सुमन यादव यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी कर रही थी। सुमन के मुताबिक उन्होंने पहली से 10वीं कक्षा तक की पढ़ाई गुरुग्राम के सुचेता मेमोरियल पब्लिक स्कूल से की है।



इसके बाद 11वीं और 12वीं कक्षा की पढ़ाई जमालपुर गांव में सूरज पब्लिक स्कूल से की। स्कूल शिक्षा पूरी होने के बाद उसने दिल्ली विश्वविद्यालय से बीएससी की। बीएससी के बाद ही उसने यूपीएससी परीक्षा की तैयारी शुरू की। सुमन यादव के पिता बलवान सिंह यादव का कहना है कि बेटी की इस कामयाबी ने जीवन की सबसे बड़ी खुशी दी है। बेटियों को पढ़ाना हमारे समाज का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। इस संदेश के साथ उन्होंने बेटियों को आगे बढ़ाते रहने की प्रेरणा समाज को दी। उन्होंने कहा कि सुमन ने दिन-रात कड़ी मेहनत की है। हर बच्चा सुमन की तरह ही कठिन मेहनत करके जीवन में एक लक्ष्य बनाए। उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

# बजाज आलियांज लाइफ ने ग्राहकों को व्हाट्सएप पर डिजिटल लेनदेन की सुविधा प्रदान की, प्रीमियम भुगतान को बनाया और सरल

### नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई और अन्य विविध भुगतान मोड के साथ ग्राहकों के लिए ट्रांजेक्शन में आसानी, ये सभी व्हाट्सएप इंटरफेस के भीतर सहजता से इंटीग्रेटेड हैं

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ/आगरा

BAJAJ Allianz
LIFE GOALS. DONE.

**अग्रणी** निजी जीवन बीमाकर्ता कंपनियों में से एक बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने मेटा के साथ साझेदारी के माध्यम से व्हाट्सएप पर प्रीमियम भुगतान का विकल्प पेश किया है। लाखों भारतीय उपभोक्ताओं को जोड़कर, व्हाट्सएप संचार और सेवा के लिए एक लोकप्रिय ऐप के रूप में सामने आया है। इस लोकप्रियता का लाभ उठाने और ग्राहकों को बेहतरीन सुविधा प्रदान करने के लिए, बजाज आलियांज लाइफ ने व्हाट्सएप के माध्यम से अपनी प्रीमियम भुगतान सेवाओं को अपग्रेड किया है। इस तरह ग्राहक एक ही स्थान पर अपनी पॉलिसी और अपने पेमेंट्स को मैनेज कर सकते हैं। ग्राहक सीधे व्हाट्सएप इंटरफेस के भीतर नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई जैसे विभिन्न पेमेंट मोड के माध्यम से अपने प्रीमियम का भुगतान आसानी से कर सकते हैं।

यह पहल भुगतान प्रक्रिया को और सुव्यवस्थित करती है, साथ ही विभिन्न पेमेंट ऐप्स के बीच स्विच करने की आवश्यकता को समाप्त करती है और सीधे व्हाट्सएप के भीतर निर्बाध और कुशल तरीके से प्रीमियम भुगतान सुनिश्चित किया जा सकता है। इस तरह ग्राहक के अनुभव को और बेहतर बनाया जा सकता है। व्हाट्सएप के व्यापक उपयोग का लाभ उठाते हुए, बजाज आलियांज लाइफ इस ऐप पर 25 से अधिक सेवाएं प्रदान करता है। व्हाट्सएप पे के एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन के साथ, सभी लेनदेन सुरक्षित हैं, और यह भी सुनिश्चित है, कि केवल प्रेषक और प्राप्तकर्ता ही उन तक पहुंच सकते हैं, जिससे यह एक अत्यधिक सुरक्षित भुगतान विकल्प बन जाता है। आसान प्रक्रिया और विश्वास के साथ कुल मिलाकर ग्राहकों को बेहतर अनुभव हासिल होता है और इस तरह बजाज आलियांज लाइफ बीमा उद्योग के भीतर ग्राहक-केंद्रित इनोवेशन के मामले में अग्रणी कंपनी बन जाती है।

बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के चीफ ऑपरेशंस और कस्टमर एक्सपीरियंस ऑफिसर राजेश कृष्णन ने कहा, "बजाज आलियांज लाइफ में हमेशा ग्राहकों की बेहतरी के बारे में सबसे पहले विचार किया जाता है और इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए हमने व्हाट्सएप पर डिजिटल लेनदेन की सुविधा प्रदान की है। ग्राहक अब 25 से अधिक सेवाओं का लाभ उठाने के लिए हमारे अत्याधुनिक व्हाट्सएप चैटबॉट का उपयोग कर सकते हैं। प्लेटफॉर्म पर नए प्रीमियम भुगतान विकल्प के साथ, ग्राहकों को अब और भी बेहतर और निर्बाध अनुभव हासिल होगा। ग्राहक तेजी से डिजिटल हो रहे हैं और अपनी बीमा संबंधी जरूरतों सहित हर चीज में लगातार सुविधा की तलाश में रहते हैं।

# दुर्गा अष्टमी पर श्रद्धालुओं ने कंजिकायों का पूजन कर धर्म लाभ उठाया

## मनोवांछित फल की लोगों ने कामना की

## नवरात्र के व्रत को बनाया सफल

**पायनियर समाचार सेवा।** फिरोजपुर झिरका

**प्रत्येक** वर्ष चैत्र एवं शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य पर समस्त हिंदू सनातन समाज के लोग अपने घरों एवं माता रानी प्रतिष्ठा करते हैं और उनके नाम की ज्योत को प्रज्वलित कर नौ दिनों तक मां दुर्गा का उपवास रखते हैं और अपने घरों में सुख समृद्धि की कामना करते हैं।

इसी क्रम में शहर के श्रद्धालुओं ने दुर्गा अष्टमी के अवसर पर मंगलवार को माता रानी की स्वरूप कहीं जाने वाली नौ कंजिकायों को भोजन के लिए अपने घरों में आमंत्रित किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने आमंत्रित कंजिकायों के पैर धोए और उनके माथे पर रोली का टीका लगाया


सोमवार को दुर्गा अष्टमी के अवसर पर कंजिकायों को भोजन खिलाते श्रद्धालु।

और उनका पूजन किया। इसके उपरांत समस्त कंजिकायों को पंक्तिबद्ध बैठाकर उन्हें प्रेम पूर्वक पेट भर के खाना खिलाया। इस अवसर पर ग्रहणियों ने मां भगवती के प्रसाद में हलवा, पुरी, आलू की सब्जी, चने एवं कच्चा नारियल इत्यादि तैयार कर कंजिकायों को परोसे। इसके उपरांत श्रद्धालुओं ने कंजिकायों को सामर्थ्य अनुसार भेंट प्रदान की और इसके अलावा कंजिकायों श्रंगार का सामान आदि भेंट कर उन्हें विदा किया और सबकी के मंगल और सुख समृद्धि की कामना की।

# किसान विरोधी है भाजपा सरकार

### कांग्रेस विधायक आफताब ने प्रेस कांफ्रेंस में लगाए आरोप

## बोले-हरियाणा कांग्रेस लोकसभा उम्मीदवारों की लिस्ट आज आएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह



**विधायक** एवं सीएलपी उपनेता आफताब अहमद ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि हरियाणा में भाजपा की सरकार किसानों से अपनी क्या दुश्मनी निकाल रही है। उसका जीता जागता उदाहरण आज आप देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमने जिंदगी में अनाज मंडी में अनाज का इतना गल्ला नहीं देखा। सरकार एक तरफ कहती थी सरसों की खरीद, उसकी पोल खोली की 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू करेंगे, 4 तारीख से शुरू की गई। 4 तारीख को भी जो आढ़तियों के चालान हुए उसकी आज तक पेमेंट नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि हजारों क्विंटल गेहूं किसान का अनाज मंडी में खुले आसमान के नीचे पड़ा है।

**15 दिन में भी किसानों को भुगतान नहीं:** सरकार किसान विरोधी होने का पूरी तरफ से उजागर हो चुकी है। दावे बड़े - बड़े करती है, लेकिन कुछ नहीं करती है। सीएम आगामी 21 अप्रैल को आ रहे हैं। किस मुंह से कहेंगे कि आपकी फसल खरीद हमने कर दी। सुविधाओं के नाम पर क्या बात करेंगे। 72 घंटे में पेमेंट करने की बात करते हैं, एक - एक दाना खरीदने की बाद करते हैं, लेकिन पिछले 14 - 15 दिन से भुगतान नहीं हुआ है और ना ही उठान हुआ। सरकार पूरी तरफ से फ्लॉप है। सरकार अपना कर्तव्य निभाने में फेल हुई है। किसान विरोधी चेहरा भाजपा का हो चुका है। आफताब अहमद ने कहा कि किसानों की लड़ाई को मजबूती से लड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा उम्मीदवारों को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि हरियाणा की नौ लोकसभा सीटों के लिए कांग्रेस की सूची बहुत जल्दी आ जाएगी। 24 घंटे के अंदर कल शाम तक कांग्रेस पार्टी की 9 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया जाएगा।

**कनीना हादसे के लिए सरकार और स्कूल प्रशासन जिम्मेदार:** विधायक आफताब ने कनीना घटना को लेकर कहा कि उन बच्चों का क्या कसूर था, जो दर्दनाक हादसे में मौत का शिकार हो गए। स्कूल की कमी है, स्कूल प्रशासन की कमी है। सरकारी प्रशासन की कमी है। किस तरीके से कंडम बसों में चलने लायक नहीं है, उनमें बच्चों को भरकर ले जाया जा रहा है। इसके लिए सरकार व स्कूल प्रशासन पूरी तरह जिम्मेदार है। कांग्रेस नेता ने कहा कि अब समय है कि अब स्टैंडर्ड ऑपरेटिव का तरीका बनाया जाए। अभिभावकों में विश्वास पैदा हो, जो अपने बच्चों को बिना डर के स्कूल भेज सकें।

# 'बीजेपी के संकल्प पत्र की कोई विश्वसनीयता नहीं'

## कांग्रेस के 05 न्याय और 25 गारंटियों से बदलेगी तस्वीर

**कांग्रेस** विधायक दल के उप नेता आफताब अहमद ने भाजपा के संकल्प पत्र पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा ने प्रति वर्ष दो करोड़ नौकरियों और किसानों की आय दोगुनी करने का वादा तो अभी पूरा नहीं किया तो अब नए वायदे क्या ही पूरे करेगी। विधायक आफताब ने कहा कि भाजपा सरकार ने कभी भी कोई वादा पूरा नहीं किया है और न ही ये भविष्य में करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने पिछले 10 वर्षों में क्या किया है, इसकी समीक्षा होनी चाहिए। सीएलपी उप नेता आफताब अहमद ने कहा कि क्या भाजपा ने पहले जो वायदे किये थे उसे पूरा किया? इस पर चर्चा होनी चाहिए। क्या उन्होंने प्रत्येक बैंक खाताधारक को 15 लाख रुपये दिए? क्या भाजपा ने प्रति वर्ष 2 करोड़ नौकरियां पैदा की? क्या उन्होंने किसानों की आय दोगुनी कर दी और क्या उन्होंने मेक



इन इंडिया किया? क्या अच्छे दिन आये? उन्होंने कहा कि बीजेपी का घोषणापत्र झूठ की गारंटी है और प्रधानमंत्री मोदी अपने वादों को पूरा करने में विफल रहे हैं, आज देश किसानों की आत्महत्या के मामले में नंबर एक बन गया है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि कांग्रेस के 5 न्याय और 25 गारंटियों से देश कि तस्वीर बदलेगी। कांग्रेस का घोषणा पत्र हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय, युवा न्याय पर आधारित है। कांग्रेस का लक्ष्य किसानों के जीवन को खुशहाल बनाना है। किसानों के लिए अनेकों योजनाओं को धरातल पर उतारने से भारत की कृषि व्यवस्था में 'समृद्धि का सूरज' उगाने में सफलता मिलेगी।

# रेफरल अस्पताल बनकर रह गया है मेडिकल कॉलेज

**अनाज** मंडी नूंह का दौरा करने के बाद स्थानीय विधायक राजकीय शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज पहुंचे और पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि हम बहुत समय से प्रयासरत हैं कि किस तरह मेडिकल कॉलेज का फायदा आमजन को पूर्ण फायदा मिल सके। यह अस्पताल एक रेफरल अस्पताल बनकर रह गया है। यहां स्टाफ का यहां बड़ा अभाव है। स्टाफ के लिए बताया गया है कि रेगुलर और कॉन्ट्रैक्ट के लिए लिख दिया गया है। स्थाई निदेशक डॉक्टर मुकेश कुमार की नियुक्ति यहां पर कर दी गई है, इसलिए लगातार बैठकों का दौर जारी है।

आफताब अहमद ने कहा कि मरीजों को बिना किसी कारण के रेफर कर देना बड़ी कमी है। उन्होंने पूरी तरह से स्पष्ट किया है तीन बैठकें अब तक हो चुकी है कि छोटी - छोटी बातों को लेकर मरीज को रेफर नहीं किया जाएगा। जहां तक एक्सरे और अल्ट्रासाउंड की सुविधा की बात है, ईसीजी की सुविधा की बात है तो भरोसा दिया गया है कि जल्दी ही यहां यह सुविधा मिलेगी। न्यूरोसर्जन, कार्डियोलॉजिस्ट, नेफ्रोलॉजी और अन्य जो भी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के अंदर होने चाहिए। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत भी कुछ कमियों को दूर किया जा सकता है।

# 25 मई को लोकसभा चुनाव में अपना वोट जरूर दें

### एसडीएम कुमार ने राजकीय महाविद्यालय बिसर अकबरपुर में शपथ दिलाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह



**उपमंडल** अधिकारी (ना.) तावडू संजीव कुमार ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने व मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से राजकीय महाविद्यालय बिसर अकबरपुर, तावडू में स्वीप गतिविधियों के तहत 25 मई को मतदान के दिन मजबूत लोकतंत्र के गठन में अपनी जन भागीदारी सुनिश्चित कर मतदान करने की अपील की।

उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र को सही मायने में जिंदा रखना और मतदान करना हर नागरिक का अधिकार है। इस लोकतंत्र के पर्व में हमें 100 प्रतिशत मतदान की ओर बढना है। उन्होंने विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलाई कि वे 25 मई को लोकसभा चुनाव में लोकतंत्र की मर्यादा अनुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा के अनुसार धर्म, जाति, समुदाय, भाषा व अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मत का अवश्य प्रयोग करेंगे तथा अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अगर किसी व्यक्ति की अभी भी वोट नहीं बनी है तो वह वोटर हेल्प लाइन एप या फिर बीएलओ के माध्यम से वोट बनवा सकता है। यदि किसी का नाम मतदाता सूची में है परंतु एपिक कार्ड नहीं है तो आयोग द्वारा दर्शाए गए अन्य 12 प्रकार के आई कार्ड से भी वे मतदान कर सकते हैं। उन्होंने सभी से 25 मई 2024 को अपने घरों से निकलकर मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि मजबूत लोकतंत्र के गठन में आपका एक-एक वोट महत्वपूर्ण है। हर जिम्मेदार एवं पढ़े-लिखे नागरिक के लिए मतदान करना उनका कर्तव्य है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रिंसीपल अनिल कुमार भी मौजूद थे।

# पुलिस ने अवैध शराब की 325 बोतल सहित युवक को दबोचा

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू

**उपमंडल** के अंतर्गत बिलासपुर मार्ग झामुवास मोड से अपराध जांच शाखा तावडू की टीम ने अवैध देशी शराब की 325 बोतलों सहित एक शराब तस्कर को काबू किया है। आरोपी की पहचान बलबीर उर्फ छल्ल्ज्ञा पुत्र सूरजभान निवासी कासन जिला गुरुग्राम के रूप में हुई है। जिसके विरुद्ध सदर थाना में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

नूंह पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि तावडू सीआईए टीम को सूचना मिली कि गुरुग्राम कासन निवासी बलबीर उर्फ छल्ला अवैध शराब बेचने का कारोबार करता है, जो एक कार में अवैध देशी शराब भरकर कलवाड़ी से हसनपुर होता हुआ जाएगा। सूचना के मुताबिक पुलिस ने बिलासपुर मार्ग पर पहुंच नाकेबंदी कर दी। जहां कुछ



समय बाद ही एक कार आती दिखाई दी। जिसे पुलिस ने रुकवा लिया। चालक से पूछताछ हुई तो उसने अपना नाम बलबीर उर्फ छल्ला उपरोक्त बताया।

कार की तलाशी लेने पर अवैध देशी शराब की कुल 26 पेटी मिली। जिनमें करीब 325 बोतलें अवैध शराब की थी।जिसके संबंध में चालक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। सदर थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत उपरोक्त आरोपों के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

# कथा सुनने से पापियों का भी हो जाता है कल्याण

### श्री ग्यारहमुखी बालाजी धाम हनुमान मंदिर में शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा

## श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** फिरोजपुर झिरका

**झम्मनदास** आश्रम, आलाघाटी, फिरोजपुर झिरका पर तृतीय वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन किया गया। पूर्व मंदिर समिति के लोगों ने मंगलवार सुबह सिविल लाइंस रोड सीताराम बगीची से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह धार्मिक यात्रा में महिला श्रद्धालु ढोल नगाड़े एवं डीजे पर बजने वाले श्याम भजनों पर नाचते गाती नजर आई।आयोजन में दौ सौ एक महिला कलश यात्रियों के साथ श्रद्धालु अपने सर पर श्रीमद् भागवत कथा को सर पर रखकर चलते नजर आए। वहीं बाजार में मौजूद दुकानदारों ने शुद्ध पेयजल, जलजीरा, फरूटी, शरबत, बिस्किट आदि वितरित कर धर्म लाभ उठाया।


सर पर कलश रखकर शोभा यात्रा में शामिल महिलाएं।

इसके उपरांत यह शोभायात्रा मुख्य बाजारों से होते हुए अपने गंतव्य स्थान झम्मनदास आश्रम, आलाघाटी श्री ग्यारहमुखी बालाजी धाम हनुमान मन्दिर पहुंची।

मातृशक्ति ने पारंपरिक व आधुनिक वाद्य यंत्रों की सहायता से मंगल भजन गाकर भजनामृत से वातावरण को मंगलमय कर दिया। हर व्यक्ति इन भजनों पर नृत्य करने के लिए के लिए विवश हो गया।

### पालने में निकले गोपाल जी

नगर परिक्रमा के दौरान निज मंदिर के पुजारी गोपाल जी को पालने में लेकर नगर परिक्रमा कराया तो भक्तगणों ने गोपाल जी के दर्शन कर पुण्यार्जन किया। देश व विश्व कल्याण की भावना के साथ सर्व मंगल कार्येषु, सर्व सुख कार्येषु के निमित्त विधि विधान के साथ बृज भूमि वृंदावन से पधारे कथा प्रवक्ता योगेश्वरदास ने विधि विधान के साथ कलश संकल्प कलश स्थापना पूजा अर्चना का कार्य संपन्न करवाया।

बृज भूमि वृंदावन से पधारे कथा प्रवक्ता योगेश्वर दास ने भागवत कथा के बारे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया श्री मद्भागवत कथा के सुनने से पापियों का भी उद्धार हो जाता है। व्यक्ति को एकाग्र होकर भागवत कथा सुननी व सुनानी चाहिए। व्यक्ति को सदैव सद्मार्ग पर चलना चाहिए। दादा दादी माता-पिता की सेवाकर उनकी आज्ञा का पालन करना चाहिए। प्रतिदिन देव दर्शन के लिए मंदिर अवश्य जाना चाहिए। इस अवसर पर नागाबाबा बजरंगदास,सीताराम महाराज,ज्ञानचंद गोयल, ओमप्रकाश शास्त्री, शिव मंदिर विकास समिति प्रधान अनिल गोयल,बिट्टू शर्मा,टीकम सैनी, कुक्की शर्मा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट, पांच लोग घायल

## दो की हालत गंभीर, केस दर्ज दो गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू

**उपमंडल** के गांव कलवाड़ी में दबंगों द्वारा एक पक्ष के घर में घुसकर हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में पांच लोग घायल हो गए, दो की हालत गंभीर बताई गई है। हमले का कारण जमीनी विवाद बताया गया है। पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत पर करीब एक दर्जन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दो को गिरफ्तार किया है।

गांव कलवाड़ी निवासी पीड़ित जयभगवान ने बताया कि बीते 13 अप्रैल को परिवार के सदस्य घर पर ही थे। शाम 6:30 बजे के करीब गांव के ही हमलावर जबरन घर में घुसे। जिन्होंने आते परिवार के लोगों पर लाठी, डंडे, फरसा आदि से वार कर दिया। शोर शराबा हुआ तो परिवार लोगों ने बीच बचाव का प्रयास किया। लेकिन हमलावरों ने सभी सदस्यों पर ताबड़तोड़ हमला जारी रखा। इस दौरान परिवार की एक महिला के साथ दुर्व्यवहार करते हुए कपड़े फाड़ दिए गए। हमले में पांच लोग घायल हो गए। इस दौरान पुलिस डायल 112 पर हमले की सूचना दी तो पुलिस पहुंची।

पुलिस लौटने पर हमलावरों ने फिर जान से मारने की धमकियां दी। जय भगवान का कहना है कि जमीन विवाद को लेकर हमलावरों ने रंजिश बनाई हुई थी। बीते 10 अप्रैल को भी उन्होंने हमलावरों से जान को खतरा बताते हुए पुलिस को शिकायत दी थी। उन्होंने दोबारा भी जानलेवा हमला होने की आशंका जताते हुए बताया कि हमले में परिवार के पांच सदस्य चोटिल हो हुए हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## सभी मतदान केंद्रों पर उपलब्ध हों बुनियादी सुविधाएं



**नूंह।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया है कि निर्वाचन आयोग की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार जिला के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित कर ली जाएं। संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी सभी बूथों पर इन सुविधाओं का निरीक्षण भी अवश्य कर लें। जिला निर्वाचन अधिकारी मंगलवार को सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, चुनाव के प्रबंधों व तैयारियों से जुड़े अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से जो भी रिपोर्ट मांगी जा रही हैं, उन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट भिजवाई जाए। चुनाव संबंधी सभी तैयारियां व प्रबंध समयबद्ध सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के साथ-साथ पोलिंग पार्टियों को भी बुनियादी सुविधाओं की जरूरत रहेगी, वे सभी आवश्यक सुविधाएं जल्द से जल्द पूरी करवाई जाएं। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर बिजली-पानी की व्यवस्था हो। दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप की सुविधा हो। बूथ पर पंखा, बल्ब जैसी सुविधाएं अवश्य हों। वेबकास्टिंग के लिए इंटरनेट व बिजली की बैकअप व्यवस्था अवश्य हो। मतदान केंद्रों पर एक दिन पहले पहुंचने वाली पोलिंग पार्टियों के लिए रूकने आदि की व्यवस्था हो। मतदान केंद्र पर पोलिंग पार्टियों व मतदान एजेंटों के लिए आवश्यकतानुसार फर्नीचर जैसे टेबल, कुर्सियां व बेंच आदि की उचित व्यवस्थाएं हो। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि मतदान कक्ष के अंदर पर्याप्त रोशनी हो तथा बिजली के कनेक्शन, स्विच, बल्ब, पंखे आदि चालू स्थिति में हों। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित कुमार, जीएम रोडवेज एकता चोपड़ा, एसडीएम फिरोजपुर झिरका डॉ. चिनार चहल, एसडीएम नूंह विशाल, एसडीएम पुन्हाना लक्ष्मीनारायण, एसडीएम तावडू संजीव कुमार, सीटीएम अशोक कुमार, जिला राजस्व अधिकारी जोगेंद्र शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## चुनाव में नियमों के विरुद्ध प्रचार सामग्री छापना वर्जित



**नूंह ।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया है कि जिला के प्रिंटिंग प्रेस मालिक इस बात का ध्यान रखें कि वे बिना जांच पड़ताल व नियमों के विरुद्ध जाकर कोई भी चुनाव प्रचार सामग्री प्रकाशित न करें। चुनाव के दौरान मुद्रक व प्रकाशक के नाम के बिना चुनाव से संबंधित पम्पलेट व पोस्टर आदि छापना जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127 ए का उल्लंघन है और ऐसा करने वाले प्रिंटर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा-188 के तहत कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को यह भी निर्देश दिए हैं कि चुनाव से संबंधित हर सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम अवश्य छापें। आयोग ने लोकसभा उम्मीदवारों के खर्च की सीमा निर्धारित की हुई है, इसलिए यह जरूरी है कि उनके पम्पलेट व पोस्टर आदि के खर्च का भी पूरा हिसाब किताब रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव से संबंधित पम्पलेट व पोस्टर आदि उसी स्थिति में छापें जब सामग्री छपवाने वाला व्यक्ति हलफनामे के साथ दो गवाह दें और उनके हस्ताक्षर लेने जरूरी हैं। ऐसे पोस्टर व पम्पलेट आदि छापने के बाद उनकी एक कॉपी जिला मजिस्ट्रेट को भेजनी होगी और राज्य स्तर पर मुख्य चुनाव अधिकारी को कॉपी भेजकर यह बताना होगा कि अमूक व्यक्ति ने चुनाव से संबंधित कितनी संख्या में पोस्टर अथवा पम्पलेट छपवाए हैं और उनके खर्च का भी विवरण देना होगा। उन्होंने बताया कि छपाई दस्तावेज पर किसी धर्म, जाति, समाज, भाषा विशेष या चरित्र हनन का प्रकाशन गैर कानूनी होगा और इसे आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। दोषी पाए जाने पर प्रकाशन व छपवाई करवाने वाले के विरुद्ध जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127क के अनुसार छह माह की कैद या दो हजार रुपए जुर्माना अथवा दोनो का प्रावधान है। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश देते हुए कहा है कि इस अधिनियम के तहत कोई भी व्यक्ति कोई ऐसी निर्वाचन पुस्तिका के पोस्टर, जिसके मुख्य पृष्ठ पर उसके मुद्रक और प्रकाशक का नाम व पता नहीं है तो वह मुद्रित या प्रकाशित नहीं करेगा।

## गुरुग्राम में 11 मई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**गुरुग्राम।** अदालत में लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 11 मई को जिला गुरुग्राम में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। वादकारी उपरोक्त अदालत में सुलह समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते हैं। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव ललिता पटवर्धन ने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को निपटाने के लिए जिला गुरुग्राम में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं। लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआईएक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू का निपटारा किया जाएगा।

पायनियर क्लासीफाइड

**नाम परिवर्तन**

I, Chidamber Prasad Sharma S/o Hira Lal Sharma R/o 350-A, Sainik Colony, Sector-49, Faridabad, have changed my name to Chidamber Sharma.

I, Rudraksh S/o Chidamber Sharma R/o 350-A, Sainik Colony, Sector-49, Faridabad, have changed my name to Rudraksh Sharma.

I, Ridhi W/o Vishal R/o H.No. 1180-D, Behind Manu Lab, Sec-7D, Faridabad, Haryana-121006, declare that after marrige Ridhi Aggarwal and Ridhi both names are the same person.

I, Anand Kumar S/o Omkar Nath R/o H.No. 946, Bhoor Colony, Near Bharti Public School, Kheri Kalan (113), Old Faridabad, Haryana-121002, hereby declare that Anand Kumar and Anand is a same and one person, In future i shall be known as Anand Kumar for all future purposes.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# भाजपा का घोषणापत्र

## विकास का वादा

**भाजपा** के लोकसभा चुनाव घोषणापत्र में 'ज्ञान' एवं विकास पर जोर दिया गया है। सत्तारूढ़ भाजपा ने लंबी प्रतीक्षा के बाद लोकसभा चुनाव के लिए अपना 'संकल्प पत्र' जारी कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'ज्ञान'-गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारी शक्ति के कल्याण के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता प्रकट की। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के साथ प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में यह घोषणापत्र प्रस्तुत किया। मोदी ने रेखांकित किया कि इसका उद्देश्य 'विकसित भारत' अवधारणा पर केंद्रित प्रमुख क्षेत्र हैं जिनमें युवाओं, महिलाओं, किसानों तथा आर्थिक रूप से वंचित वर्गों का सशक्तीकरण शामिल है। उन्होंने सभी नागरिकों के लिए गरिमा व जीवन की गुणवत्ता के महत्व पर जोर देते हुए ऐसी पहलों का वादा किया जिनमें प्रत्येक परिवार को पाइप से गैस पहुंचाने तथा सोलर पावर के माध्यम से मुफ्त बिजली शामिल हैं।

इस घोषणापत्र में केन्द्र की मुफ्त राशन योजना का विस्तार करने तथा आवश्यक खाद्य पदार्थों, जैसे दालों, खाद्य तेलों और सब्जियों के मामले में आत्मनिर्भरता व उनके मूल्य स्थिर कर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। इसके साथ ही इसमें 'आयुष्मान भारत' तथा 'पीएम आवास योजना' जैसी योजनाओं का विस्तार कर हर घर को स्वच्छ पेयजल की सप्लाई सुनिश्चित करना है। कृषि क्षेत्र में भाजपा ने किसानों को 6,000 रुपये की वार्षिक वित्तीय सहायता जारी रखने, तकनीक के माध्यम से फसल बीमा का दायरा बढ़ाने तथा न्यूनतम समर्थन मूल्यों में समय-समय पर वृद्धि का वादा किया है। इसमें 'समान नागरिक संहिता', 'एक राष्ट्र एक चुनाव' पहल, 5जी नेटवर्क का विस्तार, राष्ट्रीय सुरक्षा बढ़ाना तथा ट्रेन यात्रा की प्रतीक्षा सूची समाप्त करना भी शामिल है।



भाजपा के घोषणापत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा, ढांचागत विकास तथा सांस्कृतिक मुद्दों को संबोधित करते हुए जाति-आधारित राजनीति अथवा सत्ता तक पहुंचने के लिए 'खैरातें' बांटने को पूर्णत: अनदेखा किया गया है। इस प्रकार भाजपा का 'संकल्प पत्र' अपने प्रति दृढ़ आत्मविश्वास का परिचायक है। नड्डा ने भाजपा का चुनावी नारा बन चुके 'मोदी की गारंटी' में समाहित सभी वादों को पूरा करने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। भाजपा अपनी स्थापना के समय से ही अपने लक्ष्यों पर आगे बढ़ती रही है। इनमें अयोध्या में भव्य राम मंदिर तथा जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के साथ ही समान नागरिक संहिता भी शामिल थी। पहले दो वादे पूरे होने के बाद उत्तराखंड ने समान नागरिक संहिता लागू की है। अब भाजपा ने इसे पूरे देश में लागू करने का वादा कर अपनी प्रतिबद्धता स्पष्ट कर दी है। पिछले दस साल में देश की अर्थव्यवस्था को दसवें स्थान से पांचवें स्थान पर लाने में सफल भाजपा 2047 तक विकसित भारत के लिए संकल्पबद्ध है और उसका चुनाव घोषणापत्र इसी दिशा में एक कदम है। भाजपा ने देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तेजी से कदम उठाए हैं।

इसके साथ ही अब भारत हथियार निर्यातक देश के रूप में उभर रहा है। इसके एकदम उलट 'इंडिया' गठबंधन में शामिल माकपा ने सत्ता में आने पर देश के सभी आणविक आयुध नष्ट करने का वादा किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने येन-केन-प्रकारेण सत्ता तक पहुंचने के लिए षडयंत्र करने वाले विपक्षी दलों के इन 'खतरनाक' इरादों से जनता को सतर्क किया है। उम्मीद है कि जनता मतदान करते समय भाजपा के संकल्प पत्र को समुचित महत्व देगी।

# बंगाल में राय परिवार की विरासत

**टीएमसी और भाजपा के बीच हाल में एक ऐतिहासिक विमर्श पर तीखी बहस हुई, जिसका संबंध बंगाल में नवाब सिराजुद्दौला के पतन में राय परिवार की भूमिका से है।**



**प्रफुल्ल गोराडिया**
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



**टीएमसी** और भाजपा के बीच हाल में एक ऐतिहासिक विमर्श पर तीखी बहस हुई जिसका संबंध बंगाल में नवाब सिराजुद्दौला के पतन में राय परिवार की भूमिका से है। 2024 का लोकसभा चुनाव अभियान तेज होने के साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच कीचड़ उछालने की प्रक्रिया तेज हो गई है, जबकि यदि ऐसा न होता तो ज्यादा अच्छा था। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस-टीएमसी ने भाजपा की कृष्णानगर लोकसभा सीट से उम्मीदवार श्रीमती अमृता राय पर इसलिए कीचड़ उछाला क्योंकि उनका संबंध कृष्ण चंद्र राय के परिवार से है। कृष्ण चंद्र राय ने ईस्ट इंडिया कंपनी का साथ दिया था जो 1757 में बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला का मुकाबला कर रही थी। कृष्णानगर में राय परिवार की वर्तमान राजमाता ने यह कह कर अपने परिवार का उस समय का कृत्य सही ठहराया कि यदि कृष्ण चंद्र राय ने उस समय ईस्ट इंडिया कंपनी का साथ न दिया होता तो अत्याचारी नवाब सिराजुद्दौला के राज्य में सनातन धर्म व बंगाली संस्कृति नष्ट हो जाती।

उन्होंने इस तथ्य की ओर भी संकेत किया कि उस समय न केवल अमृता राय के पूर्वज राजा कृष्ण चंद्र राय के साथ ही जगत सेठ तथा नाभा के राजा कृष्ण देव ने भी ईस्ट इंडिया कंपनी का साथ दिया था। केवल इतना ही नहीं, मीर जाफर तथा अनेक अन्य लोग भी नवाब सिराजुद्दौला का अंत चाहते थे। सिराजुद्दौला के अत्याचारों ने आम जनता में इतना गुस्सा भर दिया था कि ज्यादातर लोग उसके शासन का अंत चाहते थे। सिराजुद्दौला सनातन धर्म तथा बांग्ला संस्कृति का घोर विरोधी था और इस कारण भी उसके विरोध में गुस्सा बढ़ रहा था।

सवाल है कि यदि इन व्यापारी राजकुमारों ने सिराजुद्दौला को उखाड़ फेंकने में सफलता न पाई होती तो बंगाल का भविष्य कैसा होता? यदि नवाब का शासन चलता रहता तो संभवत: नादिया जिला तथा आज का पश्चिम बंगाल पाकिस्तान और अंतत: बांग्लादेश में चला जाता। पाकिस्तान के पहले राष्ट्रपति इसकंदर मिर्जा सिराजुद्दौला के सीधे वारिस थे। उनका परिवार मुर्शिदाबाद में रहता था, लेकिन देश का विभाजन निकट आने पर वह जल्दी से कराची चला गया जो पाकिस्तान की तत्कालीन राजधानी थी। इसकंदर पाकिस्तान के पहले रक्षा सचिव तथा मार्च, 1956 में पाकिस्तान के राष्ट्रपति बने। मुर्शिदाबाद में सिराजुद्दौला 1756 में सिंहासन पर बैठा। उसने जल्द ही अपना रंग दिखाना शुरू किया और अपने प्रमुख मंत्री राय दुर्लभ को पद से हटा दिया, जिनको उसके बाबा नवाब अलीवर्दी खान ने नियुक्त किया था।

युवा नवाब ने राज्य के सबसे अमीर बैंकर जगत सेठ का अपमान किया। उनको दरबार में खुलेआम थप्पड़ मारे गए तथा सुन्नत करवाने या 'खतना' करवाने की धमकी दी गई। इसकंदर मिर्जा के पुत्र हुमायूं मिर्जा ने अपनी पुस्तक 'प्लासी टु पाकिस्तान' में इसका वर्णन किया है। व्यापारी राजकुमार मध्य एशियाई मूल वाले लोगों द्वारा शासन के पक्ष में नहीं थे और वे शासन-प्रशासन में स्थानीय लोगों को ज्यादा स्थान देना चाहते थे। लेकिन उनके पास सिराजुद्दौला को सत्ता से हटाने के लिए सैनिक संगठन नहीं था। 1757 में लंदन में ईस्ट इंडिया कंपनी के निदेशक मंडल के आदेश से राबर्ट क्लाइव कुछ नाविकों और सैनिकों के साथ मद्रास पहुंचे। वे पिछले साल कोलकाता के फोर्ट विलियम में अंग्रेजों के अपमान का बदला सिराजुद्दौला से अच्छी तरह लेना चहते थे। इस घटना ने नवाब सिराजुद्दौला का भविष्य अंधकारमय बनाने में पूरी भूमिका निभाई।

सिराजुद्दौला के नवाबी शासन में 'व्यापारी राजकुमारों' को यह बहुत अच्छा अवसर लगा जिसका लाभ उठा कर वे सिराजुद्दौला का शासन समाप्त कर सकते थे। ब्रिटिश हथियारों और बंगालियों के पैसे से उसके क्रूर शासन का अंत किया जा सकता था। इसके साथ ही वे अपने संबंधों के माध्यम से भी विजय की उम्मीद कर रहे थे। उस समय राबर्ट क्लाइव के पास केवल 3,000 सैनिक थे, जबकि सिराजुद्दौला के पास एक लाख की सेना के साथ ही घुड़सवार और हाथी थे।

इस विशाल सेना को अलग-अलग टुकड़ों में विभाजित करना था। नवाब की आधी सेना का संचालन मीर जाफर के पास था। उससे वादा किया गया था कि यदि वह सिराजुद्दौला की पराजय सुनिश्चित करने में सहायता करे तो उसे नवाब बना दिया जाएगा। इसके परिणामस्वरूप सिराजुद्दौला की आधी से अधिक सेना ने युद्ध में भाग नहीं लिया। इस प्रकार 23 जून, 1757 को प्लासी के युद्ध ने सिराजुद्दौला के शासन और उसके जीवन का अंत कर दिया। हम जिस समय की बात कर रहे हैं, उस समय बंगाल में दो संस्कृतियां -बंगाली व इस्लामिक थीं। 12वीं शताब्दी के बाद से यह क्षेत्र बंगाली प्रभाव से बाहर निकल रहा था और दो-तिहाई अरब हो गया था। 1757 में प्लासी युद्ध ने इस परिघटना को पहला निर्णायक धक्का दिया। सिराजुद्दौला की पराजय और उसकी हत्या के बाद नवाबी शासन का अंत हो गया।

इसके बाद अनेक सालों में पहली बार हिंदुओं ने खुलेआम राजा नाभा कृष्ण देव के महल में विशाल दुर्गा पूजा का आयोजन किया था जिसमें राबर्ट क्लाइव मुख्य अतिथि थे। इससे स्पष्ट होता है कि बंगाल में सिराजुद्दौला के अत्याचारी शासन के अंतर्गत सनातन धर्म तथा हिंदू जनता कितने भयानक दमन और उत्पीड़न का सामना कर रही थी। कल्पना करें कि यदि बंगाल 'इस्लामी' रास्ते पर चलता रहता तो क्या होता। ऐसे में बंगाल में कोई ऐतिहासिक 'पुनर्जागरण' न होता जिसके लिए बंगाल को याद किया जाता है और उसका सम्मान होता है। यदि ऐसा होता तो बंगाल में राजा राममोहन राय, बंकिम चंद्र चटर्जी, रवीन्द्रनाथ टैगोर, रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, योगी अरविंद, ईश्वर चंद्र विद्यासागर व निश्चित रूप से सुभाष चंद्र बोस जैसे लोग न होते। ऐसे में यह कल्पना ही की जा सकती है कि यह क्षेत्र कैसा होता। गोपाल कृष्ण गोखले ने 100 साल से भी पहले कहा था कि 'जो बंगाल आज सोचता है, भारत कल सोचेगा।' लेकिन यदि सिराजुद्दौला जैसे लोगों का शासन बना रहता तो आज बंगाल ही न होता।

गांधीजी ने भारतीयों को स्वतंत्रता, राजनीति, आध्यात्मिक व अर्थशास्त्र के मूल्यों के प्रति जागरूक किया, लेकिन विजेता के रूप में नेताजी सुभाष चंद्र बोस और उनकी आजाद हिंद फौज-आईएनए हमारे सामने आई। इस तथ्य को किसी और ने नहीं, बल्कि क्लीमेंट एटली ने स्वीकार किया था जो 1946 से 1951 तक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री रहे थे। एटली ने ही ब्रिटिश नेता के रूप में भारतीय स्वतंत्रता कानून, 1947 पर हस्ताक्षर किए थे और इस प्रकार भारतीय स्वतंत्रता का दरवाजा खोला था। अपना पद छोड़ने के बाद एटली भारत आए और पश्चिम बंगाल के तत्कालीन राज्यपाल जस्टिस पी.बी. चक्रवर्ती के अतिथि बने। एक रात्रि भोज के दौरान चक्रवर्ती ने अपने अतिथि से पूछा कि 1947 में अंग्रेज इतनी जल्दी भारत छोड़ कर भाग क्यों गए, जबकि उस समय ऐसा कोई तात्कालिक कारण नहीं था। उस समय 1942 का भारत छोड़ो आंदोलन लगभग विफल हो चुका था।

इस पर पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री क्लीमेंट एटली ने जवाब में अनेक कारण गिनाए थे। इनमें सर्वाधिक प्रमुख भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना की ब्रिटिश राज के प्रति स्वामिभक्ति में आई कमी थी। इसका कारण नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा चलाया अभियान था। जब चक्रवर्ती ने एटली से पूछा कि गांधीजी के अहिंसक सत्याग्रह का अंग्रेजों पर क्या प्रभाव पड़ा था तो एटली ने अपने शब्द के हर अक्षर पर जोर देते हुए 'मिनिमल' या न्यूनतम कहा था। एटली के चेहरे पर उस समय एक व्यंग्यात्मक मुस्कराहट थी। यदि सिराजुद्दौला जैसे लोगों के लगातार शासन से बंगाल में 'इस्लामवाद' हावी हो जाता और स्थानीय बांग्ला तथा हिंदू संस्कृति का विनाश हो जाता तो बंगाल का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाता। यदि बंगाल ही न होता तो नेताजी सुभाष चंद्र बोस कैसे होते जिनकी आजाद हिंद फौज के प्रभाव में अंग्रेजों को भारत छोड़ने को मजबूर होना पड़ा था। इस दृष्टिकोण से श्रीमती अमृता राय के पूर्वज कृष्ण चंद्र राय द्वारा ईस्ट इंडिया कंपनी का साथ देना सनातन धर्म की रक्षा के लिए जरूरी था और उसे इसी दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए।

# जलवायु परिवर्तन का आध्यात्मिक समाधान

> "विकास की प्रत्येक इच्छा के लिए, आप शरीर की पहचान, उपभोग, प्रजनन और उसके बाद विनाश के बीच संबंध देखेंगे। जब वैश्विक तापमान तीन या चार डिग्री बढ़ जाएगा, तो ये सभी शिशु फूल मुरझा जाएंगे।"

**आचार्य प्रशांत**
(लेखक वेदांत शिक्षक हैं)



**प्रजनन को** सीमित करना शायद स्थिरता की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम है। आज हम जिस दुनिया में रहते हैं वहां लोग छोटी छोटी अच्छी चीजें करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि हम आसानी से इस तथ्य से दूर रह सकें कि हम जो कर रहे हैं, वह बहुत बुरी बात है। अधिकांश लोगों को उपभोग की आदत होती है, समस्या उपभोग नहीं है यह चीजों का अंधाधुंध और अंधाधुंध उपभोग है, जो वैसे भी आपको कोई लाभ नहीं पहुंचाएगा। यही तो समस्या है। तो ज्ञान या आध्यात्मिक ज्ञान पूरी तरह से उपभोग के त्याग के बारे में नहीं है। ऐसे संकेत हैं जो जलवायु परिवर्तन पर विभिन्न गतिविधियों के प्रभाव को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। उदाहरण के लिए कार मुक्त होना, ट्रांसाटलांटिक उड़ान से बजाय हरित ऊर्जा चुनना, इलेक्ट्रिक कार से कार मुक्त पर स्विच करना, शाकाहारी आहार चुनना, एक सामान्य कार को हाइब्रिड से बदलना, गर्म पानी के बजाय ठंडे पानी में कपड़े धोना, पुनर्चक्रण, सूखे कपड़े लटकाना, ऊर्जा कुशल प्रकाश बल्बों में उन्नयन। ग्राफिक का शीर्षक है प्रत्येक कार्य करने वाले एक व्यक्ति के लिए प्रति वर्ष टन सीओ2 समकक्ष बचाया गया (वाइंस और निकोलस 2017, पर्यावरण अनुसंधान पत्र, खंड 12, संख्या 7)। लेकिन ये 10 गतिविधियां लोकप्रिय हैं, जहाँ सभी अच्छे लोग इन सभी दस गतिविधियों को करने में व्यस्त हैं और वे महान मिशनरी उत्साह और उससे भी अधिक मिशनरी गर्व के साथ घूमते हैं और फिर यह विशाल बार है जो लगभग साठ टन सीओ 2 से मेल खाता है जो एक ही कार्य करने से आता है यानी एक बच्चा पैदा करना।



हम जलवायु परिवर्तन में सबसे बड़े योगदानकर्ता के बारे में बात नहीं करते क्योंकि यहीं पर हमारा अहंकार रहता है, यहीं पर शारीरिक और शारीरिक प्रवृत्तियां रहती हैं। आप सोच रहे होंगे कि मैं प्रजनन के संबंध में, बच्चे पैदा करने के संबंध में यह बात क्यों बोल रहा हूं। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह आज आपके और मेरे, ग्रह और लाखों प्रजातियों के सामने सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। यही वह चीज़ है जिस पर मनुष्य को इस समय तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है। मानव जाति के सामने इससे बड़ी कोई चुनौती नहीं है। तीसरा विश्व युद्ध नहीं, परमाणु प्रसार नहीं, कुछ भी नहीं। यह सबसे बड़ी चुनौती है। क्या आप कृपया बच्चे पैदा करना बंद कर सकते हैं या सीमित कर सकते हैं। यह एक ऐसी चुनौती है जिसके बारे में कोई बात नहीं करना चाहता। यदि आप इसका समाधान कर तो हर चीज़ का समाधान हो जाएगा।

विकास की प्रत्येक इच्छा के लिए, आप शरीर की पहचान, उपभोग, प्रजनन और उसके बाद विनाश के बीच संबंध देखेंगे। जब वैश्विक तापमान तीन डिग्री या चार डिग्री बढ़ जाएगा, तो ये सभी शिशु फूल मुरझा जाएंगे। वैसे भी फूलों की बहुत अधिक प्रजातियां रोपने लायक नहीं रहने वाली हैं। जलवायु परिवर्तन कितना दोषी है यह आईयूसीएन रेड लिस्ट में कम से कम 10967 प्रजातियों को प्रभावित करता है और अनुमानों से पता चलता है कि यदि 2100 तक वैश्विक तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई तो भूमि पर सभी प्रजातियों में से लगभग 18 प्रतिशत को विलुप्त होने का उच्च जोखिम का सामना करना पड़ेगा।

और इसे केवल मुकदमेबाजी के माध्यम से संबोधित नहीं किया जा सकता है। आपको एक आध्यात्मिक आंदोलन की आवश्यकता है, मैं जो कह रहा हूं उसे समझने और जो मैं इंगित कर रहा हूं उस पर कार्य करने के लिए आपको गहरी आध्यात्मिक चेतना की आवश्यकता है। इस शरीर पहचान को खत्म किए बिना आप बच्चों की संख्या सीमित नहीं कर सकते। जब तक आपका भौतिक शरीर है आप उपभोग करते रहेंगे, आपको उपभोग करना ही पड़ेगा। हम शरीर पहचान, उपभोग, प्रजनन और विनाश के बीच संबंध नहीं देखते हैं। हम उन्हें अलग-अलग चीजों के रूप में देखते हैं।

विकास की यह चाहत आपको क्या लगता है, इस ग्रह की तबाही से कोई लेना-देना नहीं है वास्तव में विकास की परिभाषा क्या है, जो तुम्हें आनंद देता है। जो आपके लिए आराम और सुविधा लाता है। इसी तरह आप विकास को परिभाषित करते हैं। मानव जाति के इतिहास में वह समय आ गया है जब उस मूल समस्या को संबोधित किए बिना, आप किसी भी समस्या का समाधान नहीं कर सकते। और यदि आप अभी मूल समस्या का समाधान नहीं करते हैं तो कल कोई नहीं होगा।

## आप की बात

### सीएए का विरोध

**एआइएमआइएम** के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी का कहना है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम-सीएए का विरोध हमारी पार्टी की तरफ से लगातार जारी रहेगा क्योंकि यह कानूनन असंवैधानिक है, इसे भाजपा ने बनाया है, इसका आधार धर्म है जो समानता के अधिकार के खिलाफ है। भाजपा हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई में कोई भेद नहीं करती है। सीएए के अंतर्गत पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान से आए उत्पीड़ित अल्पसंख्यक हिंदू, ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध एवं पारसी को भारत में नागरिकता देने की बात कही गई है। यह हर तरह से उचित एवं कानून सम्मत है। आज यह सर्वविदित है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश एवं अफगानिस्तान में धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ बहुत अत्याचार किया जाता रहा है। इसका प्रमाण वहां की जनसंख्या में धार्मिक अल्पसंख्यकों की संख्या नगण्य होना है। सवाल है कि आखिर उत्पीड़ित हिंदू, सिख, बौद्ध व पारसी यदि भारत की ओर नहीं तो दुनिया में किस देश की ओर देखेंगे। देश में पहले से नागरिक रहे किसी भी नागरिक की नागरिकता पर सीएए का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि यह नागरिकता छीनने के बजाय नागरिकता देने का कानून है। अत: सीएए का अनुचित विरोध अब बंद होना चाहिए।

– **एमएम राजावत,** शाजापुर

### युद्ध का विस्तार

**ईरानी दूतावास** पर मिसाइल हमले में उसके सैन्य अधिकारियों के मारे जाने के बाद ईरान ने खुले रूप से इसराइल को सबक सिखाने की घोषणा की है। इसराइल पर अनेक मिसाइलों व ड्रोन के हमले से उसने इसकी शुरुआत भी कर दी है। रूस-यूक्रेन और हमास-इजरायल युद्ध के बाद ईरान-इजरायल के खुलकर युद्ध के मैदान में कूदने से अंतर्राष्ट्रीय हालात अत्यंत जटिल और विकट हो गए हैं। युद्धरत देशों की जनता के अलावा इन युद्धों का प्रभाव समूचे विश्व की जनता भुगत रही है। पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ते जा रहे हैं तथा समुद्री यातायात में बाधा आ रही है। युद्ध का विस्तार दुनिया में किसी के लिए ठीक नहीं है। लेकिन यह तथ्य भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि ईरान अपने द्वारा पाले पोसे गए तथा आर्थिक रूप से समर्थित हमास, हिजबुल्ला व हूती आतंकवादियों, विद्रोहियों व विघटनवादियों के माध्यम से अपने प्रभाव का विस्तार कर रहा है। इसके चलते जहां इसराइल के अस्तित्व को खतरा पैदा हो गया है, वहीं दुनिया भर में इस्लामवादी, जिहादी व कट्टरपंथी विचारधारा को बढ़ावा मिलने की आशंका है। आतंकवाद को किसी रूप में स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए।

– **सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### ईरान-इजराइल टकराव

**ईरान** द्वारा इजराइल पर हमले के बाद भारत के कुछ खास वर्ग के लोग ईरान की सराहना करते दिखाई पड़ रहे हैं और फिलिस्तीन में जश्न मनाया जा रहा है। फिलिस्तीनियों की खुशी को एक बार सही समझा जा सकता है पर भारत से ऐसे जश्न और समर्थन की तस्वीरें समझ के परे हैं। हमास द्वारा इजराइल के निर्दोष नागरिकों पर हुई बर्बरता पर भी कुछ लोग खुशी मना रहे थे, परंतु जैसे ही इजराइल ने पलटवार किया इन्ही लोगों का रुदन आरम्भ हो गया और अब तक जारी है। इजराइल अपने ऊपर हुए ईरानी हमले के बाद चुप नहीं बैठेगा। इस सूरत में एक बार फिर कुछ लोगों को पुन: कष्ट होना स्वाभाविक है। इजराइल को अपनी आत्मरक्षा करने तथा दुश्मनों पर हमला करने का पूरा अधिकार है। वर्तमान समय में अधिकांश भारतीय जनता इज़राइल और यहूदी समुदाय पर सैकड़ों सालों से मंडराते खतरे को समझती है। इज़राइल के अस्तित्व को दुनिया के मानचित्र से मिटा देने की बात करने वाले ईरान का किसी प्रकार समर्थन नहीं किया जा सकता है। ईरान की तानाशाही सरकार अपने ही देश की महिलाओं पर जो अत्याचार ढा रही है, उससे भी इनकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन इसके बावजूद युद्ध किसी के हित में नहीं है।

– **मनोज पुरुषार्थी,** मेरठ

### अंबेडकर जयंती

**डॉ अंबेडकर जयंती** 14 अप्रैल को पूरे देश में धूमधाम से मनाई जाती है। दिल्ली में महमहिम राष्ट्रपति से लेकर जन साधारण तक संसद भवन स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हैं। आज भारत के सभी राजनीतिक दल बाबा साहब को महत्व देते हैं और अंबेडकर जयंती मनाते हैं। यह एक अच्छी परंपरा है। बाबा साहब डॉ अंबेडकर ने दलित-वंचित समाज के लिए संवैधानिक प्रावधान किए तथा आरक्षण का अधिकार दिया ताकि वह अपने पैरों पर खड़ा हो जाए, लेकिन यह समाज आज भी जातीय अत्याचार व उत्पीड़न का शिकार है। ग्रामीण महिलाओं के साथ गलत व्यवहार होता है तथा जातीय द्वेष भावना कम नहीं हो रही है। आज भी दलित समाज का दूल्हा अपनी बारात को लेकर निकल नहीं पाता है और उसे पुलिस सुरक्षा मांगनी पड़ती है। कभी किसी को मूछ रखने पर, घोड़ी पर चढ़ने या अच्छे कपड़े पहनने पर मारा जाता है। 14 अप्रैल को संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए सरकार व समाज को सद्भावनापूर्ण वातावरण बनाना चाहिए ताकि डॉ. अंबेडकर के सपने पूरे हो सकें और दलित समाज का योगदान सुनिश्चित हो।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# नगर निगम ने मीरा बाई मार्केट से हटाया अतिक्रमण

## नगर निगम ने शहर की सड़कों पर चलाया हुआ है अतिक्रमण हटाओ अभियान

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर

**नगर** निगम की टीम ने शहर की सड़कों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया हुआ है। सोमवार को जहां रेलवे रोड से अतिक्रमण हटाया गया, वहीं, मंगलवार को शहर के मुख्य बाजार मीरा बाई मार्केट में दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण हटाया गया। निगम की टीम ने दुकानों के आगे रखे सामान को जब्त किया। मीरा बाई मार्केट से अतिक्रमण हटाने के लिए निगम अधिकारियों ने निगम की कारागस वेन (ट्रक ) को भी निकाल कर देखा गया ताकि इमरजेंसी दौरान फायर ब्रिगेड की



गाड़ी व एंबुलेंस निकल सके। वेन के आगे जो सामान आया, उसे निगम द्वारा हटाया गया। इस दौरान सड़क पर रखे सामान को जब्त किया गया।

निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर जोन एक में सीएसआई हरजीत सिंह व जोन दो में

### मार्केट से कारागस वेन को निकाला, वेन के आगे आए सामान को हटाकर किया मार्ग साफ

सीएसआई सुनील दत्त के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ दस्ते बनाए गए हैं। मंगलवार को जोन दो में सीएसआई सुनील दत्त के नेतृत्व में बनी टीम ने मीरा बाई मार्केट पहुंची। टीम में एसआई सुशील कुमार, एएसआई सुमित लाठर, सुपरवाइजर रणबीर, राकेश तेजली व होमगार्ड के जवान शामिल थे। निगम की टीम ने वर्कशॉप रोड से मीरा बाई मार्केट से अतिक्रमण हटाना शुरू किया गया। जैसे ही निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाना शुरू किया तो दुकानदारों में हड़कंप मच गया। टीम ने सड़क पर रखे सामान को हटाना शुरू किया। निगम की कार्रवाई को देख दुकानदार स्वयं अपना सामान उठाकर अंदर रखने लगे। निगम की टीम ने इस दौरान कारागस वेन (ट्रक) को भी निकाल कर देखा। वेन के आगे जो सामान आया, उसे हटाया गया। निगम अधिकारियों ने दुकानदारों को सड़क पर सामान न रखने के लिए जागरूक किया। निगम अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि भविष्य में फिर सड़क पर सामान रखा तो उसे जब्त किया जाएगा। सीएसआई सुनील दत्त ने कहा कि शहर की सड़कों पर कुछ दुकानदारों व स्ट्रीट वेंडर्स ने सामान रखकर अतिक्रमण किया हुआ है। इससे सड़कों पर जाम लगता है और आमजन को परेशानी होती है। सड़क पर जाम लगने से कई बार आपातकालीन सेवाएं जैसे एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड की सेवाएं प्रभावित होती है। इसलिए सभी दुकानदारों से अपील है कि वे सड़क पर सामान न रखकर दुकान के अंदर रखें। ताकि आमजन को कोई परेशानी न हो।

# हिसार सीट पर नैना चौटाला का काका ससुर रणजीत चौटाला से होगा मुकाबला

### जेजेपी ने पांच लोकसभा सीटों पर घोषित किए प्रत्याशी

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़







**हरियाणा** में भाजपा की ओर से समर्थन छोड़कर सत्ता से बाहर किए जाने के बाद जेजेपी ने अपने बूते लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है और मंगलवार को प्रदेश की दस लोकसभा सीटो में से पांच के लिए प्रत्याशी घोषित कर दिए। इनमें हिसार लोकसभा सीट से पार्टी की विधायक और पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की मां नैना चौटाला को प्रत्याशी घोषित किया है। इस तरह हिसार लोकसभा सीट का चुनाव रोचक हो गया है। हिसार से नैना चौटाला के काका ससुर रणजीत चौटाला पहले ही भाजपा के टिकट पर मैदान में है। चौटाला परिवार की बहू सुनैना चौटाला भी इनेलो के टिकट पर इस सीट से प्रत्याशी है।

हिसार सीट से दुष्यंत चौटाला भी 2014 में लोकसभा के लिए चुने गए थे।नैना चौटाला बाढ़डा से जेजेपी विधायक है। इससे पहले डबवाली से विधायक रह चुकी है। नैना चौटाला ने हरी चुनरी चौपाल कार्यक्रम के जरिए समूचे हरियाणा में महिलाओं को जागरूक किया है। उन्होंने हरियाणा में पंचायतराज संस्थाओं में महिलाओं को 50 फीसदी और राशन डिपो आवंटन में 33 फीसदी आरक्षण दिलाने में सफलता हासिल की।

सिरसा लोकसभा सीट से जेजेपी ने रमेश खटक को प्रत्याशी घोषित किया है। खटक साल 1991, 1996 और 2000 में बरोदा से विधायक रहे हैं। जेजेपी के वरिष्ठ नेता एवं अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष हैं। पार्टी ने भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट से राव बहादुर सिंह को प्रत्याशी घोषित किया है

राव बहादुर सिंह जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला की जन आक्रोश यात्रा के दौरान के पुराने साथी हैं। वे 2009 में नांगल चौधरी से विधायक रहे हैं। साल 2014 में राव बहादुर सिंह भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा सीट से चुनाव लड़कर दूसरे नंबर रहे।

गुरुग्राम सीट से राहुल यादव फाजिलपुरिया को प्रत्याशी घोषित किया गया है। फाजिलपुरिया बॉलीवुड के स्टार सिंगर हैं। राहुल गुरूग्राम के एक छोटे-से गांव फाजिलपुर झाड़सा से निकल कर बड़े पर्दे पर छाए है। वे निरंतर जेजेपी में सक्रिय राजनीति कर रहे हैं। फरीदाबाद सीट से नलिन हुड्डा को प्रत्याशी घोषित किया है। हुड्डा फरीदाबाद जेजेपी के युवा जिला अध्यक्ष हैं। फरीदाबाद में कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हैं। गुरुग्राम और फरीदाबाद महत्वपूर्ण लोकसभा सीट हैं। गुरुग्राम सीट से भाजपा के केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और फरीदाबाद से भाजपा के केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर मैदान में है। जेजेपी ने भाजपा के साथ सत्ता में रहते हुए भी स्वतंत्र लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी जारी रखीं थीं। पार्टी ने दोनो विकल्प खुले रखे थे। भाजपा अगर चुनावी गठबंधन करती तो सीट बटवारे से चुनाव लड़ती। जेजेपी ने नव संकल्प रैलियां आयोजित कर तैयारी की थी।

# डीसी प्रशांत पंवार ने किया नई अनाज मंडी व अतिरिक्त अनाज मंडी का दौरा



मंडी में अधिकारियों से बात करते हुए डीसी

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

### कहा: किसानों को नहीं आनी चाहिए किसी भी प्रकार की परेशानी

**डीसी** प्रशांत पंवार ने नई अनाज मंडी व अतिरिक्त अनाज मंडी का दौरा करके खरीद संबंधित कार्यों की फीडबैक ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कहा कि समूचे सीजन में किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। जैसे-जैसे खरीद का कार्य होता है तो उठान का कार्य भी निरंतर होता रहे, ताकि मंडियों में आवागमन प्रभावित नहीं हो। डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए बिजली, पानी, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं निरंतर ठीक प्रकार से होनी चाहिए। संबंधित एजेंसियां और ट्रांसपोर्टर उठान का कार्य तेजी से करें, ताकि मंडी में अपनी फसल को लेकर आने वाले दूसरे किसानों को जगह और जाम जैसी स्थिति का सामना नहीं करना पड़े। सभी नोडल अधिकारी निरंतर अपनी-अपनी मंडियों में दौरा करते हुए खरीद प्रफ्यि को समूचित चलाएं। अगर किसी भी प्रकार की परेशानी है तो तुरंत उसका निपटान किया जाए। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए की वह गेहूं के आवक व उठान से संबंधित रिपोर्ट रोजाना सुबह उपायुक्त कार्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित करें। इस मौके पर उन्होंने किसानों व आढ़तियों से बातचीत करके उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने कहा कि किसी भी किसान को परेशानी नहीं आने दी जाएगी। परेशानी है तो तुरंत मार्केट कमेटी को सूचना दें।

# संक्षिप्त समाचार

## सार्वजनिक सम्पत्ति पर वॉल पेंटिंग बनाना गैर कानूनी



**यमुनानगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता को क्षेत्र में प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति यानि सरकारी और अर्ध सरकारी सम्पत्ति पर कोई भी वॉल पेंटिंग करना गैर कानूनी है। ऐसा करने के आरोपी के विरूद्ध डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता को प्रभावी ढंग से लागू करवाने के लिए गठित की गई टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे मामलों में पूरी सख्ती के साथ कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि निजी संपत्ति पर वॉल पेंटिंग करने के लिए संपत्ति मालिक की लिखित में पूर्व अनुमति लेना जरूरी है। उन्होंने कहा कि निजी संपत्ति पर वॉल पेंटिंग करने वाले कलाकार/पेंटर को अपना नाम व मोबाइल नंबर भी पेंटिंग के नीचे लिखना होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट 1985 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## डीएवी कॉलेज जालंधर में बाबा साहेब अंबेडकर जी की जयंती मनाई



**जालंधर।** प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार के दिशा निर्देश अनुसार डीएवी कॉलेज जालंधर की एनएसएस इकाई और रेड रिबन क्लब की ओर से बाबा साहिब अंबेडकर का जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संबंधित सदस्य पुस्तकालय के अंबेडकर अध्ययन केन्द्र में एकत्रित हुए, जहां उनके जीवन और दर्शन से सम्बन्धित संवाद हुआ। समन्वयक डॉ. साहिब सिंह ने बाबा साहब के बारे में अपने विचार प्रस्तुत करते हुए उन्हें एक महान् विद्वान समाज सुधारक और शिक्षा शास्त्री बताते हुए उनके द्वारा बताए गए योगदान को आधुनिक पीढ़ी के लिए प्रेरणास्पद बताया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने एनएसएस और रेड रिबन क्लब के इस प्रशंसनीय प्रयास के लिए उनकी प्रशंसा की। डॉ. गुरजीत कौर ने उपस्थित अध्यापकों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर पुस्तकालय अधीक्षक प्रो. नवीन सैनी, श्वेता, अरुण पाराशर, नरेंद्र पाल, राहुल, शबनम अविनाश आदि उपस्थित रहे।

## निर्माण कपूर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष लीगल सैल बनाया



**जगाधरी।** निर्माण कपूर एडवोकेट ने पायनियर जिला संवाददाता तरुण शर्मा से वार्ता में बताया कि उनको जननायक जनता पार्टी द्वारा वरिष्ठ उपाध्यक्ष लीगल सैल हरियाणा बनाया गया है। इस पर एडवोकेट निर्माण कपूर डॉक्टर अजय चौटाला राष्ट्रीय अध्यक्ष जननायक जनता पार्टी का व बलवान सुहाग प्रदेश अध्यक्ष जननायक जनता पार्टी लीगल सैल हरियाणा का धन्यवाद करते हैं। एडवोकेट निर्माण कपूर ने वार्ता के दौरान आश्वासन दिया कि वह अपनी इस जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण भाव से करेंगे। और पार्टी के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

## नचले हरियाणा के लिए मेरी गोल्ड स्कूल में हुए ऑडिशन

**कैथल।** सोशल एंड फोक कल्चर अवेयरनेस आर्गेनाइजेशन, लव डांस एंड म्यूजिक एकेडमी व स्कूल स्पोर्ट्स एंड कल्चरल एक्टिविटी फेडरेशन एंड रूरल ओलंपिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम नचले हरियाणा के तहत मेरी गोल्ड स्कूल में ऑडिशन हुए जिसमें स्कूल के 84 बच्चों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने पंजाबी डांस, देशभक्ति, हरियाणवी डांस प्रस्तुत किए। ऑडिशन को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। म्यूजिक डायरेक्टर लव शर्मा ने कहा कि उनका मकसद बच्चों को अपने देश-प्रदेश के कल्चर के बारे में व संस्कृति के बारे में अवगत कराना है। स्कूल के डायरेक्टर व प्रिंसिपल सुरेंद्र अरोड़ा ने इस ऑडिशन को सफल बनाने में दिल से सहयोग किया। इस प्रतियोगिता में ऑडिशन लेने के लिए लव डांस एंड म्यूजिक अकादमी के डायरेक्टर लव शर्मा, डॉ. विनय गुप्ता, गर्व शर्मा व पूनम पहुंचे और बच्चों का ऑडिशन लिया।



डांस प्रस्तुति देते हुए बच्चे

## महाआरती में इनेलो नेत्री तनुजा ने की शिरकत

**कुरुक्षेत्र।** धर्मनगरी के मोहन नगर स्थित विघ्नहर्ता गणपति मंदिर में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें इनेलो महिला विंग जिला अध्यक्ष तनुजा ने मुख्य यजमान के रूप में शिरकत की। उनके साथ इनेलो नेता धर्मवीर कश्यप एवं दर्जनों कार्यकर्ताओं ने मां भगवती जी की भव्य आरती की। विघ्नहर्ता गणपति ट्रस्ट के प्रधान चंचल द्वारा इनेलो महिला जिला अध्यक्ष तनुजा को गणेश जी की प्रतिमा भेंट की गई। जिलाध्यक्ष तनुजा ने कहा कि आज उन्हें कुरुक्षेत्र में सर्वप्रथम विघ्नहर्ता गणपति मन्दिर में आने और महाआरती में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश सब देवी देवताओं में सबसे पहले पूजने वाले भगवान है। कोई भी शुभ कार्य शुरू करने से पहले भगवान गणपति की आराधना की जाती है। भगवान गणेश सबके दुखो को हर लेते है, इसीलिए उन्हें विघ्नहर्ता भी कहते है। नवरात्र की शाम मन्दिर में आने और महाआरती में शामिल होने का उन्हें मौका मिला है।

# वोटर जागरूकता एवं लोकतांत्रिक भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रशासन की नई पहल

एजेंसी। जालंधर

### 19 अप्रैल तक ऑनलाइन पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन मुकाबला

**जिला** चुनाव अधिकारी डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान जिलावासियों और विशेषकर युवाओं को अपने मताधिकार प्रति जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा गंभीर प्रयास किए जा रहे है। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि देश के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत करने के लिए जिलावासियों को मताधिकार का सही प्रयोग करने के लिए जागरूक करने के प्रयासों अधीन जिला प्रशासन द्वारा %लोकतंत्र का त्योहार 19 अप्रैल 2024 को रात 11.59 बजे तक ऑनलाइन पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन मुकाबले करवाए जा रहे है।इन मुकाबलों में साईज, 18-22 आकार का एक डिजिटल पोस्टर या भौतिक पोस्टर की एक एच.डी. फोटो बनाकर फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट करने के बाद DC Jalandhar (फेसबुक) या dc.jalandhar (इंस्टाग्राम) को टैग की जा सकती है।

उन्होंने कहा कि यह पोस्ट डालने के बाद अपने फॉलोअर्स को लाइक, कमेंट और शेयर करने के लिए कहा जा सकता है। डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने पोस्टर बनाते समय आदर्श चुनाव प्रक्रिया का सख्ती से पालन करते हुए किसी भी राजनीतिक दल या एजेंडे का प्रचार न करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पोस्टर और स्लोगन लेखन दौरान कोई भी भडकाऊ, आपत्तिजनक शब्द या डिज़ाइन का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि सर्वाधिक पसंद किए जाने वाले पोस्टर/पोस्टर को विजेता घोषित कर पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान ऑनलाइन पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन मुकाबले आयोजित करने का जिला प्रशासन का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों, विशेषकर युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाना है। उन्होंने कहा कि देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने में युवा मतदाता अहम भूमिका निभाते है। डॉ. अग्रवाल ने युवाओं को जिला प्रशासन द्वारा आयोजित की जा रही ऑनलाइन पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन मुकाबले में सक्रिय तौर पर भाग लेने और देश के सबसे बड़े लोकतंत्र उत्सव में प्रभावी पोस्टर और स्लोगन से प्रेरित करने का न्योता दिया।

# अडानी साइलो में गेहूं में नमी को लेकर किसानों को परेशान करना बंद करें: कसाना

एजेंसी। कैथल

**भारतीय** किसान यूनियन चंढूनी संगठन के युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना ने ढांड बस स्टैंड स्थित कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा सरकार पर किसान व मजदूर विरोधी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अडानी साइलो ढांड में गेहूं की नमी की मात्रा को लेकर ट्रालियों को रिजेक्ट किया जा रहा है और जब किसान सैम्पल लैब में बैठे अधिकारी से बातचीत करते हैं तो उनसे अभद्र व्यवहार करने पर उतारू हो जाते हैं। किसान कई-कई घंटे लाइन मे खड़ा होकर तुलाई कांटे व सैम्पल लैब पर पहुंचता है तो वहां पर गेहूं में नमी की मात्रा अधिक बताकर उसे रिजेक्ट कर दिया जाता है। कसाना ने कहा कि अगर अडानी साइलो ढांड मे इसी तरह किसानों के



मीडिया से बात करते हुए विक्रम कसाना

साथ दुर्व्यवहार व अभद्रता की गई तो भाकियू चंढूनी बर्दाश्त नहीं करेगी। किसान सम्मानजनक तरीके से अपनी फसल बेचना चाहता है, उसे तंग व परेशान न करें नहीं तो हमें कठोर कदम उठाने पड़ेंगे। इसके साथ ही हम मांग करते हैं कि गेहूं सैंपलिंग की सुविधा अडानी साइलो के गेट पर ही होनी चाहिए ताकि किसानों का समय बच सके। सरकार की लापरवाही के कारण किसानों की लाखों क्विंटल गेहूं व सरसों मंडियो में खुले में पड़ी है। हल्की बारिश व मौसम खराब होने के कारण किसानों की गेहूं व सरसों खराब होने का डर सता रहा है। आगे भी मौसम विभाग द्वारा हरियाणा में बारिश बताई जा रही है। सरकार को 72 घंटे में गेहूं व सरसों की खरीद, उठान व भुगतान के सभी दावे फेल साबित हो रहे हैं। यह तानाशाह रवैया किसान व मजदूर के साथ छल व विश्वासघात कर रहा है।

### स्वर्ण प्राशन से बच्चे कम पड़ते हैं बीमार : डॉ. शंभू दयाल

**कुरुक्षेत्र।** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के कौमारभृत्य विभाग द्वारा मंगलवार को मासिक निशुल्क स्वर्ण प्राशन शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 250 से अधिक बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया। कौमारभृत्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. शंभू दयाल शर्मा ने स्वर्ण प्राशन से होने वाले लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि इसके सेवन से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक दोनों तरह से विकास होता है। इसके साथ ही बालकों में रोग-प्रतिरोधक क्षमता यानी बीमारियों से लड़ने की शक्ति बढ़ती है। जिसकी वजह से बच्चों में रोग होने की संभावना कम होती है।

# चैटवाइज, एक नया सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भारत में लॉन्च के लिए तैयार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दुनिया का पहला सोशल मीडिया नेटवर्क, चैटवाइज 17 अप्रैल को यूके और भारत में संयुक्त रूप से लॉन्च किया जाएगा। यह उपयोगकर्ताओं को कंपनी पर अभूतपूर्व स्तर का स्वामित्व और प्रभाव प्रदान करके सोशल मीडिया में एक आदर्श बदलाव लाएगा। ब्रिटिश भारतीय प्रमोटरों द्वारा यूके के कैम्ब्रिज के टेक हब में विकसित, चैटवाइज अद्वितीय सुविधाएं प्रदान करता है, जिनकी सार्वजनिक हस्तियों और राजनेताओं द्वारा लगातार मांग की जाती रही है और जो अभी तक किसी भी सोशल नेटवर्क पर उपलब्ध नहीं हैं।

चैटवाइज को बॉट्स, गलत सूचना और दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों से निपटने के लिए कठोर उपायों को लागू करके उपयोगकर्ता सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। सभी उपयोगकर्ता निजी खातों के रूप में जुड़ते हैं और केवल पहचान प्रस्तुत करके, वे सार्वजनिक रूप से पोस्ट कर सकते हैं। इससे ऑनलाइन सुरक्षा बढ़ेगी, दुर्भावनापूर्ण व्यवहार को हतोत्साहित किया जाएगा और फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आमतौर पर पाए जाने वाले बॉट्स की उपस्थिति को समाप्त किया जाएगा। एक समाज के रूप में, हम एआई और डीप-फेक के लिए तैयार नहीं हैं।

चैटवाइज दुनिया को थोड़ी अलग दिशा में ले जा रहा है। प्रौद्योगिकी में प्रगति के साथ किसी उपयोगकर्ता को सत्यापित करने में 1 मिनट से भी कम समय लगता है, तो फिर ऐसा क्यों न किया जाए। चैटवाइज लोगों के स्वामित्व वाली कंपनी होगी और वह वही करेगी जो हमारे बच्चों के लिए सबसे अच्छा है। मैं तभी संतुष्ट होऊंगा जब मैं अपने बच्चों को चैटवाइज का उपयोग करते हुए देखूगा, यही वह मानक है जिसे हमने निर्धारित किया है चैटवाइज के सह-संस्थापक गगन गुलाटी ने कहा।

यह प्लेटफ़ॉर्म स्वामित्व भी प्रदान करता है जो प्रमुख विशेषताओं में से एक है। पहले 10 लाख उपयोगकर्ता बुनियादी कार्य करके कंपनी में शेयर प्राप्त करेंगे, जिससे उन्हें कंपनी के मार्केट कैप बढ़ने के साथ-साथ धन अर्जित करने की अनुमति मिलेगी।

# वार्षिक स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों को स्कूल यूनिफॉर्म, किताबें व प्रसाद किया वितरित



पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**निर्मल** धाम का 27वां स्थापना दिवस समारोह तथा विद्यालय संस्थापक संत अमरीक देव जी का वरसी समागम बड़ी धूमधाम व श्रद्धा भाव से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में अखंड पाठ तथा एक जपुजी साहिब के पाठों का शुभारंभ श्रीमान 108 महंत बाबा राम सिंह जी महाराज द्वारा किया गया। महंत बाबा राम सिंह जी महाराज द्वारा संत निक्का सिंह पब्लिक स्कूल के तीनों विद्यालय के गणमान्य व्यक्तियों को अध्यापक- अध्यापिकाओं को सरोपे व प्रसाद वितरित किया गया । विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा आध्यात्मिक लघु नाटिका व झांकियां प्रस्तुत की गई ।

पाठ के भोग उपरांत महाराज जी द्वारा नर्सरी व एलकेजी कक्षाओं का शुभारंभ करने के उपरांत विद्यार्थियों को स्कूल यूनिफॉर्म, किताबें व प्रसाद वितरित किया गया। उपस्थित जन भी महाराज जी के दर्शन से लाभान्वित हुए और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कार्यकारी संत जोघ सिंह महाराज जी, संत कवल इंद्र सिंह, संत निरभिन्दर सिंह, निदेशक एसएनसूरी, रेणु, कुलदीप सिंह कालड़ा, गुरविंदर सिंह, केएल डांग, सीनियर मैनेजर राजेश गुप्ता, तीनों विद्यालयों की प्रधानाचार्य व अध्यापकगण ने उपस्थित होकर महाराज जी से शुभाशीष प्राप्त किया।

# शिव नादर इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस ने 2024-25 में प्रवेश के लिए गुरुग्राम में किया जानकारी भरा सत्र

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शिव** नादर इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस ने गुरुग्राम में आयोजित एक जानकारी सत्र में भावी छात्रों और उनके परिवारों का स्वागत किया। इस सत्र ने छात्रों और उनके अभिभावकों को यूनिवर्सिटी के शीर्ष नेतृत्व और शिक्षकों के साथ बातचीत करने का एक मंच प्रदान किया, और शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए एडमिशन से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराई। यूनिवर्सिटी वर्तमान में अपने चार स्कूलों- इंजीनियरिंग, नेचुरल साइंस, मैनेजमेंट एंड एंत्रप्रेन्योरशिप, और ह्यूमेनिटीज एंड सोशल साइंस- के सभी प्रोग्राम के लिए आवेदन स्वीकार कर रही है। आवेदन फॉर्म यूनिवर्सिटी की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

डॉ. राजीव कुमार सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर और एसोसिएट डीन, शैक्षणिक, शिव नादर इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस, जिन्होंने सत्र का संचालन किया, ने यूनिवर्सिटी में उपलब्ध विविध अवसरों और योग्य छात्रों के लिए नई स्कॉलरशिप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्कॉलरशिप से जुड़ी संपूर्ण जानकारी इस वेबसाइट लिंक पर उपलब्ध है। .

सत्र के दौरान अभिभावकों और छात्रों को संबोधित करते हुए, डॉ. सिंह ने कहा, शिव नादर इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस एक छात्र केंद्रित, बहु-विषयक रिसर्च यूनिवर्सिटी है। इंडस्ट्री के साथ मजबूत जुड़ाव और हमारे शिक्षकों के रिसर्च वर्क द्वारा यूनिवर्सिटी में पढ़ाई निरंतर समृद्ध हो रही है। यूनिवर्सिटी का अटल इनक्यूबेशन सेंटर एक ऐसा



झूलाघर है, जो स्टार्टअप आइडिया का पोषण करता है और उन्हें फलीभूत होने तक माता-पिता की तरह संभालता है। भौतिक इंफ्रास्ट्रक्चर में न केवल पढ़ाई का माहौल असाधारण है, बल्कि पाठ्यक्रम के लिए बनाई जाने वाली योजना भी असाधारण है।

सत्र में यूनिवर्सिटी के मजबूत रिसर्च ईकोसिस्टम पर भी प्रकाश डाला गया, जिसमें 16 विभाग और 6 रिसर्च सेंटर शामिल हैं, जो यूनिवर्सिटी के अत्याधुनिक अनुसंधान प्रयासों पर जोर देते हैं। प्रोफेसर संजीव गलांडे, डीन, स्कूल ऑफ लाइफ साइंस, प्रोफेसर सुनीत तुली, डीन, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, प्रोफेसर रजत कठूरिया, डीन, स्कूल ऑफ ह्यूमेनिटीज एंड सोशल साइंस, डा. देबराती बासु, एसोसिएट प्रोफेसर, स्कूल ऑफ ह्यूमेनिटीज एंड सोशल साइंस, और डॉ. संजू कालरा, असिस्टेंट प्रोफेसर, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड एंत्रप्रेन्योरशिप ने बातचीत के दौरान सवालों के उत्तर दिए।

# कुरुक्षेत्र की जनता का आशीर्वाद, सहयोग समर्थन ही मेरी असली ताकतः नवीन जिंदल

## कहाः देश जानता है कि मोदी की गारंटी का मतलब गारंटी की पक्की गारंटी होना

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद, सहयोग, समर्थन ही मेरी असली ताकत है। जनता के आशीर्वाद से वह एक बार फिर उनकी सेवा करेंगे और उनकी उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो कहते हैं वो करके दिखाते हैं। भाजपा के संकल्प पत्र में हर वर्ग गरीब, युवा अन्नदाता और महिला सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। नवीन जिंदल ढांड, पूंडरी, फतेहपुर व कैथल मंडी में आयोजित कार्यक्रमों में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। ढांड में उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ढांड, पवन कसाना, शमशेर बग्गा, ईश्वर साकरा ब्लाक समिति चेयरपर्सन प्रतिनिधि, महिला जिलाध्यक्ष अनिता चौधरी, बीरभान गर्ग, रामस्वरूप गांगल, महेंद्र कसाना पूर्व ब्लॉक समिति उपाध्यक्ष, पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह भल्ला, ईशम सिंह साकरा, बलिया राम, सतपाल, ज्ञान चंद, नवाब सिंह, श्याम लाल, राजन, अजय, सुरेंद्र शर्मा, महेंद्र सिंह, संजीव, ककू, लोकेश, रामकरण, हेमराज सहित कई गण्यमान्य लोग मौजूद थे। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिंदल ने कहा कि जो घोषणा पत्र जारी किया गया है वह पक्की गारंटी है, क्योंकि देश जानता है कि मोदी की गारंटी का मतलब गारंटी की पक्की गारंटी होता है। उन्होंने कहा कि मुफ्त राशन बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ मोदी ने देश को 2029 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनाने का वादा किया हैं। संकल्प पत्र के बाद तय हैं कि देश में एक ही गारंटी चलेगी वो नरेंद्र मोदी की विकास की गारंटी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने खेलों में देश के युवाओं को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है और भविष्य में ओलंपिक कराने का संकल्प मोदी के दृढ़ संकल्प को दिखाता है। नवीन जिंदल ने कहा कि मोदी ने समावेशी विकास की बात कही थी, वह करके दिखा दिया। पिछले पांच साल से देश के 80 फीसदी से ज्यादा गरीबों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है और अब तो 2029 तक इसे जारी रख गरीब कल्याण का वादा पूरा किया जा रहा है। भाजपा ने तीन तलाक समाप्त किया, महिलाओं के लिए आरक्षण की बात कही थी, नारी शक्ति वंदन अधिनियम के साथ यह पूरा किया, राम मंदिर बनाने का वादा पूरा किया, यूसीसी पर भी मोदी सरकार ने जो कहा वह करके दिखाया। भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत का रोडमैप है। कैथल मंडी में उनके साथ विधायक लीला राम, मुकेश जैन, ज्योति सैनी, मुनीष कठवाड़, कृष्ण गर्ग, सुरेश गर्ग, कृष्ण बंसल, प्रयाग राज बालू, सुनील चुघ, अश्वनी शोरेवाला, राजीव लाटका आदि उपस्थित थे।


मंच पर उपस्थित नवीन जिंदल व अन्य

# हरियाणा कांग्रेस के कई विभागों के नियुक्त किए गए चेयरमैन

## प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने दी बधाई, कहा, कांग्रेस की मजबूती के लिए करें काम

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** में जिला और ब्लॉक स्तर पर संगठन की कमी से जूझ रही कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के वक्त प्रकोष्ठों के चेयरमैन नियुक्त कर कुछ ताकत जुटाने का प्रयास किया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने ये नियुक्तियां की हैं। कांग्रेस नेता राकेश गर्ग को हरियाणा कांग्रेस के केमिस्ट सेल का चेयरमैन बनाया गया, रिटायर्ड आईएएस चंद्र प्रकाश को दस्तकार और शिल्पकार सेल, डॉक्टर राजेश शर्मा को डॉक्टर सेल, अशोक बुवानीवाला को इंडस्ट्रीज सेल, महावीर मलिक को रिटायर्ड गवर्नमेंट एंप्लॉयज सेल, लखन सिंघला को व्यापार मंडल सेल का चेयरमैन नियुक्त किया गया है।

चौधरी उदयभान ने नियुक्त किए गए सभी चेयरमैन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि सभी मिलकर पार्टी की मजबूती के लिए काम करेंगे।

सभी लोग लोकसभा और विधानसभा चुनाव की लड़ाई को मजबूती से लड़ेंगे, ताकि हर वर्ग का शोषण कर रही इस सरकार को सत्ता से बाहर किया जा सके। उन्होंने कहा कि आज हर वर्ग इस सरकार से विमुख हो चुका है और प्रदेश की जनता इस सरकार की असल सच्चाई जान चुकी है। इसलिए प्रदेश में अबकी बार बदलाव पहले से ही तय है और निश्चित तौर पर देश और प्रदेश में भी कांग्रेस की सरकार बनेगी।


**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड** (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है। "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियाँ (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/सह-ऋणीयों/ गारण्टर बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनों के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नहीं करवाते है तो प्राधिकृत अधिकारी उक्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा। जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ प्रति प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है। अतः आप ऋणियों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चों एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें। इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे। ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम 3 (5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चों प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋण खाता संख्या / ऋणी/सहऋणी/ बन्धकर्ता/गारन्टर का नाम | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पति का विवरण |
|---|---|---|
| (खाता सं.) L9001060123387720 जीके गोट एण्ड पोल्ट्री फार्म जरिए प्रोपराइटर गौरव (ऋणी), वीरेंद्र कुमार (सह-ऋणी), श्रीमती सुनिता (सह-ऋणी), गौरव (सह-ऋणी) | 12 मार्च 2024 ₹ 1185109/- रु. ग्यारह लाख पचासी हजार एक सौ नौ मात्र दिनांक 11 मार्च 2024 | संपति स्थित संपति नं. बी-2/26/डी. 11, हट्टा बाजार, नूर लुहार के पास, वार्ड नं. 07, जिला-महेंद्रगढ़, हरियाणा क्षेत्रफल 353.16 वर्ग गज |
| (खाता सं.) L9001060728632723 श्रीमती शकुंतला देवी (सह-ऋणी व स्व. श्री नितिन के विधिक उत्तराधिकारी - ऋणी). | 28 फरवरी 2024 ₹ 1406915/- रु. चौदह लाख छह हजार नौ सौ पंद्रह मात्र दिनांक 27 फरवरी 2024 | संपति स्थित प्लॉट नं. 24, खसरा नं. 34//1/2, 2/1, 25//22/1, 246 1, नीलम बाटा रोड, गांव-नीमी, जिला-फरीदाबाद, हरियाणा क्षेत्रफल 540 वर्ग फीट |
| (खाता सं.) L9001060818787904 कनासिया ट्रेडर्स (ऋणी), मुकेश कुमार (सह-ऋणी), श्रीमती सीमा (सह-ऋणी) | 12 मार्च 2024 ₹ 1303369/- रु. तेरह लाख तीन हजार तीन सौ उनहत्तर मात्र दिनांक 11 मार्च 2024 | संपति स्थित फ्रीहोल्ड - नगर निगम सीमा मेट्रो और शहरी एमसीएफ नं. 1015डी 34 16 फरीदाबाद, जिला- फरीदाबाद, हरियाणा क्षेत्रफल 200 वर्ग गज |
| (खाता सं.) L9001061124301527 मुकेश कुमार (ऋणी), श्रीमती सीमा (सह-ऋणी) | 13 मार्च 2024 ₹ 365768/- रु. तीन लाख पैंसठ हजार सात सौ अड़सठ मात्र दिनांक 11 मार्च 2024 | संपति स्थित सर्वे नं. 34 16 12 1 11 20, प्लॉट नं. 56, वाका मौजा डबुआ कॉलोनी, गांव - बल्लभगढ़, जिला-फरीदाबाद, हरियाणा क्षेत्रफल 200 वर्ग गज |
| (खाता सं.) L9001060126132251 रमेश (ऋणी), श्रीमती बाला (सह-ऋणी), नानक चंद (सह-ऋणी), मिसरो (सह-ऋणी) | 13 मार्च 2024 ₹ 588638/- रु. पांच लाख अट्ठासी हजार छह सौ अड़तीस मात्र दिनांक 11 मार्च 2024 | संपति स्थित खसरा नं. 1368 6-5 1375 8-10, गांव- पलवल, हुडा चौक के पास जिला-फरीदाबाद, हरियाणा क्षेत्रफल 100 वर्ग गज |
| (खाता सं.) L9001060831369172 रमेश (ऋणी), श्रीमती बाला (सह-ऋणी), नानक चंद (सह-ऋणी), मिसरो (सह-ऋणी) | 13 मार्च 2024 ₹ 593359/- रु. पांच लाख तिरानवे हजार तीन सौ उनसठ मात्र दिनांक 11 मार्च 2024 | संपति स्थित खसरा नं. 1368 6-5 1375 8-10, हुडा चौक के पास, गांव - पलवल, तहसील-फरीदाबाद, जिला-फरीदाबाद, हरियाणा क्षेत्रफल 100 वर्ग गज |
| (खाता सं.) L9001060126518871 लक्ष्मी ट्रेडर्स (ऋणी), गौरव शर्मा (सह-ऋणी), यूनिक होम सोल्यूशंस (सह-ऋणी), मनप्रीत शर्मा (सह-ऋणी) | 13 मार्च 2024 ₹ 3358796/- रु. तैंतीस लाख अट्ठावन हजार सात सौ छियानवे मात्र दिनांक 11 मार्च 2024 | संपति स्थित पीपी नं. 07, पार्कलैंड, सेक्टर नं. 77, तह- तिगांव, जिला-फरीदाबाद, हरियाणा क्षेत्रफल 155.372 वर्ग मीटर |
| (खाता सं.) L9001060119131811 रमेश चंदर (ऋणी), श्रीमती राजवंती आर (सह-ऋणी), विशाल वी (सह-ऋणी) | 12 मार्च 2024 ₹ 1208947/- रु. बारह लाख आठ हजार नौ सौ सैंतालीस मात्र दिनांक 11 मार्च 2024 | संपति स्थित फ्रीहोल्ड - नगर निगम सीमा मेट्रो और शहरी 5126, 547 और 5126, 547, शक्ति नगर झज्जर नगर पालिका, हरियाणा क्षेत्रफल 150 वर्ग गज |
| (खाता सं.) L9001060122383919 न्यू टाइल्स कॉन्सेप्ट जरिए प्रोपराइटर भूषण कुमार (ऋणी), भूषण कुमार (सह-ऋणी), श्रीमती सीमा (सह-ऋणी) | 12 मार्च 2024 ₹ 465386/- रु. चार लाख पैंसठ हजार तीन सौ छियासी मात्र दिनांक 11 मार्च 2024 | संपति स्थित इंतकाल नं. 599, हलबस्त नं. 149, खेवत/खटौनी नं. 65/73, गांव - कन्हान माजरी, उप तहसील- संधौरा, तहसील-बिलासपुर, जिला - यमुना नगर, हरियाणा क्षेत्रफल 90 वर्ग गज |
| (खाता सं.) L9001060722767562 विकास ट्रेडिंग कंपनी (ऋणी), विकास जांगड़ा (सह-ऋणी), श्रीमती प्रियंका (सह-ऋणी), गौरव जांगड़ा (सह-ऋणी) | 12 मार्च 2024 ₹ 1452164/- रु. चौदह लाख बावन हजार एक सौ चौंसठ मात्र दिनांक 11 मार्च 2024 | संपति स्थित नगर निगम 121 किट्टे 4, रकबा 15, कनाल 30/2727, समालखा, जिला-पानीपत, हरियाणा क्षेत्रफल 266 वर्ग गज |
| (खाता सं.) L9001060733916880 गुलशन (ऋणी), सुदेश (सह-ऋणी) | 13 मार्च 2024 ₹ 1572919/- रु. पंद्रह लाख बहत्तर हजार नौ सौ उन्नीस मात्र दिनांक 11 मार्च 2024 | संपति स्थित प्लॉट नं. 922, खेवत नं. 961 खाता नं. 1283, गांव- गोहाना, तहसील- गन्नौर, जिला-सोनीपत, हरियाणा क्षेत्रफल 129 वर्ग गज |
| (खाता सं.) L9001060724206672 जगदम्बे- 99 कलेक्शन (ऋणी), विपिन खुराना (सह-ऋणी), सोम नाथ (सह-ऋणी), श्रीमती शकुंतला जी (सह-ऋणी), विजय कुमार (सह-ऋणी) | 13 मार्च 2024 ₹ 2319986/- रु. तेइस लाख उन्नीस हजार नौ सौ छियासी मात्र दिनांक 11 मार्च 2024 | (1) संपति स्थित एनएन टैक्स यूनिट नं. 129, न्यू हाउस टैक्स नं. बी08/624, गली खेतान वाली, नोहित गेट, जिला-सिरसा, हरियाणा क्षेत्रफल 120 वर्ग गज (2) संपति स्थित गांव - अरसा खेड़ा, तहसील - डबवाली, जिला - सिरसा, हरियाणा क्षेत्रफल 11.87 वर्ग गज |
| (खाता सं.) L9001060827625300 जगदम्बे- 99 कलेक्शन (ऋणी), विजय कुमार (सह-ऋणी), विपिन खुराना (सह-ऋणी), श्रीमती शकुंतला जी (सह-ऋणी), सोम नाथ (सह-ऋणी) | 13 मार्च 2024 ₹ 600480/- रु. छह लाख चार सौ अस्सी मात्र दिनांक 11 मार्च 2024 | (1) संपति स्थित संपति टैक्स आईडी नं. Srs/805/0181, वाकिया गली खान साहब वाली रोरी बाजार, तहसील और जिला-सिरसा, हरियाणा क्षेत्रफल 11.87 वर्ग गज (2) संपति स्थित संपति कर आईडी नं. Srs/808/576, मकान बी08/624, वाकिया खटिकान वली सिरसा, तहसील और जिला-सिरसा, हरियाणा क्षेत्रफल 120 वर्ग गज |
| (खाता सं.) L9001060130538286 बाबा मोहन राम एंटरप्राइजेज (ऋणी), रजनेश कुमारी (सह-ऋणी), परवीन कुमार (सह-ऋणी) | 13 मार्च 2024 ₹ 892926/- रु. आठ लाख बानवे हजार नौ सौ छब्बीस मात्र दिनांक 11 मार्च 2024 | संपति स्थित निजी नं. 13 खेवत नं. 600 खतौनी नं. 693 मस्टेल नं. 58 किला नं. 23/2 3-8, गांव-कोसली, तहसील, और, जिला-रेवाड़ी, हरियाणा क्षेत्रफल 125 वर्ग गज |
| (खाता सं.) L9001060132069944 गुरुनानक फर्नीचर वर्क्स (ऋणी), कुलविंदर कौर (सह-ऋणी), बलजिंदर सिंह (सह-ऋणी), हनी (सह-ऋणी) | 13 मार्च 2024 ₹ 643329/- रु. छह लाख तैंतालीस हजार तीन सौ उनतीस मात्र दिनांक 11 मार्च 2024 | संपति स्थित संपति आईडी नं. 60616Nw051000R0273A, एच यूआईडी नं. 606160273, गांव - बड़ागुढ़ा, तहसील- बड़ा गुढ़ा, जिला-सिरसा, हरियाणा क्षेत्रफल 221.3 वर्ग मीटर |
| (खाता सं.) L9001060132142318 पंजाबी वैष्णो ढाबा (ऋणी), गगनदीप अरोड़ा (सह-ऋणी), रोशन लाल (सह-ऋणी) | 13 मार्च 2024 ₹ 734359/- रु. सात लाख चौंतीस हजार तीन सौ उनसठ मात्र दिनांक 11 मार्च 2024 | संपति स्थित खेवत नं. 453 न्यूनतम खतौनी नं. 888 खसरा नं. 1364 1368-2 1370 अब नया खेवत नं. 482 खतौनी नं. 903, बिक्री विलेखएनं. 6125, फाटक वाली गली, जिला-सिरसा, हरियाणा, क्षेत्रफल 43 वर्ग गज |
| (खाता सं.) L9001060127858324 गोल्डी फुटवियर (ऋणी), श्रीमती मीनाक्षी नैय्यर (सह-ऋणी), भारत भूषण (सह-ऋणी), नरेश (सह-ऋणी) | 19 मार्च 2024 ₹ 4561401/- रु. पैंतालीस लाख इकसठ हजार चार सौ एक मात्र दिनांक 18 मार्च 2024 | संपति स्थित प्लॉट नं. 45, मौजा सैंपल, गांव-रोहतक, तहसील-सैंपल, जिला-रोहतक, हरियाणा क्षेत्रफल 200 वर्ग गज |

स्थान : हरियाणा दिनांक: 16-04-2024 प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड


# युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने की सलाह दी

एजेंसी। कुरुक्षेत्र

**भगवान** परशुराम कॉलेज में नशा मुक्ति अभियान व शारीरिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एक व्याख्यान करवाया गया जिसमें मुख्य वक्ता गवर्नमेंट कॉलेज, पलवल के डॉ. राजवीर रहे। डॉ. राजवीर ने आज की युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने की सलाह दी। साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि युवा कैसे नशे की लत में अनजाने में पड़ जाता है और सब कुछ चाहते हुए भी बाहर नहीं निकाल पाता। उन्होंने आज के परिवेश सामाजिक कुरीतियों और नशे के प्रभाव का व्यक्ति के जीवन पर पड़ने वाला नकारात्मक प्रभावों की खुलकर चर्चा की। विद्यार्थियों ने डॉ. राजवीर से इसके बचाव व किस तरह से अपने आप को इन सब चीजों से दूर रखा जाए, के बारे में भी चर्चा की। इस अवसर पर नशा मुक्ति अभियान के महाविद्यालय के संयोजक डॉ. दिलबाग सिंह ने डॉ. राजवीर का परिचय देते हुए बताया कि डॉ. राजवीर विद्यार्थी जीवन से ही नशा मुक्ति का संकल्प लेकर सामाजिक जीवन में काम कर रहे हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शीश पाल ने विद्यार्थियों को स्वयं जागरूक होने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी की जिम्मेदारी अब परिवार के साथ-साथ समाज के प्रति भी बढ़ चुकी है। खेलों के द्वारा दूसरी गतिविधियों के द्वारा वह अपने दिनचर्या को इस तरह बना ले कि उनका व्यर्थ चीजों की तरफ ध्यान ही ना जाए। सभी छात्रों ने प्रण लिया कि हम नशे से दूर रहेंगे और आने वाले चुनावों में 25 मई को बढ़ चढ़कर मतदान करेंगे। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. सौरभ त्रिखा ने डॉ. राजवीर का शारीरिक शिक्षा विभाग की तरफ से धन्यवाद किया।



# भाजपा के बड़े नेता भाजपा के पिछले घोषणा पत्र को जुमला पत्र बताते हैं : श्याम सुंदर बतरा

पायनियर समाचार सेवा। जगाधरी

**ऑर्डिनेटर** जिला कांग्रेस एवं पूर्व जिला परिषद चेयरमैन यमुनानगर श्याम सुंदर बतरा ने प्रेस वार्ता के दौरान जिला संवाददाता पायनियर तरुण शर्मा से बातचीत में भाजपा के घोषणा पत्र पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा के बड़े नेता पहले भी अपने घोषणा पत्र को जुमला कह चुके हैं। भाजपा ने केवल जनता को झूठे सपने दिखाए और जनता के साथ विश्वासघात किया है। हमेशा लोकतंत्र विरोधी सोच रही है भाजपा की। भाजपा देश के व्यापारी वर्ग में दहशत कायम करके लोकतंत्र का गला घोटना चाहती है।

10 वर्षों तक लोगों को लाइन में लगाकर रखने वाली भाजपा आज किस हक से गरीब आदमी से वोट की उम्मीद कर रही है।

बतरा ने कहा क्या दूध और दही और अन्य खाद्य वस्तुओं पर जीएसटी से महंगाई से शहर का गरीब और मध्यम वर्ग परेशान नहीं है। इसकी जिम्मेदार केंद्र की भाजपा सरकार है।



बड़े व्यापारियों के कई लाख करोड़ के कर्ज माफ कर दिए जाते है परंतु मध्यम वर्ग और किसान के लिए केंद्र सरकार के पास कुछ नहीं है।

जबकि कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने पूरे देश की यात्रा करने के बाद लोगों की भावनाओं को समझते हुए देश में घूम कर विचार करने के बाद जनता के हित के लिए घोषणा पत्र तैयार किया जिसकी आज देश के सभी वर्गों में प्रशंसा हो रही है श्याम सुंदर बतरा ने कहा कि देश व प्रदेश में कांग्रेस पार्टी बहुमत के साथ सरकार बनाएगी राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा हरियाणा की बेटी हैं और 36 बिरादरी की सर्वमान्य नेता है।

श्याम सुंदर बतरा ने कहा कि कुमारी सैलजा कांग्रेस पार्टी कद्दावर नेता हैं कांग्रेस पार्टी की सच्ची सिपाही हैं जहां भी पार्टी को जरूरत होगी कुमारी सैलजा वहां से चुनाव लड़ेंगी हरियाणा प्रदेश की सर्व समाज की सर्वमान्य नेता कुमारी सैलजा पूरे हरियाणा प्रदेश में सभी लोकसभा सीटों पर कांग्रेस पार्टी का चुनावी प्रचार संभालेंगी और सभी लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता एकजुट होकर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार को विजयी बनाकर केंद्र में कांग्रेस सरकार बनाने का काम करेंगे।

# कुलपति ने पुस्तक का किया विमोचन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कुवि के विधि विभाग के प्रोफेसर डॉ. सीआर जिलोवा और डॉ. बीआर अंबेडकर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, सोनीपत के डॉ. निशांत जिलोवा द्वारा लिखित पुस्तक भारत में कानून, सामाजिक परिवर्तन और न्यायिक प्रक्रिया का विमोचन किया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि यह पुस्तक एलएलएम के विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी रहेगी। उन्होंने पुस्तक के लेखक प्रोफेसर डॉ. सीआर जिलोवा और डॉ. निशांत जिलोवा को बधाई दी और उनके प्रयासों की सराहना की। डॉ. सीआर जिलोवा ने बताया कि यह पुस्तक 10-15 विश्वविद्यालयों के एलएलएम सिलेबस को लेकर लिखी है। इस सिलेबस को एलएलएम के सीबीसीएस के सीडीआरई सब्जैक्ट में पढ़ाया जाता है।

इस पुस्तक के अंदर हिस्टोरिकल डेवलेपमेंट आफ लीगल सिस्टम इन इंडिया, रिलेशनशिप बिटवीन लॉ एंड सोशल इंस्टिट्यूशंस, रोल ऑफ ट्रेडेशंस एंड कल्चर इन शोपिंग लॉ, लॉजिसलेटिव प्रोसेस इन इंडिया, प्रिंसिपल्स आफ लेजिसलेशंस लॉ एंड सोशल चेंज, कम्यूनिटी एंड लॉ, रिलिजियन एंड लॉ, वूमैन एंड लॉ, चिल्ड्रन एंड लॉ, मॉडरनाईजेशन आफ इंस्टिट्यूशन थ्रू लॉ को बड़े विस्तार से बताया गया है।



# गीता विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाई दुर्गाष्टमी व राम नवमी

पायनियर समाचार सेवा। शाहाबाद मारकंडा

**गीता** विद्या मंदिर में दुर्गा अष्टमी और राम नवमी का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या निशा गोयल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान नर्सरी से दसवीं के बच्चों ने कार्यक्रम में भजन, श्रीराम स्तुति, नृत्य, गीत और एक्ट की प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्या निशा गोयल ने सभी को विद्यालय की ओर से दुर्गाष्टमी और राम नवमी की हार्दिक बधाई देते हुए मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि मां दुर्गा के नौ रूप है, जो शक्ति व साहस का प्रतीक है।


कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी

# भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत की तरफ बढ़ता महत्वपूर्ण कदम : मनोहर लाल

पायनियर समाचार सेवा। पानीपत

**जिला** के क़स्बा मतलौडा में मंगलवार को करनाल लोकसभा के भाजपा उम्मीदवार एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। मतलौढा पहुंचने पर राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, वरिष्ठ नेता गजेंद्र सलूजा, रोशन लाल माहला, कृष्ण छोक्कर और पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र जलमाना ने स्वागत किया। सभा को सांसद कृष्ण लाल पंवार, लोकसभा संयोजक हरविन्द्र कल्याण और भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने भी संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने लगभग 500 वर्षों से विवादित मामले को सुलझवा कर अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करवाया है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटवाई। गत 10 वर्षों में देश में शांति और सुरक्षा का माहौल बनाया और किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ दिलवाया और गरीब जनता को उसके हक़ का पैसा ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में डलवाया। हरियाणा सरकार ने भी प्रदेश में एक लाख 40 हजार युवाओं को बिना किसी खर्ची-पर्ची के उनकी प्रतिभा अनुसार सरकारी और अर्ध सरकारी नौकरियां दिलवाई। इसके परिणामस्वरुप हरियाणा के छात्रों में पढ़ाई के प्रति रुचि जागृत हो गई है। उन्होंने कहा कि अंत्योदय के लिए मैंने अपना सारा जीवन पार्टी को समर्पित किया है। उन्होंने राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार और लोकसभा चुनाव संयोजक हरविंद्र कल्याण और भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट की अंत्योदय कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने कहा कि मैं हरियाणा के आठ लोकसभा क्षेत्रों का दौरा कर चुका हूं और शीघ्र ही सोनीपत और अंबाला का दौरा भी करूंगा, लेकिन जिस प्रकार लोगों का समर्थन मिल रहा है उससे यह बात दावे के साथ कही जा सकती है कि इस बार भी बीजेपी हरियाणा की 10 की 10 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी। हरियाणा में लोकसभा की 10 सीट और एक करनाल विधानसभा सीट का भी उपचुनाव होगा। इन सभी सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी चार स्तंभों पर टिकी हुई है। इनमें भारत की युवा शक्ति और महिला शक्ति, प्रगतिशील किसान शक्ति और मजदूर शक्ति शामिल है। अपने संबोधन में राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि यह करनाल लोकसभा के मतदाताओं का सौभाग्य है कि यहां से संत स्वभाव के धनी, इमानदार, कर्मठ नेता पूर्व सीएम मनोहर लाल को भाजपा का उम्मीद्वार बनाया गया है। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि वे 17 अप्रैल को जनसभा में बढ़-चढ़कर भाग लें।




**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड** (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना)**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 13(12) का सपठित नियमों के नियम (3) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणीयों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमित कर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

| ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्ता/ जमानतदार का नाम /ऋण खाता सं. | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| ऋण खाता सं.: L9001060134260450 **धर्मेन्द्र (ऋणी)**, सुरज मल (सह-ऋणी) | 15 सितम्बर 2023 ₹ 1594409/- रु. पंद्रह लाख चौरानबे हजार चार सौ नौ मात्र 12 सितम्बर 2023 | सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित खेवत नं. 3024 मिन खाता नं. 3399 मिन, मुस्ततील नं. 259 किला नं. 7 1/6-13, मौजा-बदली, जिला-झज्जर हरियाणा **क्षेत्रफल 250 वर्ग गज** | 12 अप्रैल 2024 |
| ऋण खाता सं.: L9001060123858129 **श्री बालाजी होजरी (ऋणी)**, विनोद (सह-ऋणी), श्रीमती गीता देवी (सह-ऋणी), केशो राम (सह-ऋणी) | 13 अक्टूबर 2023 ₹ 624216/- रु. छः लाख चौबीस हजार दो सौ सोलह मात्र 10 अक्टूबर 2023 | सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत केएचडब्ल्यू 91 खत 104, किता 2 केएचडब्ल्यू 122, मौजा बाहु मातानहेली, झज्जर मातानहेली, हरियाणा **क्षेत्रफल 125.96 वर्ग गज** | 12 अप्रैल 2024 |
| ऋण खाता सं.: L9001060128818901 **शर्मा क्रॉकरी हाउस (ऋणी)**, त्रिलोक (सह-ऋणी), लोकेश (सह-ऋणी), सत छव सिंह (सह-ऋणी) | 17 नवम्बर 2023 ₹ 568711/- रु. पांच लाख अड़सठ हजार सात सौ ग्यारह मात्र 15 नवम्बर 2023 | सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित खेवत नं. 1084 मुस्तील नं. 239 किला नं. 6712, 15712 16712 242218 25138, वाक्या मौजा किला कॉलोनी, जिला-झज्जर, हरियाणा **क्षेत्रफल 100 वर्ग गज** | 12 अप्रैल 2024 |
| ऋण खाता सं.: L9001060125717602 **अमीर सिंह डेयरी (ऋणी)**, अमीर सिंह (सह-ऋणी), श्रीमती सुनील देवी (सह-ऋणी), अंकित (सह-ऋणी) | 14 दिसम्बर 2023 ₹ 904933/- रु. नो लाख चार हजार नो सौ तैंतीस मात्र 11 दिसम्बर 2023 | सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत-किला नं. 14 7-05 व 6 8-00 व खेवत नं. 162 व 166, खाता नं. 170 व 174, मुस्ततिल नं. 13 व 12, झज्जर खादहोड़ा, हरियाणा-124103 **क्षेत्रफल 404.68 वर्ग मीटर** | 12 अप्रैल 2024 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्य जन कों एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है।

ऋणियों का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

ऋणियों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक ''एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड'' (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

**स्थानः हरियाणा** **दिनांकः 16-अप्रैल-2024** **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

# सलमान के घर फायरिंग के आरोपी रिमांड पर, इंटरनेशनल कनेक्शन संभव

**तीन बार रेकी की थी, एक्टर के फार्म हाउस के पास ठहरे थे**

एजेंसी। मुंबई

**एक्टर** सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को मुंबई के किला कोर्ट ने 10 दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया है। दोनों आरोपियों को मुंबई क्राइम ब्रांच ने सोमवार देर रात गुजरात के भुज से अरेस्ट किया था। उन्हें मंगलवार दोपहर मुंबई लाया गया। पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि आरोपियों की पहचान विक्की गुप्ता और सागर पाल के तौर पर हुई है, जो बिहार के रहने वाले हैं। इन्होंने सलमान के घर की तीन रेकी की थीं और पांच राउंड फायर किए थे। आरोपियों ने जिस पिस्तौल से फायरिंग की थी, उसे रिकवर नहीं किया जा सका है। पुलिस ने कहा कि दोनों आरोपी सलमान के पनवेल वाले फार्म हाउस से 10 किमी दूर रुके थे। पुलिस ने गैंगस्टर लॉरेंस के भाई अनमोल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। उसने एक फेसबुक पोस्ट में इस वारदात की जिम्मेदारी ली थी। इससे पहले भी लॉरेंस गैंग ने कई बार सलमान को धमकी दी है। इन दोनों आरोपियों ने सलमान के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के सामने 14 अप्रैल की सुबह 5 बजे फायरिंग की थी। दोनों बाइक पर सवार होकर आए और पांच राउंड फायर किए।

फायरिंग के वक्त सलमान अपने घर में ही थे। घटना के बाद सलमान के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। मुंबई पुलिस ने कोर्ट में दोनों आरोपियों की 14 दिन की कस्टडी मांगी थी। उन्होंने कहा कि दोनों



आरोपियों ने फायरिंग के बाद रेलवे ट्रैक पार कर कपड़े बदले और भागने की कोशिश की। दोनों आरोपी सलमान खान के पनवेल फार्म हाऊस से 10 किलोमीटर की दूरी ही रुके हुए थे। ऐसे में यह सवाल भी खड़ा होता है कि क्या वे फार्म हाउस को ही टारगेट करना चाहते थे। पुलिस ने दलील दी कि यह एक इंटरनेशनल रैकेट है और इनका बिहार और गुजरात से भी कनेक्शन है। हम अपनी जांच का दायरा हरियाणा, पंजाब, यूपी, बिहार और गुजरात तक बढ़ाना चाहते हैं। इसके अलावा पुलिस ने कोर्ट में लॉरेंस के भाई अनमोल के फेसबुक पोस्ट और सलमान खान के ऊपर हुए पुराने हमलों का भी जिक्र किया। पुलिस ने कोर्ट को बताया कि जिस हथियार से इस घटना को अंजाम दिया गया उसे भी अभी रिकवर नही किया गया है। इन आरोपियों को बाइक और अन्य सामान किसने मुहैया कराया इस पर हम आगे जांच करना चाहते है। इस घटना का मास्टरमाइंड कौन है यह भी जांच का हिस्सा होगा। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने 2 अप्रैल को 24 हजार रुपए में बाइक खरीदी। ये दोनों 28 फरवरी को मुंबई आए और 3 मार्च को पनवेल में घर किराए पर लिया। यहां उन्होंने अपना असली आधार कार्ड दिया था। 29 फरवरी से 1 मार्च के बीच वे बांद्रा और ताज लैंड्स एंड के पास नजर आए थे। 1 मार्च को ही वे पनवेल पहुंचे। पिस्टल उन्हें कब और किसने दिया, इसकी जांच चल रही है। पिस्टल की क्वालिटी अच्छी रही होगी, क्योंकि इससे दीवार में जो पॉइंट्स बने हैं, वे काफी बड़े हैं। इन्होंने सलमान के घर की 3-4 बार रेकी की थी। वारदात वाले दिन विक्की गुप्ता बाइक चला रहा था, जबकि सागर पाल बाइक पर पीछे बैठा था और उसी ने फायरिंग की थी। आरोपियों का कहना है कि उन्होंने हथियार फेंका है, लेकिन अभी हम इसकी जांच कर रहे हैं। दोनों के पास से एक फोन बरामद हुआ है, शक है कि इन्होंने एक फोन तोड़ दिया है। दोनों आरोपी लगातार किसी के संपर्क में थे। हमत जांच कर रहे हैं कि क्या कोई लोकल उनकी मदद कर रहा था। हमें लगता है कि गन उन्हें मुंबई में ही दी गई होगी। हम ये भी जांच कर रहे हैं कि क्या इन दोनों आरोपियों का कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड है। भुज से उनका क्या कनेक्शन है, इसकी भी पड़ताल की जाएगी। शुरुआती जांच के मुताबिक, ऐसा लग रहा है कि वे प्राइवेट कार से यहां से फरार हुए और बाद में स्टेट ट्रांसपोर्ट बसों का इस्तेमाल किया। इस पूरे केस में लगभग सारा पेमेंट उन्होंने कैश में ही किया। सोमवार को इस घटना से जुड़ा एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया था, जिसमें दिखाई दे रहा था कि दोनों आरोपियों ने स्पोर्ट्स कैप पहन रखी है और कंधे पर बैग टांगा हुआ था। इस फुटेज में दोनों सलमान के घर की तरफ फायरिंग करते नजर आ रहे हैं।

घटना के बाद लॉरेंस-गोल्डी बराड़ गैंग के सदस्य और लॉरेंस के भाई अनमोल ने एक ऑनलाइन पोस्ट में इस वारदात की जिम्मेदारी ली थी। उसने इस वारदात को ट्रेलर बताया और सलमान को वॉर्निंग दी।

## इंदौर के पटाखा कारखाने में विस्फोट तीन मजदूर झुलसे

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में मंगलवार को एक पटाखा कारखाने में हुए विस्फोट में तीन मजदूर झुलस गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) उमाकांत चौधरी ने बताया कि आम्बा चंदन गांव से करीब पांच किलोमीटर दूर जंगली इलाके में चलाए जा रहे कारखाने में रस्सी बम बनाने के दौरान हुए विस्फोट में तीन मजदूरों के घायल होने की प्राथमिक सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि तीनों घायलों को इंदौर के चोइथराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चौधरी ने बताया कि इनमें से एक मजदूर इंदौर का है, जबकि दो अन्य महाराष्ट्र के यवतमाल जिले के मूल निवासी बताए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस और प्रशासन के अफसरों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

# भारत ने सेना को रूसी हथियारों पर निर्भरता कम करने के लिए कदम उठाए हैं : अमेरिका

एजेंसी। वाशिंगटन

**अमेरिकी** रक्षा मंत्रालय के एक शीर्ष खुफिया अधिकारी ने संसद को बताया कि साल 2023 में भारत ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की गतिविधियों का मुकाबला करने की अधिक इच्छाशक्ति प्रदर्शित करते हुए अपनी सेना के आधुनिकीकरण और रूस के उपकरणों पर निर्भरता कम करने के लिए कदम उठाए। रक्षा खुफिया एजेंसी के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस ने चीन को लेकर रक्षा खुफिया पर संसद में एक सुनवाई के दौरान यह बात कही थी। क्रूस ने सदन की सशस्त्र सेवा समिति और खुफिया उपसमिति के सदस्यों को बताया, पिछले वर्ष भारत ने जी-20 के आर्थिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करके खुद को एक वैश्विक अगुआ के रूप में प्रदर्शित किया और पूरे हिंद प्रशांत क्षेत्र में पीआरसी (पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना) की गतिविधि का मुकाबला करने की इच्छाशक्ति प्रदर्शित की।



उन्होंने कहा कि भारत ने प्रशिक्षण और रक्षा बिक्री के माध्यम से फिलीपीन जैसे दक्षिण चीन सागर के क्षेत्रीय दावेदारों के साथ हिंद प्रशांत क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाई है और अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस व जापान के साथ अपने सहयोग को और मजबूत किया है। चीन दक्षिण चीन सागर के अधिकांश हिस्से पर अपना दावा करता है, जबकि फिलीपीन, वियतनाम, मलेशिया, ब्रुनेई और ताइवान भी समुद्री क्षेत्र पर अपना दावा करते हैं। क्रूस ने कहा, वर्ष 2023 में भारत ने चीन से प्रतिस्पर्धा करने और रूसी उपकरणों पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए अपनी सेना को आधुनिक बनाने के लिए कदम उठाए। भारत ने स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत का समुद्री परीक्षण किया और प्रमुख रक्षा प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण पर कई पश्चिमी देशों के साथ बातचीत भी की है।

भारत ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर अपना तटस्थ रुख बरकरार रखा है। क्रूस ने कहा कि रूस भारत का सबसे बड़ा रक्षा साझेदार है और भारत ने अपनी रक्षा खरीद साझेदारी में विविधता लाने की इच्छा के बावजूद रूस से सतह से हवा में मार करने वाली एस-400 मिसाइल प्रणाली जैसे हथियारों खरीद जारी रखी है। उन्होंने सांसदों से कहा कि भारत सरकार आगामी लोकसभा चुनाव को सुरक्षित करने, आर्थिक विकास को बनाए रखने और अपनी मेक इन इंडिया पहल को सैन्य आधुनिकीकरण के लिए तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगी जिसका उद्देश्य चीन का मुकाबला करना है। भारत और चीन के बीच साल 2020 में गलवान में हुए संघर्ष में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे जबकि चीन की सेना के कम से कम पांच सैनिक भी मारे गए थे। उसके बाद से ही दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। क्रूस ने सांसदों को बताया कि साल 2023 में भारत और चीन के वरिष्ठ नेताओं ने पूर्वी लद्दाख के दो स्थानों पर विवाद सुलझाने के लिए 20वें दौर की वार्ता की, लेकिन ए विफल रही। ऐसे में दोनों देशों ने क्षेत्र में लगभग 50,000-60,000 सैनिकों को तैनात किया हुआ है और सीमा के पास अपने सैन्य बुनियादी ढांचे में लागातार सुधार कर रहे हैं।

क्रूस ने सांसदों को बताया कि पाकिस्तान ने कश्मीर के बारे में भारत के साथ अपने विवाद को सुलझाने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित अंतरराष्ट्रीय समर्थन मांगा है। दोनों देशों ने फरवरी 2021 से नियंत्रण रेखा पर एक असहज युद्धविराम बनाए रखा है। क्रूस ने बताया, पाकिस्तान में आर्थिक उथल-पुथल के बावजूद वह परमाणु हथियारों का आधुनिकीकरण करने का लगातार प्रयास कर रहा है। पिछले साल पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ आतंकवादी हिंसा में भी वृद्धि हुई।

## जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से समुद्री जल हो सकता है अचानक ठंडा

**मेलबर्न।** समुद्र के गर्म होने के प्रभाव गहरे और अच्छी तरह से प्रलेखित हैं। लेकिन कभी-कभी हवाओं और समुद्री धाराओं के पैटर्न में बदलाव के कारण समुद्री जल अचानक ठंडा हो जाता है। मार्च 2021 में दक्षिण अफ्रीका के दक्षिण-पूर्वी तट पर एक हत्यारी शीत लहर प्रकट हुई और इसने कम से कम 81 प्रजातियों के सैकड़ों जानवरों को मार डाला। इससे भी अधिक चिंता की बात यह थी कि इन मरने वाले जीवों में पहले से ही असुरक्षित मंटा रे और यहां तक कि कुख्यात मजबूत प्रवासी बुल शार्क भी शामिल थे। दक्षिण अफ्रीका में, विशेष रूप से पिछले 15 वर्षों में ऐसी आकस्मिक ठंड की घटनाओं के कारण बुल शार्क, व्हेल शार्क और मंटा रे पहले भी मर चुकी हैं। पिछले चार दशकों में ऐसी स्थितियां तेजी से आम हो गई हैं जो इन विनाशकारी शीतलहरों को उत्पन्न कर सकती हैं। जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप तेज हवाओं और धाराओं के कारण दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तटों जैसे स्थानों में इन घातक स्थानीय शीत लहरों की संभावना अधिक हो सकती है।

# वृंदावन में 70 मंजिला गगनचुंबी मंदिर से भारतीय पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा: इस्कॉन

एजेंसी। वाशिंगटन

**इस्कॉन** के एक शीर्ष पदाधिकारी ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश के वृंदावन में भगवान श्री कृष्ण का गगनचुंबी मंदिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय संस्कृति के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा और भारत में पर्यटन और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा। ग्लोबल हरे कृष्णा मूवमेंट के उपाध्यक्ष और इस्कॉन बैंगलोर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंचलपति दास ने कहा कि आध्यात्मिकता के लिए कोई टूटा-फूटा बुनियादी ढांचा नहीं हो सकता और मंदिर हमेशा जर्जर स्थिति में नहीं रह सकते। वृन्दावन हेरिटेज टॉवर 70 मंजिल ऊंचा और 210 मीटर होगा, जो आठ करोड़ अमरीकी डालर की लागत से बनाया जा रहा है।



उन्होंने कहा, इस बारे में मैं आपको एक और उदाहरण देता हूं। हमारे माननीय प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) ने एक बयान में कहा है कि विदेशों में रह रहे भारतीय प्रवासियों से एक आह्वान कर रहे हैं। कृप्या अमेरिका से पांच अमेरिकियों को भारत लाएं और उन्हें भारत दिखाएं। जब आप उन्हें भारत लाएंगे तो निश्चित रूप से जो कोई भी दुनिया के किसी भी हिस्से से भारत आता है तो वह आध्यात्मिकता की तलाश में होता है। दास ने निर्माणाधीन वृन्दावन हेरिटेज टॉवर के बारे में कहा, जब वे भारत आएंगे तो नि:संदेह वे अच्छे हवाई अड्डे देख सकते हैं। वो सभी चीजें प्रभावशाली और दिलचस्प भी हैं और होनी भी चाहिए। वे आध्यात्मिकता की भी तलाश में होंगे। अब ऐसे में हमार पास विदेशियों को भारत लाने और उन्हें दिखाने के लिए आध्यात्मिक बुनियादी ढांचा, धार्मिक बुनियादी ढांचा होना चाहिए, जिन पर आप गर्व कर सकें। जब आप उन्हें वृन्दावन लाएंगे, तो आपको कृष्ण के संदेश पर निर्मित इस प्रकार का विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा निर्मित होना चाहिए और इसलिए यह एक और महत्वपूर्ण उद्देश्य है। दास ने कहा कि वृन्दावन हेरिटेज टॉवर एक अष्टकोणीय संरचना है जिसमें उत्तर इकाई, दक्षिण इकाई, पूर्व इकाई और पश्चिम इकाई है। उन्होंने कहा कि ए चार मंदिर हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में आवास सुविधाएं होंगी, जो पर्यटकों के अनुभव को अच्छा बनाएंगी।

# न्यूजक्लिक मामले में प्रबीर पुरकायस्थ के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमित मिली

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को यहां एक अदालत को बताया कि न्यूजक्लिक के संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ के खिलाफ आतंकवाद रोधी यूएपीए के तहत मामला चलाने के लिए जरूरी स्वीकृति हासिल कर ली गई है।

आरोप है कि समाचार पोर्टल ने चीन समर्थक दुष्प्रचार फैलाने के लिए पैसा लिया था। अभियोजन पक्ष ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर को बताया कि स्वीकृति के दस्तावेज मामले में पूरक आरोप पत्र के साथ दायर किए गए हैं। न्यायाधीश ने मामले की अगली सुनवाई 30 अप्रैल तय की। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत एक स्वतंत्र प्राधिकारी, जांच एजेंसी द्वारा एकत्र किए गए सबूतों की समीक्षा करने के बाद किसी आरोपी पर मुकदमा चलाने को लेकर सक्षम प्राधिकारी (केंद्र या राज्य सरकार) को सिफारिश करता है। मंजूरी देनी है या



**समाचार पोर्टल ने चीन समर्थक दुष्प्रचार के लिए पैसा लिया था**

नहीं, यह तय करना सक्षम प्राधिकारी का काम है।

अदालत ने जनवरी में न्यूजक्लिक के मानव संसाधन (एचआर) प्रमुख अमित चक्रवर्ती को मामले में सरकारी गवाह बनने की अनुमति दे दी थी। न्यायाधीश ने मामले में गिरफ्तार चक्रवर्ती को उसके आवेदन पर माफी दे दी थी, जिसमें दावा किया गया था कि उसके पास महत्वपूर्ण जानकारी है जिसे वह दिल्ली पुलिस को बताना चाहता था। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने पिछले साल तीन अक्टूबर को चक्रवर्ती और पुरकायस्थ को गिरफ्तार किया था। वे फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। पुलिस ने भी आरोप लगाया था कि पुरकायस्थ ने 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान चुनावी प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाने के लिए पीपुल्स अलायंस फॉर डेमोक्रेसी एंड सेक्युलरिज्म (पीएडीएस) नामक समूह के साथ साजिश रची।

## छत्तीसगढ़ में 18 नक्सली ढेर, इनका लीडर भी मारा गया

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के माड़ इलाके में पुलिस ने नक्सली लीडर शंकर राव सहित 18 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक 30 नक्सलियों के मारे जाने की बात कही जा रही है। मुठभेड़ में बीएसएफ इंस्पेक्टर रमेश चौधरी सहित तीन जवान घायल हुए हैं। इनमें दो डीआरजी के हैं।

घायल जवानों को लाने के लिए चॉपर भेजा गया है। पुलिस ने मौके से 5 एके-47 बरामद की है। लोकसभा चुनाव के बीच यह मुठभेड़ हुई है। कांकेर लोकसभा में दूसरे चरण में मतदान होना है। इसके लिए नामांकन फॉर्म भी भरे जा चुके हैं। कांकेर में 26 अप्रैल को वोटिंग होगी। वहीं चार दिन बाद 19 अप्रैल को बस्तर लोकसभा में वोटिंग होनी है। इसके लिए मतदान दल भी रवाना हो गए हैं। मुठभेड़ में मारे गए शंकर राव और ललिता माड़वी डीवीसी रैंक के नक्सली लीडर थे। दोनों पर 25-25 लाख का इनाम घोषित था।

# डिंपल यादव के पास 15.5 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति

एजेंसी। लखनऊ

**लोकसभा** की मैनपुरी सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) की उम्मीदवार डिंपल यादव ने मंगलवार को 15.5 करोड़ से अधिक की चल-अचल संपत्ति घोषित की। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी और मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव ने मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र के साथ जमा किए गए हलफनामे के अनुसार, डिंपल यादव के पास 10.44 करोड़ रुपए से अधिक की अचल संपत्ति, 5.10 करोड़ रुपये से अधिक की चल संपत्ति है। इसके पहले 2022 में उन्होंने मैनपुरी से संसदीय उपचुनाव लड़ा था, लेकिन तब के मुकाबले उनकी संपत्ति में मामूली वृद्धि दर्ज की गई है। तब उनकी संपत्ति 14 करोड़ रुपए से ज्यादा थी। हलफनामे में कहा गया है कि उनके पति और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के पास क्रमश: 9.12 करोड़ रुपये और 17.22 करोड़ रुपये से अधिक की चल और अचल संपत्ति है। उनकी संयुक्त अचल संपत्ति का कुल मूल्य 27.66 करोड़ रुपए से अधिक है।



हलफनामे में कहा गया है कि डिंपल यादव के पास 1.25 लाख रुपए का एक कंप्यूटर, 2.774 किलोग्राम से अधिक वजन के सोने के गहने, 203 ग्राम मोती और 5976687 रुपए का 127.75 कैरेट का हीरा है। हलफनामे में कहा गया है कि उनके पति अखिलेश के पास 76 हजार रुपए से अधिक का मोबाइल, 5.34 लाख रुपये से अधिक की व्यायाम मशीन, 1.6 लाख रुपए से अधिक की क्रॉकरी है। सपा प्रमुख पर 25.40 लाख रुपए से अधिक की देनदारी है, जबकि उनकी पत्नी पर 74.44 लाख से अधिक की देनदारी है। डिंपल यादव ने 1998 में लखनऊ विश्वविद्यालय से स्नातक (बीकॉम) किया। उन्होंने 1999 में अखिलेश यादव से शादी की। वर्ष 2019 में जब डिंपल ने कन्नौज से संसदीय चुनाव लड़ा, तो उनकी चल संपत्ति 3.68 करोड़ रुपए थी, जबकि अचल संपत्ति 9.30 करोड़ रुपए थी।

# पाकिस्तान ने परमाणु आधुनिकीकरण के प्रयास जारी रखे : खुफिया अधिकारी

एजेंसी। वाशिंगटन

**अमेरिका** के एक शीर्ष खुफिया अधिकारी ने संसद को बताया कि आर्थिक उथल-पुथल के बावजूद पाकिस्तान ने पिछले साल अपने परमाणु आधुनिकीकरण के प्रयासों को जारी रखा और भारत के साथ उसके विवादास्पद संबंध उसकी रक्षा नीति को आगे बढ़ा रहे हैं। सोमवार को चीन के संबंध में हुई बैठक के दौरान रक्षा खुफिया एजेंसी के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस ने यह टिप्पणियां कीं। क्रूस ने सांसदों को बताया कि पाकिस्तान ने कश्मीर को लेकर भारत के साथ अपने विवाद सुलझाने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और विभिन्न देशों से समर्थन मांगा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच नियंत्रण रेखा पर फरवरी 2021 से एक असहज युद्धविराम कायम है।

उन्होंने कहा, पाकिस्तान ने आर्थिक उथल-पुथल के बावजूद अपने परमाणु आधुनिकीकरण प्रयासों को जारी रखा है। पिछले साल पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ आतंकवादी हिंसा में भी वृद्धि हुई। क्रूस ने शीर्ष अमेरिकी सांसदों को बताया कि भारत के साथ पाकिस्तान के विवादास्पद रिश्ते उसकी रक्षा नीति को प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, फरवरी 2021 में युद्धविराम के बाद से दोनों देशों के बीच सीमा पार हिंसा में कमी आई है।

## पुलिस ने केंद्रीय मंत्री निसिथ प्रमाणिक के वाहन की तलाशी ली

**दिनहाटा।** पुलिस ने मंगलवार दोपहर कूचबिहार जिले के दिनहाटा में एक नाका जांच के दौरान केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा नेता निसिथ प्रमाणिक के वाहन की तलाशी ली। काफिले के वाहनों की जब तलाशी ली गई तो उस समय कूचबिहार लोकसभा सीट से उम्मीदवार प्रमाणिक मौजूद थे। यह घटना तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी के हेलीकॉप्टर की आयकर विभाग की तलाशी के कुछ दिन बाद हुई। कूचबिहार जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, यह एक नियमित जांच थी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री प्रमाणिक के काफिले की किसी भी कार के अंदर कुछ नहीं मिला। प्रमाणिक कूचबिहार से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं, जहां 19 अप्रैल को मतदान होगा।

# चुनावी माहौल में मेरी गिरफ्तारी सुनियोजित साजिश का हिस्सा : सोरेन

एजेंसी। रांची

**झारखंड** के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को रांची की एक विशेष अदालत में जमानत याचिका दायर की और आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उन्हें गिरफ्तार किया जाना राजनीति से प्रेरित है तथा उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए मजबूर करने की एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा है।

ईडी द्वारा जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगे जाने के बाद विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 23 अप्रैल तय की। सोरेन के वकील अरुणाभ चौधरी द्वारा दायर याचिका में कहा गया, याचिकाकर्ता का पूरा अभियोजन और गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित है तथा



याचिकाकर्ता की तरह प्रमुख विपक्षी नेताओं को डराने, धमकाने और अपमानित करने के लिए केंद्र सरकार की एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा है, ताकि उन्हें भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने या राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का हिस्सा बनने के लिए मजबूर किया जा सके।

सोरेन को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के तुरंत बाद कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में 31 जनवरी को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। वह फिलहाल रांची की बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में बंद हैं।

# साउदर्न पेरिफेरल रोड गुरुग्राम रियल्टी सेक्टर के लिए रहेगा पॉजिटिव

एजंसी। गुरुग्राम

**शहर** अपने वर्ल्ड क्लास इंस्फ्रास्ट्रक्टर और आधुनिक सुविधाओं के लिए देश भर में जाना जाता है। सभी इंस्फ्रास्ट्रक्टर प्रोजेक्ट्स में से साउदर्न पेरिफेरल रोड एक आकर्षक केंद्र के रूप में सामने आया है। ग्रेड ए ऑफिस स्पेस और रिटेल शॉपसे लेकर साउदर्न पेरिफेरल रोड कई इन्वेस्टमेंट अवसर प्रदान करता है। इस प्रकार न्यू गुरुग्राम में 16 किमी लंबा एक्सप्रेसवे खुद को एक अप-मार्केट स्थान के रूप में स्थापित करता है, जो एंड यूजर्स और इंवेस्टरों को समान रूप से आकर्षित करता है।

इसके अलावा इंस्फ्रास्ट्रक्टर मार्वल बादशाहपुर में सोहना रोड को काटता है और एनएच-8 को गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड से जोड़ता है। इसने दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे और फ़रीदाबाद-गुरुग्राम रोड के साथ कनेक्टिविटी को और बढ़ाया है। इस प्रकार बेहतर कनेक्टिविटी और स्ट्रेटेजिक लोकेशन ने कई प्रसिद्ध रियल एस्टेट डेवलपर्स को अपनी क्षेत्रीय प्रोजेक्ट्स शुरू करने के लिए प्रेरित किया है।

सिग्नेचर ग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर रवि अग्रवाल ने कहा कि द्वारका एक्सप्रेसवे की सफलता के हरियाणा विस्तार के प्रभाव ने इसके पड़ोसी माइक्रो मार्केट, साउदर्न पेरिफेरल रोड में डेवलपमेंट को बढ़ावा दिया है। गुड़गांव के रियल एस्टेट सेक्टर में एसपीआर एक आशाजनक रत्न के रूप में उभरा है। एक्सप्रेसवे के किनारे का क्षेत्र कमर्शियल और रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट्स के लिए एक पसंदीदा डेस्टिनेशन बन गया है। साथ ही इसकी दिल्ली-एनसीआर और आस-पास के केंद्र के साथ इसकी स्ट्रेटेजिक लोकेशन और मजबूत कनेक्टिविटी इंस्फ्रास्ट्रक्टर डेवलपमेंट के प्रतीक के रूप में काम करती है। एक्सप्रेसवे ने न केवल आवागमन को आसान बनाया है, बल्कि क्षेत्र में रियल एस्टेट डेवलपमेंट को भी प्रेरित किया है, खासकर सेक्टर 71 जैसे स्थानों में। एसपीआर के आगमन ने आर्थिक विस्तार और शहरी उन्नति को बढ़ावा दिया है, इस प्रकार यह गुड़गांव के रियल एस्टेट सेक्टर में एक और मील का पत्थर हासिल किया है। पिरामिड इंफ्राटेक के अश्विनी कुमार का कहना है कि गुरुग्राम अपने रियल्टी मार्केट में विशेष रूप से नए उभरते कॉरिडोर में वृद्धि देख रहा है। ऐसा ही एक आशाजनक कॉरिडोर 16 किमी लंबा साउथ पेरिफेरल रोड (एसपीआर) है, और यह आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। गुरुग्राम में रियल्टी मार्केट की वृद्धि बढ़ी हुई कनेक्टिविटी, कमर्शियल और रेजिडेंशियल एक्टिविटीमें वृद्धि और खरीदारों की बढ़ती प्राथमिकताओं के कारण इस एसपीआर कॉरिडोर के साथ कई सेगमेंट में रियल्टी डेवलपमेंट की अपार संभावनाएं हैं। पिरामिड इंफ्राटेक में हम एसपीआर के विकसित क्षेत्रों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, यहां लक्जरी प्रॉपर्टी की मांग बढ़ रही है और हम सेक्टर-71 गुरुग्राम में बेहतरीन लक्जरी प्रोजेक्ट्स में से एक लेकर आ रहे हैं। समझदार घर खरीदारों की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए हमारी सोच-समझकर तैयार की गई लक्जरी प्रोजेक्ट एक व्यापक जीवन अनुभव प्रदान करने की संभावना है।

अंसल हाउसिंग के डायरेक्टर कुशाग्र अंसल का कहना है कि एसपीआर ने दिल्ली और गुरुग्राम के बीच यात्रा के समय को काफी हद तक कम कर दिया है और इसे यात्रियों के लिए अधिक सुलभ बना दिया है।

यह सुविधा एक्सप्रेसवे को एक मजबूत रियल एस्टेट केंद्र के रूप में उभरने देती है और डेवलपर्स को कॉरिडोर के साथ विभिन्न परियोजनाएं शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस प्रकार इस कनेक्टिविटी से अधिक किफायती आवास परियोजनाएं और आस-पास के क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी आने की उम्मीद है। ट्रेवॉक के मैनेजिंग डायरेक्टर सहज चावला का कहना है कि साउदर्न पेरिफेरल रोड के किनारे के क्षेत्र रियल एस्टेट विकास के लिए हॉटस्पॉट के रूप में उभर रहे हैं, जो खरीदारों और निवेशकों को आकर्षित कर रहे हैं। आस-पास के क्षेत्र में रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी प्रीमियम सुविधाओं से भरपूर हैं, जिससे उनके निवासियों की जीवनशैली फिर से परिभाषित हो गई है। निकटता में सभी प्रकार के विकास की उपलब्धता निवासियों को सुविधाओं तक शीघ्रता से पहुंचने की अनुमति देती है।

साउदर्न पेरिफेरल रोड शहर के नए डेवलप सेक्टर्स के लिए गेम-चेंजर है। यह सेक्टर 55 और 56 मेट्रो स्टेशनों के साथ मेट्रो कनेक्टिविटी के साथ एक आगामी रिटेल कमर्शियल और हाउसिंग डेस्टिनेशन है। एक्सप्रेसवे आसपास के कमर्शियल क्षेत्रों जैसे उद्योग विहार, साइबर हब, गोल्फ कोर्स रोड आदि से भी जुड़ा हुआ है। इन क्षेत्रों के निवासी और व्यवसाय क्षेत्रों के भीतर कनेक्टिविटी से लाभ उठा सकते हैं, इस प्रकार पर्याप्त अवसरों और विकास के लिए प्रवेश द्वार प्रदान करते हैं।

# नोएडा-गाजियाबाद सीट पर चुनाव प्रचार ने पकड़ी रफ्तार

## साहिबाबाद के मतदाता रचेंगे जीत का इतिहासः सुनील

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

साहिबाबाद विधानसभा में विधायक और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के साझा नेतृत्व ने साहिबाबाद विधानसभा के 53 वार्डों में अपने लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग का दौरा कराकर जीत के आंकड़े को अधिक सुरक्षित करने का काम किया।



एनडीए के प्रत्याशी अतुल गर्ग की धुंआधार सभाओं की चर्चा विपक्षी गलियारों की बैचैनी का सबब बना हुआ है। अतुल गर्ग ने सभा के दौरान कहा पूरे देश की जनता जनार्दन मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के साथ संकल्प बद्ध होकर तीसरी बार मोदी को ही प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा ये वही साहिबाबाद विधानसभा है जिसके मतदाताओं ने भाजपा की जीत का नम्बर वन का रिकॉर्ड बनाया था इस बार फिर वही दोहराना है। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष ओमेन्द्र कसाना, दीपक राघव, राजन वाल्मीकि, बिजेन्द्र चौहान , सुधीर कुमार और पवन रेड्डी उपस्थित रहे। इसके बाद वार्ड संख्या 86, 80, 34, 90 और 60, राजेंद्र नगर, शहीद नगर और दुर्गा पार्क में प्रचार किया गया।

यहां मण्डल अध्यक्ष बिजेन्द्र भडाना, राजन वाल्मीकि, दीपक राघव राहुल शर्मा, मदन राय, सिमल शर्मा और सचिन डागर उपस्थित रहे। इसी कड़ी में वार्ड-94 सूर्यानगर और वार्ड-97 चन्द्रनगर नुक्कड़ सभा और जनसभा कार्यक्रम को मण्डल अध्यक्ष सुधीर त्यागी और कार्यक्रम संयोजक शशि खेमका और श्रीभगवान अग्रवाल ने संभाला। अतुल गर्ग ने क्षेत्रवासियों का स्नेह और आशीर्वाद देने का तहे दिल से धन्यवाद किया और कहा मोदी और योगी के लिए क्षेत्र और पूरे राज्य में भारी जनसमर्थन को महसूस किया है।

## मेयर ने दिया विरोधियों को झटका, 11 पार्षद भाजपा में शामिल

**गाजियाबाद।** मेयर सुनीता दयाल ने विपक्षी दलों को एक बार फिर से जोर का झटका दिया है। मेयर सुनीता दयाल ने साथी पार्षदों के साथ आपरेशन लोटस चलाकर विरोधी दलों के और निर्दलीय 11 पार्षदों को भाजपा में शामिल करा दिया। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया और महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा की मौजूदगी में मेयर सुनीता दयाल ने 11 पार्षदों को पटका पहनाकर भाजपा में शामिल कराया। नवयुग मार्किट स्थित लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के चुनाव कार्यालय पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, मेयर सुनीता दयाल ने 3 पार्षद अनुज त्यागी वार्ड 87, राजीव भाटी वार्ड 73, नितिन कुमार वार्ड 31, बसपा पार्षद सुभाष चौधरी वार्ड 32, राधेश्याम त्यागी वार्ड 57 ने भी भाजपा ज्वाइन कराई। जनतांत्रिक पार्टी के पार्षद अजीत निगम भी भाजपा में शामिल हो गए। इसके अलावा पूर्व मण्डल अध्यक्ष आलोक शर्मा, पूर्व पार्षद हेमलता शर्माद्व और आनंद गुप्ता ने भी भाजपा की सदस्यता ली।

## डॉली शर्मा ने किसानों की समस्याओं को समझा



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**इंडिया** गठबंधन से कांग्रेस की प्रत्याशी डॉली शर्मा ने धौलाना विधानसभा क्षेत्र में धुंआधार दौरा किया। इस दौरान वे किसान नेत्री पूनम पंडित के साथ खेत खलियानों में उतर पड़ीं, वहां उन्होंने गेंहू की बालियां काटीं और नजदीक से क्षेत्र के किसानों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली और उन्हें समझा।

डॉली शर्मा ने बताया कि वे गेंहू की फसलों के बीच से गुजर रही थीं। इसी दौरान उनके अंदर छिपी किसान महिला जाग उठी और उन्होंने हंसिया और कचिया लेकर फसलों की कटाई शुरू कर दी। डॉली शर्मा ने कहा कि भारत गांवों का देश है। यहां 80 प्रतिशत लोग किसान हैं और और गांवों में रहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं भी एक किसान परिवार से हूं। इसलिए उनकी समस्याओं से भली भांति वाकिफ हूं। खाद, बिजली, एलपीजी आदि की कीमत नियंत्रित करनी होगी। तभी किसानों का भला हो पाएगा। ग्रामीण शिक्षा एवं जनस्वास्थ्य व्यवस्था में गुणवत्ता लानी होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में किसान और कारोबार एक दूसरे के पूरक हैं। जिस पर मजदूर और किसान दोनों निर्भर हैं। इसलिए किसान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करके हम लोग किसान, मजदूर और कारीगरों की आय बढ़ा सकते हैं। साथ ही शहरों की ओर उनका पलायन भी रोक सकते हैं।

## बसपा प्रत्याशी ने दादरी विस क्षेत्र में किया प्रचार

- मायवती के शासन काल में जिले का हुआ विकासः सोलंकी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट से सांसदीय का चुनाव लड़ रहे बहुजन समाजवादी पार्टी (बसपा) के प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी ने मंगलवार को दादरी विधानसभा क्षेत्र के गांवों में समर्थकों के साथ जनसंपर्क कर 26 अप्रैल को बसपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान बसपा प्रत्याशी का गांव धूम मानिकपुर, पियावली जैतवारपुर, आमका, रसूलपुर डासना, दादरी, ततारपुर, बिसाहड़ा, सिदीपुर, राजतपुर, ऊचागांव, ढोकलपुरा व खंगौडा सहित अन्य गांवों में मतदाताओं ने कई जगहों पर भव्य स्वागत करते हुए भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिया।

सोमवार को बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी ने समर्थकों के साथ सिकन्दराबाद विधानसभा क्षेत्र में समर्थकों के साथ कई गांवों में जनसंपर्क कर मतदाताओं से संपर्क साधा। मंगलवार को गौतमबुद्ध नगर के दादरी विधानसभा क्षेत्र धूम मानिकपुर व आमका गांव में आयोजित कार्यक्रम में बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी ने प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती के कार्यकाल के दौरान क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। गांवों में जनसंपर्क के दौरान बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि वर्तमान सांसद ने क्षेत्र में विकास ना करके क्षेत्रवासियों के साथ अन्याय किया है। गत चुनावी दौर में लोगों से झूठे आश्वासन कर सांसद ने लोगों के साथ ठगी की है जिसे क्षेत्रवासी अब पहचान चुके हैं। जनसंपर्क के दौरान धूम मानिकपुर गांव में बसपा प्रत्याशी के समर्थन में उमड़ी भीड़ ने इस बात का संकेत दिया कि आने वाला वक्त बहुजन समाजवादी पार्टी के लिए बेहतर होगा। इस दौरान ग्रामीणों ने राजेंद्र सिंह सोलंकी को फूलों की माला व पगड़ी पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। राजेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि बसपा सुप्रीमो मायावती के समय में गौतमबुद्ध नगर में विकास संबंधी कई योजनाएं चलाई गई, जो आज भी जनता के लिए यादगार है। उनके शासन काल में सर्वजन के लोगों की हित की कई योजनाएं चलाई गई जिसे जनता को बहुत अधिक लाभ मिला। उन्होंने कहा कि उनके प्रतिद्वंती प्रत्याशी तथा वर्तमान सांसद ने विकास के नाम पर लोगों को छला है। आज चुनाव है तो वह गांव-गांव घूमते नजर आ रहे हैं।

# मैं भारत का संविधान हूं- लाल किले से बोल रहा हूं...

- डीयू में आयोजित सम्मेलन में कवियों ने जमाए देश भक्ति के रंग
- भारत में अंबेडकर जैसा दूसरा नेताः प्रो. योगेश सिंह



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** विश्वविद्यालय में 'संविधान विकसित भारत की राह करे आसान' विषय पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से खूब देशभक्ति के रंग जमाए। कवि डॉ हरिओम पंवार ने अपनी कविता 'मैं भारत का संविधान हूँ, लाल किले से बोल रहा हूं, मेरा अंतर्मन घायल है, दु:ख की गांठें खोल रहा हूं' के माध्यम से संविधान की पीढ़ा को बहुत ही संजीदा रंग में पेश किया। कवि सम्मेलन के आरंभ में दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए संविधान और डॉ बीआर अंबेडकर पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि भारत में अब तक बीआर अंबेडकर जैसा दूसरा नेता पैदा नहीं हुआ है।

कवयित्री डॉ कीर्ति काले ने अपनी शृंगार रस की कविताओं से खूब तालियां बटोरी। उन्होंने माता-पिता के सम्मान को लेकर अपनी कविता कुछ यूं प्रस्तुत की, अयोध्या में अगर ढूंगोगे तो श्री राम मिलते हैं, जो वृन्दावन में ढूंढ़ोगे तो घनश्याम मिलते हैं, अगर काशी में ढूंढ़ोगे तो भोले नाथ मिलते हैं, मगर मां-बाप के चरणों में चारों धाम मिलते हैं...। कवि सम्मेलन का संचालन करते हुए कवि डॉ अशोक बत्रा ने भी अपनी कविता और हास्य से खूब गुदगुदाया। कवि डॉ अर्जुन सीसोदिया ने बेटियों पर अपनी कविता में कुछ यूं अपने उद्गार प्रकट किए, चढ़ती हैं शीश पिता के तो मन की पीढ़ा हर लेती हैं, बेटियां खुद गंगा होती हैं, घर को पावन कर देती हैं। राजस्थान से आए हास्य कवि केशरदेव मारवाड़ी ने अपने हास्य से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। कवि विकास यशकीर्ति ने अपनी कविता विदा होते हुए मुझको बड़ी लगने लगी बिटिया, कहा पापा जब पोंछ कर आँसू के पापा यूं नहीं रोते।

कुलपति ने संबोधित करते हुए कहा कि जब भी देश पर कठिन प्रश्न आया तो संविधान ने उसका रास्ता निकाला। कुलपति ने संविधान निर्माता डॉ बीआर अंबेडकर पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि अंबेडकर अपने समय से बहुत आगे के व्यक्ति थे। जब आजादी से पहले देश में केंद्र सरकार के होने या न होने पर चर्चा चल रही थी, तब अंबेडकर ने अपनी बात रखी कि भारत में केंद्र सरकार होनी चाहिए और मजबूत होनी चाहिए। समारोह की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल ने कहा कि भारत विश्व गुरु बनने जा रहा है।

## केंद्रीय गृह मंत्रालय के कार्यालय में लगी मामूली आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली में केंद्रीय सचिवालय के नॉर्थ ब्लॉक में स्थित गृह मंत्रालय (एमएचए) के कार्यालय की दूसरी मंजिल पर मंगलवार को आग लग गई। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आग से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने के तुरंत बाद दमकल विभाग की सात गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और सुबह 9:35 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया था। डीएफएस के अनुसार, गृह मंत्रालय के कार्यालय के आईसी प्रभाग में दूसरी मंजिल पर सुबह करीब 9.20 बजे आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद दमकलकर्मियों ने सुबह 9.35 बजे तक आग पर काबू पा लिया।

## 12 हजार वर्गमीटर जमीन को अवैध निर्माण से मुक्त

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण का अवैध निर्माण हटाने का अभियान निरंतर जारी है। नोएडा प्राधिकरण की टीम ने 12 हजार वर्गमीटर जमीन को अवैध निर्माण से मुक्त कराया। इस जमीन की कीमत करीब 95 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। ये जमीन नोएडा प्राधिकरण के मास्टर प्लान के अनुसार नियोजित है। इसमें विकास परियोजना का निर्माण होना है। ध्वस्तीकरण की ये कार्यवाही वर्क सर्किल-6 की ओर से की गई। नोएडा प्राधिकरण ने बताया कि जेसीबी और स्थानीय पुलिस बल की मदद से अभियान सेक्टर-79 में चलाया गया। यहां खसरा नंबर-770 को चारो ओर से घेरकर उसकी बाउडरी कर ली गई थी। साथ ही अंदर प्लाटिंग की जा रही थी। प्राधिकरण के संज्ञान में आते ही जेसीबी और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ध्वस्तीकरण किया गया।

## 26 को सवेतनिक अवकाश स्वीकृत किया जाएगा : मनीष वर्मा

**नोएडा।** मतदान के लिए जिस उपक्रम या प्रतिष्ठान में कर्मचारियों को अवकाश नहीं दिया तथा उस दिन वेतन समेत अवकाश स्वीकृत नहीं किया तो उस प्रतिष्ठान के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

यह चेतावनी जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने दी है। उन्होंने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जनपद गौतमबुद्धनगर स्थित विभिन्न कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक या अन्य प्रतिष्ठानों में कार्यरत ऐसे कार्मिक जिन्हें किसी अन्य जनपद या प्रान्त में अपने मताधिकार का प्रयोग करना है, उन्हें उनके नियोजकों द्वारा सम्बन्धित प्रान्त या जनपद में होने वाले मतदान दिवस पर मतदान करने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से उक्त दिवस का सवैतनिक अवकाश स्वीकृत किया जायेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले नियोजकों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## चोरी के 101 मोबाइल, आई पैड और टैब जब्त

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**मध्य** जिला पुलिस ने एक गैंग का पर्दाफाश करते हुए महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 101 मोबाइल, टैबलेट, लैपटॉप और आई पैड बरामद हुए हैं।

गैंग की गिरफ्तारी और चोरी का माल जब्त करने के लिए दिल्ली पुलिस ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हरियाणा में छापेमारी की। आरोपियों की पहचान राहिल खान ,दीपक, अरमान और रहीदा के रूप में हुई है। यह सभी उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और हरियाणा के रहने वाले हैं। इनकी गिरफ्तारी से पांच मामलों का अभी खुलासा किया गया है।

डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि राजेंद्र नगर थाना इलाके में पिछले दिनों सेंधमारी की अलग-अलग कई वारदात हुई थी। जिसमें लैपटॉप, मोबाइल इत्यादि सामान चोरी कर लिए गए थे। छानबीन के दौरान पुलिस को जानकारी मिली की एक शख्स इस तरह का सामान खरीदता है। जो हरिद्वार के रुड़की का रहने वाला है। तुरंत पुलिस की टीम रुड़की पहुंची और वहां से दीपक को हिरासत में लिया। जो लैपटॉप रिपेयरिंग का शॉप वहीं चलाता था। वहां से चोरी के आईपैड बरामद किए गए और जब उससे पूछताछ की गई तो उसके साथी राहिल खान को भी पकड़ा गया। वह भी रुड़की हरिद्वार का ही रहने वाला निकला। उसके पास से कई लैपटॉप और आईपैड बरामद किए गए। जब इन दोनों से आगे की पूछताछ की गई तो इन्होंने बताया कि अरमान नाम के शख्स से लिया था।

पता चला कि वह अपने भाई और दूसरे साथियों के साथ इस तरह की चोरी की वारदात को अंजाम देता है। फिर इनकी निशानदेही पर पुलिस टीम ने गाजियाबाद में छापा मारकर अरमान को पकड़ा और वहां से दो टैब और पांच चोरी के मोबाइल बरामद किए। उससे जब आगे की पूछताछ की तो आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह चोरी का मोबाइल और लैपटॉप रहीदा और समीर को भी बेचता है। पुलिस टीम फिर हरियाणा के गुड़गांव पहुंची और वहां से रहीदा को उसके घर से पकड़ा। वहां से 84 मोबाइल बरामद किए गए।

## 'मेरा नाम अरविंद केजरीवाल है, मैं कोई आतंकवादी नहीं हूं'

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल शराब घोटालेमें तिहाड़ जेल में बंद हैं। अब उन्होंने जेल के अंदर से अपना संदेश भिजवाया है। इस संदेश में केजरीवाल ने कहा है, मेरा नाम अरविंद केजरीवाल है और मैं आंतकवादी नहीं हूं। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने केजरीवाल द्वारा जेल से भेजे गए मैसेज को पढ़ा। संजय सिंह ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि को संबोधित करते हुए सिंह ने आरोप लगाया कि तिहाड़ जेल में बंद एक कुख्यात अपराधी को बैरक में अपने वकील और पत्नी से मिलने की अनुमति दी गई, जबकि केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की मुलाकात के दौरान उनके बीच कांच की दीवार थी। सिंह ने कहा कि खुद के साथ हो रहे व्यवहार से आहत होकर केजरीवाल ने देशवासियों के लिए संदेश भेजा है कि मेरा नाम अरविंद केजरीवाल है और मैं आतंकवादी नहीं हूं।

## डीयू में प्रदर्शनों को रोकने के लिए कड़े कदमों की जरूरत नहींः कुलपति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** विश्वविद्यालय (डीयू) के कुलपति योगेश सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय को परिसर में विरोध प्रदर्शनों को नियंत्रित करने के लिए जेएनयू जैसे कड़े उपायों की आवश्यकता नहीं है क्योंकि दोनों विश्वविद्यालयों का चरित्र अलग है।

जेएनयू ने पिछले साल दिसंबर में संशोधित चीफ प्रॉक्टर ऑफिस (सीपीओ) नियमावली पेश की थी जिसमें परिसर के निषिद्ध क्षेत्रों में विरोध प्रदर्शन करने पर 20 हजार रुपए तक का जुर्माना और राष्ट्र-विरोधी नारे लगाने पर 10 हजार रुपए के जुर्माने का प्रावधान किया गया था। डीयू के कुलपति ने कहा कि फिलहाल विश्वविद्यालय में नियमों की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा, हम जेएनयू से बहुत अलग हैं। यह एक छोटे आकार का लेकिन प्रतिष्ठित कैंपस विश्वविद्यालय है।

# संपूर्णता की देवी हैं मां सिद्धिदात्री

**नवरात्र** के नौवें और आखिरी दिन माता सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। मां दुर्गा की नौवीं शक्ति देवी सिद्धिदात्री की पूजा करने से भक्तों को सारी सिद्धियां प्राप्त होती हैं। देवी सिद्धिदात्री को मां सरस्वती का भी एक रूप माना जाता है, क्योंकि माता अपने सफेद वस्त्र एवं अलंकार से सुसज्जित अपने भक्तों को महाज्ञान एवं मधुर स्वर से मंत्र-मुग्ध करती हैं। सिद्धिदात्री मां की पूजा के बाद ही अगले दिन दशहरा त्योहार मनाया जाता है। देवी सिद्धिदात्री का रूप अत्यंत सौम्य है, देवी की चार भुजाएं हैं। दाईं भुजा में माता ने चक्र और गदा धारण किया है और बाईं भुजा में शंख और कमल का फूल है। मां सिद्धिदात्री कमल आसन पर विराजमान रहती हैं, मां की सवारी सिंह है। मां की आराधना वाले इस दिन को रामनवमी भी कहा जाता है और शारदीय नवरात्रि के अगले दिन अर्थात दसवें दिन को रावण पर राम की विजय के रूप में मनाया जाता है।



### पूजन विधि

**इस** दिन माता सिद्धिदात्री को नवाह्न प्रसाद, नवरस युक्त भोजन, नौ प्रकार के पुष्प और नौ प्रकार के ही फल अर्पित करने चाहिए। सर्वप्रथम कलश की पूजा व उसमें स्थपित सभी देवी-देवताओं का ध्यान करना चाहिए। इसके पश्चात माता के मंत्रों का जाप कर उनकी पूजा करनी चाहिए। इस दिन नौ कन्याओं को घर में भोग लगाना चाहिए। नव-दुर्गाओं में सिद्धिदात्री अंतिम हैं और इनकी पूजा से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कन्याओं की आयु दो वर्ष से ऊपर और 10 वर्ष तक होनी चाहिए और इनकी संख्या कम से कम 9 तो होनी ही चाहिए। यदि 9 से ज्यादा कन्या भोज पर आ रही हैं तो कोई आपत्ति नहीं है। इस तरह से की गई पूजा से माता अपने भक्तों पर तुरंत प्रसन्न होती हैं। भक्तों को संसार में धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस दिन भक्तों को अपना सारा ध्यान निर्वाण चक्र की ओर लगाना चाहिए। यह चक्र हमारे कपाल के मध्य में स्थित होता है। ऐसा करने से भक्तों को माता सिद्धिदात्री की कृपा से उनके निर्वाण चक्र में उपस्थित शक्ति स्वत: ही प्राप्त हो जाती है।

**मां** सिद्धदात्री को विद्या की देवी मां सरस्वती का भी स्वरूप माना जाता है। नवरात्रि में जिन देवियों के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है, उनमें मां सिद्धदात्री को सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण माना गया है। इन्हें संपूर्णता की देवी भी कहा गया है। वैसे तो मां सिद्धदात्री की पूजा कभी भी की जा सकती है, लेकिन नवरात्रि के नौवें दिन को श्रेष्ठ माना गया है। इस दिन विधि-विधान और पूरी निष्ठा से इनकी पूजा करने वाले भक्तों को सभी सिद्धियां प्राप्त होती हैं। दुनिया में कुछ भी उसके लिए असंभव नहीं रहता। मां की कृपा से साधक में सभी क्षेत्रों में विजय प्राप्त करने के लिए सामर्थ्य आ जाती है।

**मां सरस्वती का स्वरूप हैं मां सिद्धदात्री देती हैं सफलता का वरदान**

### मां सिद्धिदात्री की कृपा से बने महादेव अर्धनारीश्वर

देवी दुर्गा के इस अंतिम स्वरूप को नव दुर्गाओं में सबसे श्रेष्ठ और मोक्ष प्रदान करने वाला माना जाता है। भगवान शिव ने भी इस देवी की कृपा से यह तमाम सिद्धियां प्राप्त की थीं। इनकी कृपा से ही महादेव का आधा शरीर देवी का हुआ था। इसी कारण शिव अर्धनारीश्वर नाम से प्रसिद्ध हुए। शिव पुराण के अनुसार जब सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रह्माजी ने देखा कि उन्होंने जिस ब्रह्मांड की रचना की है, उसमें विकास की गति नहीं है। उन्होंने पाया कि पशु-पक्षी और मनुष्य की संख्या में बढ़ोतरी नहीं हो रही है। कहा जाता है कि तब आकाशवाणी के अनुसार ब्रह्माजी ने मैथुनी (प्रजननी) सृष्टि उत्पन्न करने का संकल्प किया। ब्रह्माजी ने जब इस बारे में भगवान विष्णु से पूछा तो उन्होंने महादेव की आराधना करने को कहा।



इसके बाद ब्रह्माजी ने शक्ति के साथ शिव को संतुष्ट करने के लिए तपस्या की। ब्रह्माजी की तपस्या से परमात्मा शिव संतुष्ट हो अर्धनारीश्वर का रूप धारण कर उनके पास गए और अपने शरीर में स्थित देवी शक्ति के अंश को पृथक कर दिया। तब ब्रह्माजी ने उस परम शक्ति की स्तुति की। ब्रह्माजी की स्तुति से प्रसन्न होकर शक्ति ने अपनी भृकुटि के मध्य से अपने ही समान कांति वाली एक अन्य शक्ति की सृष्टि की, जिसने हिमालय की पुत्री पार्वती रूप में जन्म लेकर महादेव से मिलन किया।

### पूजा मंत्र

**सिद्धगन्धर्वयक्षाद्यैरसुरैर मरैरपि,**
**सेव्यमाना सदा भूयात**
**सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।**

**बीज मंत्र**

ऊँ ह्रीं क्लीं चामुण्डायै
विच्चे नमो नमः ।।

(मां सिद्धदात्री की पूजा में हवन करने के लिए दुर्गा सप्तशती के सभी श्लोकों का प्रयोग किया जा सकता है।)

### कन्या पूजन

**दुर्गा** अष्टमी या महानवमी के हवन के बाद कन्या पूजन कर लें। इसमें 02 से 10 वर्ष की आयु की नौ कन्याओं और एक छोटे बालक को भोज कराया जाता है। बालक बटुक भैरव का रूप होते हैं। यदि आपके यहां दुर्गा अष्टमी के दिन ही हवन होता है, तो आप कन्या पूजन के बाद व्रत का उद्यापन कर सकते हैं और पारण करके व्रत को पूरा कर सकते हैं। अन्यथा महानवमी के दिन हवन के बाद कन्या पूजा करें, उनसे आशीर्वाद लेने के बाद नवरात्रि व्रत का उद्यापन पारण के साथ करें।

## राम नवमी पर करें इस मंगलकारी स्तोत्र का पाठ, पूरे परिवार का होगा कल्याण



**भगवान** श्रीराम की पूजा-अर्चना करने से साधक को धैर्य का वरदान प्राप्त होता है। इससे व्यक्ति के जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के दुख और संकट समय के साथ दूर हो जाते हैं। स्वयं भगवन श्रीराम ने भी विषम परिस्थिति में धैर्य का सहारा लेकर आदर्श प्रस्तुत किया था। इसके लिए शास्त्रों में भगवान श्रीराम को आदर्श पुरुष कहा गया है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि के अगले दिन राम नवमी मनाई जाती है। इस वर्ष 17 अप्रैल को राम नवमी है। इस दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पूजा-उपासना की जाती है। शास्त्रों में निहित है कि त्रेता युग में धर्म की स्थापना हेतु जगत के पालनहार भगवान विष्णु, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम रूप में अवतरित हुए थे। वाल्मीकि जी कृत रामायण में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जीवनी का वर्णन है। भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना करने से साधक को धैर्य का वरदान प्राप्त होता है। इससे व्यक्ति के जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के दुख और संकट समय के साथ दूर हो जाते हैं। स्वयं भगवन श्रीराम ने भी विषम परिस्थिति में धैर्य का सहारा लेकर आदर्श प्रस्तुत किया था। इसके लिए शास्त्रों में भगवान श्रीराम को आदर्श पुरुष कहा गया है। अगर आप भी भगवान श्रीराम की कृपा के भागी बनना चाहते हैं, तो राम नवमी पर श्रीराम परिवार की विधि-विधान से पूजा एवं साधना करें। साथ ही पूजा करते समय राम रक्षा स्तोत्र का पाठ करें।

# भाजपा ने उत्तर प्रदेश के चार विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की

### लखनऊ पूर्व विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रहे टंडन योगी की पहली सरकार में मंत्री थे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के साथ उत्तर प्रदेश के चार विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव के लिए मंगलवार को अपने चार उम्मीदवारों की घोषणा की। पार्टी के दिल्ली कार्यालय द्वारा जारी सूची के मुताबिक ददरौल विधानसभा क्षेत्र से अरविंद सिंह, लखनऊ पूर्व सीट से ओ पी श्रीवास्तव, गैसड़ी से शैलेंद्र सिंह शैलू तथा दुद्धी (आरक्षित) विधानसभा क्षेत्र से श्रवण गौड़ को उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार लखनऊ पूर्व सीट से प्रत्याशी बनाए गए ओपी श्रीवास्तव स्थानीय भाजपा संगठन के पदाधिकारी हैं। इस उपचुनाव में दिवंगत विधायक आशुतोष टंडन के परिवार से किसी को मौका नहीं मिला है।

ददरौल विधानसभा सीट से विधायक मानवेंद्र सिंह (जिनके निधन के कारण उपचुनाव हो रहा है) के बेटे अरविंद सिंह को पार्टी ने इस उपचुनाव में उम्मीदवार बनाया है। गैसड़ी से शैलेंद्र सिंह शैलू 2017 से 2022 तक भाजपा विधायक थे, लेकिन 2022 में शैलेंद्र सिंह शैलू, समाजवादी पार्टी के शिव प्रताप यादव से चुनाव हार गए थे। यादव के निधन के बाद उपचुनाव में भाजपा ने एक बार फिर शैलू पर भरोसा जताते हुए उन्हें उम्मीदवार बनाया है।

दुद्धी (आरक्षित) विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाए गए श्रवण गौड़ पार्टी के जनजाति मोर्चा के पदाधिकारी और पुराने पार्टी कार्यकर्ता हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से पहले मिली जानकारी के मुताबिक ददरौल विधानसभा सीट पर उपचुनाव चतुर्थ चरण में 13 मई को होगा। लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर उपचुनाव पांचवे चरण में 20 मई, गैसड़ी में छठे चरण में 25 मई और दुद्धी में सातवें चरण में एक जून को मतदान होगा। मतगणना चार जून को होगी। लखनऊपूर्व विधानसभा क्षेत्र से मौजूदा विधायक आशुतोष टंडन के निधन के बाद उपचुनाव जरूरी हो गया था। टंडन का नौ नवंबर, 2023 को 63 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। लखनऊ पूर्व विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रहे टंडन, योगी आदित्यनाथ की पहली सरकार में मंत्री रहे थे। ददरौल विधानसभा सीट पर भी मौजूदा विधायक मानवेंद्र सिंह (70) के निधन के बाद उपचुनाव कराया जा रहा है। शाहजहांपुर जिले के ददरौल से भाजपा विधायक सिंह का लंबी बीमारी के बाद पांच जनवरी को दिल्ली में निधन हो गया था। बलरामपुर जिले का गैसड़ी विधानसभा सीट पर मौजूदा सपा विधायक डॉ. शिव प्रताप यादव के निधन के बाद उपचुनाव कराया जा रहा है।



दुष्कर्म के मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद भाजपा विधायक रामदुलार गोंड को विधानसभा सदस्यता के लिए अयोग्य ठहराए जाने के बाद सोनभद्र जिले के दुद्धी विधानसभा क्षेत्र (अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित) पर उपचुनाव हो रहा है। नौ साल पहले एक लड़की से दुष्कर्म के आरोप में 25 साल के कठोर कारावास की सजा पाने वाले भाजपा विधायक रामदुलार गोंड को दिसंबर 2023 में उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

## सपा प्रत्याशी डिंपल यादव ने मैनपुरी से नामांकन दाखिल किया



**मैनपुरी।** समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी और वर्तमान सांसद डिंपल यादव ने मंगलवार को मैनपुरी लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया।

समाजवादी पार्टी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी डिंपल यादव ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। डिंपल के नामांकन के समय समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, वरिष्ठ नेता राम गोपाल यादव और शिवपाल यादव मौजूद थे।

मैनपुरी में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। मैनपुरी सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी जयवीर सिंह और बसपा के शिव प्रसाद यादव मैदान में हैं। सिंह उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री हैं।

# चुनावी सफर की शुरुआत के लिए कांग्रेस स्वाभाविक पसंद, थी संविधान बचाने की जरूरत : शाहू छत्रपति

पायनियर समाचार सेवा। कोल्हापुर

**महाराष्ट्र** के कोल्हापुर शाही परिवार से ताल्लुक रखने वाले शाहू छत्रपति का कहना है कि अपने परदादा राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज से प्रेरित होकर उन्होंने राजनीति में कदम रखा है और इस चुनावी सफर की शुरुआत के लिए कांग्रेस को चुना है। राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज समाज सुधार कार्यों के लिए समाज के सभी तबकों में लोकप्रिय थे।



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना के कोल्हापुर से मौजूदा सांसद संजय मांडलिक को चुनौती दे रहे 76 वर्षीय शाहू छत्रपति ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा कि भले ही यह उनका पहला चुनाव हो लेकिन वह लंबे समय से राजनीति में सक्रिय रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं हमेशा से राजनीति से जुड़ा रहा हूं। शाहू ने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने को लेकर कहा, यह देश का सबसे पुराना राजनीतिक दल और स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी भारतीय पार्टी है। उन्होंने कहा, हमें भारत में लोकतंत्र को बरकरार रखना है। हर कोई लोकतंत्र को खतरे में महसूस कर रहा है। संविधान की रक्षा करने की जरूरत है। शाहू ने कहा, कई वर्षों से स्थानीय निकाय चुनाव नहीं हुए हैं, जो खतरे की घंटी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, अगर कुछ गलत हो गया तो क्या होगा? हमें लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करनी होगी। यह सबसे जरूरी है। लोकतंत्र की रक्षा करनी होगी क्योंकि यही हर चीज का आधार है। महाराष्ट्र के कोल्हापुर शाही परिवार के महत्व पर उन्होंने कहा कि परिवार के सदस्यों को लोगों के हितों के लिए समर्पित माना जाता है और सदस्यों को जनता के कल्याण के लिए काम करना होता है। शाहू ने कहा कि कोल्हापुर उनके परदादा राजर्षि शाहू महाराज के कारण फला-फूला। शाहू ने अपने परदादा को समानता का केंद्र बिंदु करार दिया। इतिहास, अर्थशास्त्र और अंग्रेजी में स्नातक कांग्रेस उम्मीदवार ने कहा कि वह अन्याय से लड़ने और लोक कल्याण लाने की अपने दादा की विरासत को आगे बढ़ाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद छह दशकों से अधिक समय तक कांग्रेस के योगदान को नकारा नहीं जा सकता, फिर चाहे वह आर्थिक विकास हो या परमाणु ऊर्जा का विकास। शाहू छत्रपति ने दावा किया कि वास्तव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ही है, जिसने अपना कोई भी वादा पूरा नहीं किया। शाहू छत्रपति ने अपने प्रचार अभियान के बारे में कहा कि उनके परिवार के सदस्य पूरे निर्वाचन क्षेत्र में फैले हुए हैं और उनमें से प्रत्येक की भूमिका परिभाषित है। महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल से 20 मई तक पांच चरणों में मतदान होगा। कोल्हापुर संसदीय क्षेत्र में सात मई को मतदान होना है।

## भाजपा ने केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश का टिकट काटा, उनकी पत्नी को मैदान में उतारा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को सात और उम्मीदवारों की घोषणा की और मराठा राजा छत्रपति शिवाजी के वंशज उदयनराजे भोसले को महाराष्ट्र के सतारा से मैदान में उतारा है। भाजपा ने केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश का पंजाब के होशियारपुर से टिकट काट दिया, लेकिन प्रभावशाली स्थानीय नेता के समर्थन को बरकरार रखने के लिए उनकी पत्नी अनीता सोम प्रकाश को चुनाव मैदान में उतारने का फैसला किया। इसने पूर्व आईएएस अधिकारी परमपाल कौर सिद्धू को बठिंडा से मैदान में उतारा है, जो अकाली दल से लंबे समय से जुड़े एक प्रभावशाली राजनीतिक परिवार से आती हैं। उत्तर प्रदेश में पार्टी ने दो सीट पर अपने मौजूदा सांसदों का टिकट काट दिया और फिरोजाबाद से विश्वदीप सिंह और देवरिया से शशांक मणि त्रिपाठी को मैदान में उतारा। भाजपा ने पश्चिम बंगाल के डायमंड हार्बर से अभिजीत दास को उम्मीदवार बनाया है। इस नई सूची के साथ, भाजपा ने लोकसभा की 543 सीट के लिए 19 अप्रैल से शुरू होने वाले चुनाव के लिए लगभग 430 सीट पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। भाजपा ने ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची भी जारी की।

# गुजरात में आप के लिए चुनाव प्रचार कर सकती हैं सुनीता केजरीवाल



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल गुजरात में लोकसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के पक्ष में प्रचार कर सकती हैं। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पार्टी गुजरात के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर सकती है।

पार्टी के एक सूत्र ने बताया, सुनीता के गुजरात में आप उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने की संभावना है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार किया था। केजरीवाल फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

गुजरात की 26 लोकसभा सीट में से आप भरूच और भावनगर सीट पर चुनाव लड़ रही है जबकि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस ( इंडिया ) में उसकी सहयोगी कांग्रेस शेष 24 सीट पर चुनावी मैदान में है। आप ने भरूच से चैतर वसावा और भावनगर से उमेश मकवाना को चुनाव मैदान में उतारा है। गुजरात में लोकसभा की सभी 26 सीट के लिए सात मई को मतदान होगा और नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल है।

# कुकी और मेइती को भौगोलिक रूप से अलग किया जाना भारत के मूल विचार के खिलाफ : अकोइजाम

### कहा, दोनों समुदायों को एकसाथ रहना व काम करना होगा

पायनियर समाचार सेवा। इंफाल

**लोकसभा** चुनाव के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार ए. बिमल अकोइजाम ने कहा है कि हिंसाग्रस्त मणिपुर में सुरक्षा के नाम पर कुकी और मेइती समुदाय के लोगों को भौगोलिक रूप से अलग किया जाना भारत के मूल विचार के खिलाफ है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान विद्यालय के एक एसोसिएट प्रोफेसर, अकोइजाम ने इस बात पर जोर दिया कि जब तक दोनों समुदाय देश के नागरिक बने रहेंगे, उन्हें एक साथ रहना और काम करना होगा।

अकोइजाम (57) की यह टिप्पणी मणिपुर में कुकी-जो समुदाय की एक अलग प्रशासन की मांग के बीच आई है। मणिपुर में हिंसा की तुलना रवांडा जैसे जातीय संघर्ष से करते हुए अकोइजाम ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार ने राज्य में स्थिति को जानबूझकर बिगड़ने दिया और दावा किया कि इसके पीछे कुछ उद्देश्य है।

उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा, जिस तरह की स्थिति हम देख रहे हैं..हमें विश्वास नहीं होता कि भारत जैसे स्थापित लोकतंत्र में ऐसा हो सकता है.यह लगभग एक जातीय संघर्ष जैसा लगता है, जैसे उदाहरण के लिए रवांडा में हुआ, इसे इतने लंबे समय तक होने दिया गया... इसलिए जनजीवन सामान्य होने में लंबा समय लगेगा। इनर मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र से अपना पहला चुनाव लड़ रहे अकोइजाम ने कहा, जब भारत जैसा बहु-सांस्कृतिक और बहु-जातीय देश कहता है कि कुकी और मेइती भौगोलिक, भावनात्मक और दूसरी तरह से अलग हो गए हैं, तो यह पूरी तरह से बकवास है।

यह कहना भारत के मूल विचार के विरुद्ध है कि कुकी और मेइती एकसाथ नहीं रह सकते। उन्होंने कहा, अगर सिखों पर हमला हुआ...तो आपने उस इलाके की रक्षा करने की कोशिश की, जहां एक खास समुदाय रहता था। मुझे इस बात पर बहुत संदेह है कि उन्होंने सुरक्षा के नाम पर लोगों को इस तरफ से उस तरफ और उधर से इधर स्थानांतरित करना क्यों शुरू कर दिया। उन्होंने कहा, मैं इसे भारत सरकार की अक्षमता मानता हूं जिसने स्थिति बिगड़ने दी। मुझे संदेह है कि यह जानबूझकर किया जा रहा है। यह भारत सरकार की अक्षमता ही नहीं है, यह कार्वाई करने की अनिच्छा है। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि मुझे संदेह है कि इसके पीछे कोई उद्देश्य है।

## पंजाब : आप ने चार और उम्मीदवारों को मैदान में उतारा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) ने लोकसभा चुनावों के लिए मंगलवार को पंजाब में चार और उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की। पूर्व विधायक पवन कुमार टीनू को जालंधर (सुरक्षित) सीट से मैदान में उतारा गया है। आप ने टीनू के अलावा पार्टी के तीन मौजूदा विधायकों को भी लोकसभा चुनाव का टिकट दिया है, जिसमें फिरोजपुर से जगदीप सिंह काका बराड़, गुरदासपुर से अमनशेर सिंह कलसी और लुधियाना लोकसभा क्षेत्र से अशोक पाराशर पप्पी को मैदान में उतारा है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संदीप पाठक ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में यह घोषणा की।

उन्होंने कहा कि मुक्तसर विधानसभा क्षेत्र से विधायक बराड़, बटाला से विधायक कलसी और लुधियाना सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र से विधायक पप्पी को लोकसभा का टिकट दिया गया है। टीनू शिरोमणि अकाली दल को छोड़कर हाल ही में आप में शामिल हुए हैं।

आप ने इस घोषणा के साथ ही पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीट पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस ( इंडिया ) का घटक दल होने के बावजूद आप पंजाब में लोकसभा चुनाव अपने दम पर लड़ रही है। पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव के आखिरी चरण में एक जून को मतदान होगा।

# प्रधानमंत्री चार जून के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई तेज करेंगे



### बीजेपी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तमिलनाडु में राडे शो के दौरान कहा

पायनियर समाचार सेवा। रामनाथपुरम

**भारतीय** जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को तमिलनाडु में रामनाथपुरम जिले के परमकुडी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम के समर्थन में रोडशो किया। अन्नाद्रमुक से निष्कासित पन्नीरसेल्वम भाजपा नीत राजग के तहत निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में रामनाथपुरम से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। तमिलनाडु में 19 अप्रैल को मतदान होगा।

राज्य में सत्तारूढ़ दल द्रमुक पर कथित भ्रष्टाचार को लेकर निशाना साधते हुए नड्डा ने इस पार्टी के लोगों पर बालू घोटाले में लिप्त होने का आरोप लगाया और कहा कि द्रमुक का मतलब- डी यानी डायनेस्टी (वंशवाद), एम यानी मनी स्विंडलिंग (पैसे की हेराफेरी) और के यानी कट्टापंचायत (कंगारू अदालत) है। उन्होंने कहा कि चार जून के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई तेज कर देंगे तथा ये सभी लोग जेल में होंगे या जमानत पर होंगे। देश में सात चरणों में लोकसभा चुनाव होने के बाद चार जून को मतगणना होगी। नड्डा ने विशेष रूप से तैयार किए गए एक खुले वाहन में सवार होकर रोड शो किया। उन्होंने पन्नीरसेल्वम की तारीफ करते हुए उन्हें ऐसा वरिष्ठ नेता बताया जो अनुभवी एवं परिपक्व हैं तथा जिन्होंने तमिलनाडु की खातिर संघर्ष किया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मोदी ने कोष आवंटन में इस दक्षिणी राज्य के साथ विशेष बर्ताव किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने तमिल संस्कृति एवं भाषा को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पहुंचाया। उन्होंने यह भी कहा कि राजग के पिछले एक दशक के शासनकाल में देश ने विभिन्न क्षेत्रों में तेज छलांग लगाई है तथा 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर लाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत में आम चुनावों पर नजर बनाए हुए है जर्मनी

**नई दिल्ली।** जर्मनी का कहना है कि भारत में 19 अप्रैल से शुरू हो रहे दुनिया के सबसे बड़े चुनाव पर वह बड़े उत्सुकता से नजर बनाए हुए हैं और नतीजा चाहे जो भी हो, अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का कद और बढ़ेगा। जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन ने यह बात कही। एकरमैन ने एक निजी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि भारत द्वारा जी20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता से हम इस हकीकत से रूबरू हुए हैं। उन्होंने अपने भाषण में ईरान-इजराइल, रूस-यूक्रेन और दुनिया भर में जारी और अनसुलझे मुद्दों पर भी बात की। एकरमैन ने कहा, इन बेहद मुश्किल हालात के बीच मुझे याद नहीं कि दुनिया पहले कभी इतने मुश्किल दौर से भी गुजरी हो जितना कि अब गुजर रही है। हम यूरोप और यूरोपीय संघ के लिहाज से स्पष्ट तौर पर देख रहे हैं कि भारत कैसे उभर रहा है। हम शुक्रवार से शुरू हो रहे दुनिया के सबसे बड़े चुनाव पर बड़े उत्साह से नजर बनाए हुए हैं। यह लोकतंत्र का त्यौहार है। राजदूत ने कहा, इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि इन चुनावों में क्या होगा, कौन जीतेगा। मुझे लगता है कि हम अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का कद बढ़ता हुए देखेंगे। उन्होंने कहा, जी20 की अध्यक्षता से हम इस हकीकत से रूबरू हुए हैं। भारत बड़े मंचों पर सीट का दावा करता है और हम जर्मनी व यूरोप के लोग भी ऐसा ही सोचते हैं। फिर चाहे वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद हो या कहीं भी, भारत का कद और मान्यता बढ़ी है तथा आगे भी बढ़ेगी।

### बसपा ने 11 और उम्मीदवारों की सूची जारी की

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए 11 उम्मीदवारों की अपनी पांचवीं सूची जारी की, जिसमें पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह को जौनपुर से मैदान में उतारा गया है। मार्च में जौनपुर की एक एमपीएमएलए (सांसदाविधायक) अदालत ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह को 2020 के अपहरण और जबरन वसूली के एक मामले में सात साल की सजा सुनाई थी। बसपा ने मैनपुरी से अपना उम्मीदवार भी बदल दिया है और समाजवादी पार्टी (सपा) की डिंपल यादव और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जयवीर सिंह के खिलाफ शिव प्रसाद यादव को मैदान में उतारा है। जयवीर सिंह उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री हैं। बसपा ने पहले गुलशन देव शाक्य को मैनपुरी से टिकट दिया था। वाराणसी लोकसभा सीट पर बसपा ने अतहर जमाल लारी को अपना उम्मीदवार बनाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे। बसपा की ओर से जारी सूची के मुताबिक, मुस्लिम खान बदायूं से, छोटेलाल गंगवार बरेली से, उदयराज वर्मा सुल्तानपुर से, क्रांति पांडे फुर्खाबाद से पार्टी के उम्मीदवार होंगे। मयंक द्विवेदी बांदा से, ख्वाजा समसुद्दीन डुमरियागंज से, ललन सिंह यादव बलिया से और उमेश कुमार सिंह गाजीपुर से बसपा के उम्मीदवार होंगे। 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। सपा-बसपा-रालोद गठबंधन की चुनौती को दरकिनार करते हुए भाजपा ने 62 सीटें और उसकी सहयोगी अपना दल (एस) ने दो सीटें जीती थीं। हालांकि, इस गठबंधन में बसपा को सबसे ज्यादा फायदा हुआ क्योंकि उसके 10 उम्मीदवार विजई रहे थे। अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी (सपा) ने पांच सीटें जीती थीं, जबकि रालोद चुनाव में अपना खाता नहीं खोल सकी थी। कांग्रेस ने एकमात्र रायबरेली सीट जीती थी, जहां से सोनिया गांधी ने चुनाव लड़ा था।

### बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का वादा क्यों भूल गए प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बिहार में जनसभा से पहले मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी पर राज्य के लोगों के साथ वादाखिलाफी करने का आरोप लगाया और सवाल किया कि प्रधानमंत्री मोदी विशेष राज्य का दर्जा देने के अपने वादे को क्यों भूल गए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि उनकी सरकार हर साल कोसी नदी में बाढ़ के कारण राज्य में होने वाली तबाही की ओर कब ध्यान देगी। रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, आज प्रधानमंत्री बिहार में हैं। उनसे आज के हमारे सवाल हैं। प्रधानमंत्री ने अपने वादे के अनुसार बिहार को विशेष राज्य का दर्ज़ा क्यों नहीं दिया? कोसी नदी से बाढ़ के रूप में हर साल आने वाली तबाही पर मोदी सरकार कब ध्यान देगी? प्रधानमंत्री ने जिन हवाईअड्डों का वादा किया था, उनका क्या हुआ। उन्होंने कहा, केंद्र में 10 साल और बिहार में लगभग 15 साल सत्ता में रहने के बाद भी भाजपा सरकार ने राज्य को विशेष राज्य का दर्ज़ा क्यों नहीं दिया? केंद्र की अपनी बहुआयामी ग़रीबी सूचकांक (एमपीआई) रिपोर्ट के अनुसार, बिहार भारत का सबसे ग़रीब राज्य है। उनके मुताबिक, राज्य की 52 प्रतिशत आबादी की ठीक से स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधा तक पहुंच नहीं है। 2013 में, रघुराम राजन समिति ने राज्य के आर्थिक पिछड़ेपन को ध्यान में रखते हुए धन को हस्तांतरित करने के लिए एक नई पद्धति की सिफ़ारिश की थी जो विशेष श्रेणी के दर्जे (एससीएस) के बजाय बहु-आयामी सूचकांक पर आधारित है। उन्होंने कहा कि 2014 में जब मोदी जी प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार थे तब उन्होंने कई बार बिहार को विशेष राज्य का दर्ज़ा देने का वादा किया था। रमेश ने सवाल किया, 10 साल के बाद भी मोदी सरकार किस चीज़ का इंतज़ार कर रही है? बिहार की जनता को प्रधानमंत्री क्यों भूल गए।

### 21 उम्मीदवारों की घोषणा, राउरकेला से दिलीप रे मैदान में

**भुवनेश्वर।** भारतीय जनता पार्टी ने ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को 21 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की। पार्टी ने पूर्व केंद्रीय कोयला मंत्री दिलीप रे को राउरकेला विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा ने ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की है। बीजू जनता दल (बीजद) छोड़कर हाल ही में भाजपा में शामिल हुए कम से कम पांच दलबदलुओं को भी पार्टी ने टिकट दिया है। भाजपा का टिकट पाने वालों में अमरेंद्र दास (जगतसिंहपुर), डंबरू सीसा (चित्रकोंडा), कलिलाश कुलेसिका (लक्ष्मीपुर), भादव हंसदा (सरस्काना) और जगन्नाथ नुदुका (बिस्सम कटक) शामिल हैं। राउरकेला विधानसभा सीट पर दिलीप रे का मुकाबला ओडिशा के श्रम मंत्री व बीजद उम्मीदवार सारदा नायक से है। पार्टी ने पिछली सूची में शामिल दो उम्मीदवारों को भी बदल दिया है। भाजपा ने रणपुर विधानसभा क्षेत्र से सुरामा पाढ़ी की जगह तापस रंजन मार्था को मैदान में उतारा है जबकि पोट्टांगी विधानसभा क्षेत्र में चैतन्य हंतल के स्थान पर चैतन्य नंदीबली को टिकट दिया गया है। भाजपा की 21 उम्मीदवारों की सूची में दो महिला उम्मीदवारों सुरामा पाढ़ी और संजलि मुर्मू (बांगीरपोसी) का भी नाम शामिल है। भाजपा ने अब तक ओडिशा की 147 विधानसभा सीट में से 131 पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। पार्टी, राज्य की सभी 21 लोकसभा सीट पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर चुकी है। राज्य में ओडिशा विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक लिए मतदान चार चरणों में 13, 20, 25 मई और एक जून को होगा।

### मतदानकर्मियों को हेलीकॉप्टर से ले जाने की कवायद शुरू

**बीजापुरासुकमा।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में नक्सल प्रभावित बस्तर सीट के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच मंगलवार को कई हेलीकॉप्टर के माध्यम से मतदानकर्मियों को ले जाने की कवायद शुरू कर दी गई। इस सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। राज्य में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि बीजापुर और सुकमा जिलों के संवेदनशील इलाकों में स्थित मतदान केंद्रों के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और मतदान दलों को भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बस्तर लोकसभा क्षेत्र के दक्षिणी भाग में स्थित दोनों जिलों में पूर्व में चुनाव के दौरान सुरक्षाबलों पर नक्सली हमलों की कई घटनाएं हुई हैं। बीजापुर के जिलाधिकारी अनुराग पांडेय ने बताया कि जिले में आम चुनाव के लिए कुल 245 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से अंदरूनी क्षेत्रों के 99 मतदान केंद्रों को (सुरक्षित स्थानों पर) स्थानांतरित कर दिया गया है। पांडेय ने बताया कि लगभग 76 मतदान दलों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से उनके गंतव्य तक पहुंचाया जाएगा और मतदान से तीन दिन पहले मंगलवार से यह कार्यवाही शुरू कर दी गई। उन्होंने बताया कि जो मतदान दल मतदान दिन से पहले अपने गंतव्य पर पहुंचेंगे, वे सुरक्षा बलों के निकटतम शिविर में रहेंगे। पांडेय ने बताया कि शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं। बीजापुर जिले के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने बताया कि जिले में लोकसभा चुनाव को देखते हुए पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। क्षेत्र में तलाशी और नक्सल विरोधी अभियान तेज कर दिया गया है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि इसी तरह पड़ोसी सुकमा जिले में भी मतदान दलों को रवाना करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 27 मतदान दलों और ईवीएम मशीनों को हेलीकॉप्टर के जरिए उनके गंतव्यों के लिए भेजा जाएगा।

# गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स को प्रदर्शन में निरंतरता की तलाश

## प्लेऑफ में जगह बनाने की रेस में बने रहने के लिए दोनों ही टीम को अपनी खामियों में करना होगा सुधार

### फ्रेजर के रूप में डीसी को तीसरे नंबर पर मिला अच्छा खिलाड़ी

एजेंसी। अहमदाबाद

**अपने** प्रदर्शना में निरंतरता हासिल करने की कोशिश में जुटी गुजरात टाइटन्स और दिल्ली कैपिटल्स दोनों ही टीम बुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में बेहतर खेल से एक दूसरे को पराजित करने के इरादे से मैदान में उतरेंगी। पिछले दो चरण की तरह गुजरात टाइटन्स अभी तक एकजुट होकर शानदार प्रदर्शन नहीं कर सकी है, हालांकि उनके पास अपनी कमियों को पूरा करने का अब भी काफी समय है।

गुजरात टाइटन्स ने तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 10 अप्रैल को अंतिम गेंद में जीत हासिल की थी और अगर उसे अपने अभियान में जान फूंकनी है तो उसे ऐसा ही प्रदर्शन करने की जरूरत है। टीम अपने पहले छह मैच में केवल दो में ही जीत सकी है और अभी आठ मैच बाकी हैं।




मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति हालांकि उसके लिए नुकसानदायक रही है, लेकिन उन्हें अपने सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध गेंदबाजों का सही इस्तेमाल करना होगा। उमेश यादव ने अभी तक सात विकेट झटके हैं लेकिन प्रति ओवर 10 से ज्यादा रन लुटाए हैं। उनके नई गेंद के जोड़ीदार स्पेंसर जॉनसन और अनुभवी मोहित शर्मा भी अपने इकोनोमी रेट में सुधार कर सकते हैं। स्टार स्पिनर राशिद खान ने अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की है लेकिन वह अपने खाते में और विकेट डालना चाहेंगे। पिछले मैच में उनकी बदौलत गुजरात टाइटन्स रोमांचक जीत हासिल करने में सफल रही और टीम भी उनसे बल्ले से इससे अधिक रनों की उम्मीद करेगी। वहीं दिल्ली कैपिटल्स की बात की जाए तो टीम फॉर्म और फिटनेस मुद्दों के कारण अभी तक अपनी सर्वश्रेष्ठ अंतिम एकादश जुटाने में असफल रही है। पांच मुकाबलों में चार हार के बाद लखनऊसुपर जायंट्स पर मिली जीत से टीम का मनोबल बढ़ा। लेकिन अगर उन्हें प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए खुद को दौड़ में बनाए रखना है तो अपनी कमियों में सुधार करके मुकाबले जीतने होंगे।

फिट होकर वापसी करने वाले कुलदीप यादव की मौजूदगी से काफी बड़ा अंतर पड़ा। इस गेंदबाज ने लखनऊ सुपर जायंट्स के तीन विकेट लेकर उसकी बल्लेबाजी पर लगाम कसी। गुजरात टाइटन्स के लिए उनका सामना करना, विशेषकर उनकी गुगली को खेलना मुश्किल हो सकता है। जैक फ्रेजर मैकगुर्क के रूप में दिल्ली कैपिटल्स को तीसरे नंबर पर अच्छा खिलाड़ी मिल गया है और टीम उम्मीद कर रही होगी कि यह आस्ट्रेलियाई अपने पहले आईपीएल मैच की सफलता के बूते आगे बढ़े। एनरिच नॉर्किया पिछले मैच में नहीं खेले थे, जिनकी गेंदों की बल्लेबाजों ने अभी तक धज्जियां उड़ाई हैं।

मुकेश कुमार ने पांच मैच में 10 रन प्रति ओवर दिए हैं और वह लखनऊ के खिलाफ मैच में भी काफी खर्चीले रहे। टीम के लिए सबसे सकारात्मक चीज कप्तान ऋषभ पंत की बल्लेबाजी है, जो प्रत्येक मैच के साथ बेहतर से बेहतर होती जा रही है।

### दोनों टीम के खिलाड़ी

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रॉबिन मिंज, विलियमसन, अभिनव मंधार, साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, शशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुथार।

**दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी साव, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रस्टिन स्टब्स।

**मैचः शाम 7:30 से**

## संक्षिप्त समाचार

### सबालेंका पोर्शे ग्रां प्री में बडोसा से भिड़ेंगी

**स्टुटगार्ट (जर्मनी)।** पाउला बडोसा ने डायना श्नाइडर पर 6-3, 6-4 की जीत से स्टुटगार्ट पोर्शे ग्रां प्री टेनिस प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया, जिसमें उनका सामना दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका से होगा। सबालेंका स्टुटगार्ट में पिछले तीन साल से उप विजेता रही हैं। वह 2021 में फाइनल में क्रमशः पूर्व नंबर एक एशले बार्टी तथा 2022 और 2023 के फाइनल में मौजूदा नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक से हार गई थीं। अमेरिका के सचिया विक्रे ने बेलारूस की अलियांकसांद्रा सासनोविच को 7-6, 7-5 से पराजित किया और अब दूसरे दौर में उनका सामना हमवतन कोको गॉफ से होगा। रूस की वेरोनिका कुद्रेमेतोवा ने बारबोरा क्रेजसिकोवा को 5-7, 6-4, 6-4 से मात देकर दूसरे दौर में प्रवेश किया जिसमें उनका सामना एलीना रिबाकिना से होगा। सबालेंका, गॉफ, स्वियातेक और रिबाकिना को पहले दौर में बाई मिली है। विश्व रैंकिंग की शीर्ष 10 की आठ खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में खेल रही हैं।

### कोलकाता के बिग थ्री की सफलता का बड़ा असर होगा: चौबे

**कोलकाता।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने मंगलवार को कहा कि कोलकाता के बिग थ्री – मोहन बागान, ईस्ट बंगाल और मोहम्मडन स्पोर्टिंग – की सफलता का सिर्फ राज्य फुटबॉल पर ही नहीं बल्कि इसका देश में खेल पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सात महीने में चार खिताब और भारतीय फुटबॉल का मक्का कहा जाने वाला कोलकाता सोमवार को यहां खचाखच भरे सॉल्ट लेक स्टेडियम में मुंबई सिटी एफसी पर 2-1 की जीत के बाद मोहन बागान के पहली बार आईएसएल की लीग विजेता शील्ड जीतने का जश्न मना रहा है। चौबे ने कहा, आईएसएल शील्ड, आईलीग ट्रॉफी, सुपर कप और डूरंड कप को प. बंगाल में लाना राज्य में नए जमाने के फुटबॉल और इन क्लबों का फुटबॉल के नए मानदंडों के अनुकूल होने का संकेत है। मुझे यकीन है कि मोहन बागान और ईस्ट बंगाल की सफलता, और साथ ही मोहम्मडन स्पोर्टिंग के अगले सत्र में आईएसएल में शामिल होने से भारतीय फुटबॉल पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। मोहन बागान ने पिछले साल तीन सितंबर को चिर प्रतिद्वंद्वी ईस्ट बंगाल को हराकर 23 साल में अपने पहले डूरंड कप खिताब के साथ सत्र शुरू करके की।

# सुनील नरेन ने जड़ा शानदार शतक राजस्थान को 224 रन का लक्ष्य

## 56 बॉल में 13 चौके और 6 छक्के जमाए, खान-सेन को दो-दो विकेट

एजेंसी। कोलकाता

**सुनील** नरेन के पहले टी-20 शतक से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ छह विकेट पर 223 रन बनाए। नरेन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 56 गेंद में छह छक्कों और 13 चौकों से 109 रन की पारी खेली। उन्होंने अंगकृष रघुवंशी (30) के साथ दूसरे विकेट के लिए 85 रन की साझेदारी करके नाइट राइडर्स के बड़े स्कोर का मंच तैयार किया। इन दोनों के बाद 21 अतिरिक्त रन टीम की ओर तीसरा सर्वोच्च स्कोर रहा। रिंकू सिंह (नौ गेंद में नाबाद 20, दो छक्के, एक चौका) ने अंत में तेजतर्रार पारी खेली।

रॉयल्स की ओर से आवेश खान (35 रन पर दो विकेट) और कुलदीप सेन (46 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए। टीम के दोनों स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (चार ओवर में बिना विकेट के 49 रन) और युजवेंद्र चहल (चार ओवर में 54 रन पर एक विकेट) काफी महंगे साबित हुआ। रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर नाइट राइडर्स को बल्लेबाजी का न्योता दिया। मेजबान टीम ने सतर्क शुरुआत की जिसके बाद नारायण ने कई बड़े शॉट खेले। मैच की दूसरी गेंद पर ही फिल सॉल्ट भाग्यशाली रहे जब ट्रेंट बोल्ट (31 रन पर एक विकेट) की गेंद पर प्वाइंट पर रियान पराग ने बेहद आसान कैच टपका दिया। सॉल्ट हालांकि इसका फायदा नहीं उठा पाए और 10 रन बनाने के बाद आवेश खान की गेंद पर उन्हीं को कैच दे बैठे। रघुवंशी ने बोल्ट के ओवर में तीन चौकों के साथ तेवर दिखाए जबकि नारायण ने कुलदीप सेन की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा। नाइट राइडर्स ने पावर प्ले में एक विकेट पर 56 रन बनाए।



नरेन ने दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का स्वागत लगातार दो चौकों के साथ किया और फिर युजवेंद्र चहल पर भी छक्का जड़ा। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अश्विन पर छक्के के साथ सिर्फ 29 गेंद में अर्धशतक जड़ा और फिर अगली गेंद पर एक रन के साथ 10 वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। सेन ने रघुवंशी को डीप थर्ड मैन पर अश्विन के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। नारायण पर हालांकि इस विकेट का कोई असर नहीं पड़ा और उन्होंने अश्विन के अगले ओवर में दो चौकों और एक छक्के से 15 रन बटोरे।

# खराब फार्म के चलते मैक्सवेल ने लिया अनिश्चितकालीन ब्रेक

## 6 मैच में सिर्फ सिर्फ 32 रन सका है स्टार बल्लेबाज

एजेंसी। बेंगलुरु

**रॉयल** चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के आल राउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने बल्लेबाजी में अपनी खराब फॉर्म के चलते इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से अनिश्चितकालीन मानसिक और शारीरिक ब्रेक लेने का फैसला किया है।

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को आरसीबी के मैच के लिए मैक्सवेल को अंतिम एकादश में शामिल नहीं किया गया था। इसका कारण मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच के दौरान लगी ऊंगली की चोट बताया गया था। लेकिन बाद में मैक्सवेल ने खुद को टीम से बाहर करने की बात स्वीकार कर ली।

मैक्सवेल ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, यह काफी आसान फैसला था। मैं पिछले मैच के बाद कप्तान फाफ डुप्लेसी और कोच के पास गया और कहा कि शायद अब समय आ गया है कि मेरी जगह किसी और को आजमाया जाए। उन्होंने कहा, यह खुद को थोड़ा मानसिक और शारीरिक आराम देने के अलावा अपने शरीर को फिट करने का अच्छा समय है। अगर टूर्नामेंट के दौरान मुझे शामिल कराने की जरूरत होती है तो उम्मीद है कि मैं मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत स्थिति में वापस आ सकता हूं तथा प्रभाव डाल सकता हूं। यह मैक्सवेल के




करियर में दूसरी दफा है जब इस आल राउंडर ने खुद की मानसिक और शारीरिक फिटनेस के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर करने का फैसला किया है।

मैक्सवेल ने अक्टूबर 2019 में भी ऐसा ही ब्रेक लिया था और तब उन्होंने कहा था कि उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से आराम की जरूरत है। इसके कुछ महीनों बाद इस 35 साल के खिलाड़ी ने वापसी की थी। आईपीएल के मौजूदा सत्र में वह छह मैच में बल्ले से कोई महत्वपूर्ण योगदान नहीं दे सके हैं, उन्होंने 94 के स्ट्राइक रेट से महज 32 रन जुटाए हैं। बल्कि इसमें से 28 रन तो उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ बनाए थे।

### पंत को विश्वकप टीम में जरूर शामिल करूंगाः पोंटिंग



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग का कहना है कि अगर वह आगामी टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का चयन करें तो ऋषभ पंत को इसमें जरूर शामिल करेंगे, भले ही कुछ खिलाड़ी मौजूदा आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बूते दावेदारी पेश कर रहे हों। दिसंबर 2022 में पंत के कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पोंटिंग सुनिश्चित नहीं थे कि यह खिलाड़ी खेलेगा या नहीं। लेकिन जिस तरह से पंत ने वापसी की है, उसे देखते हुए उन्हें जरा भी शक नहीं है कि आईपीएल के बाद न्यूयॉर्क के लिए कौन रवाना होगा। पोंटिंग ने कहा, क्या मुझे लगता है कि ऋषभ को विश्व कप टीम में होना चाहिए?

# हमारे लिए हर मैच सेमीफाइनल की तरह

## हैदराबाद से मिली हार के बाद बोले आरसीबी कोच

### टूर्नामेंट में मजबूत वापसी के लिए बनाएंगे रणनीति

एजेंसी। बेंगलुरु

**रॉयल** चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सात मैच में अपनी टीम की छठी हार के बाद स्वीकार किया कि बचे हुए सात में से प्रत्एक मैच को अब सेमीफाइनल की तरह ही खेला जाएगा।

आरसीबी को सोमवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद से 25 रन से हार का सामना करना पड़ा। फ्लावर ने आरसीबी गेम डे पर कहा, यह निश्चित रूप से नॉकआउट का समय है और प्रत्येक मैच को हम अब सेमीफाइनल की तरह ही लेंगे, लेकिन हमें सोचना होगा कि हम मजबूत



वापसी करें। सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों ने आरसीबी के दिशाहीन गेंदबाजों के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाकर आईपीएल का रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया। फ्लावर ने स्वीकार किया कि यह उनकी टीम के लिए मुश्किल रात थी। मैदान पर यह वास्तव में मुश्किल रात रही क्योंकि उन्होंने इतनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी के लिए दिनेश कार्तिक ने 35 गेंद में 83 रन और कप्तान फाफ डुप्लेसी ने 28 गेंद में 62 रन बनाए।

### कार्तिक विश्व कप टीम के लिए पेश कर रहा है मजबूत दावेदारी

फ्लावर ने कहा, हमने क्रीज पर बल्ले से जिस तरह का जज्बा दिखाया, उस पर मुझे बहुत गर्व है। हमने मैच गंवा दिया लेकिन हमने जिस तरह की बल्लेबाजी की, उस पर गर्व है। इंग्लैंड के पूर्व कोच ने कार्तिक की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने जिस तरह से सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाई, उसे देखते हुए अगर इस विकेटकीपर बल्लेबाज को भारत की टी-20 विश्व कप टीम में चुन लिया जाता है तो हैरानी की बात नहीं होगी। उन्होंने कहा, दिनेश कार्तिक अपनी बल्लेबाजी से भारत की विश्व कप टीम के लिए खुद की दावेदारी पेश कर रहा है और मैदान पर बेहतर से बेहतर ही होता जा रहा है। आरसीबी अब 21 अप्रैल को ईडन गार्डन्स पर कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेगी।

# खेलों की जन्मस्थली यूनान में पेरिस ओलंपिक की लौ जलाई गई



**यूनान।** पेरिस ओलंपिक में जलने वाली लौ दक्षिणी यूनान में प्राचीन खेलों के स्थल पर जलाई गई। बादलों के कारण मंगलवार को पारंपरिक तरीके से लौ जलाने के प्रयास विफल हो गए। पारंपरिक तरीके में चांदी की मशाल जलाने के लिए सूरज का इस्तेमाल किया जाता है, जिसके लिए प्राचीन यूनान की पुजारिन की पोशाक पहने एक युवती हाथ में मशाल लिए रहती थी। बल्कि मंगलवार को एक बैकअप लौ का उपयोग किया गया था, जिसे सोमवार को अंतिम रिहर्सल के दौरान उसी स्थान पर जलाया गया था। मशाल को मशालधारियों की एक रिले द्वारा प्राचीन ओलंपिया के खंडहर मंदिरों और खेल मैदानों से ले जाया जाएगा। रिले की 11 दिवसीय यात्रा एथेंस में पेरिस 2024 के आयोजकों को सौंपने के साथ समाप्त होगी।

# आस्ट्रेलियाई शैली से निपटने के लिए बेहतर पासिंग और तालमेल की जरूरत: रूपिंदर

एजेंसी। नई दिल्ली

**पूर्व** ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञ रूपिंदर पाल सिंह को लगता है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम बेहतर रक्षात्मक तालमेल और बेहतर पासिंग से आस्ट्रेलिया की आक्रामक खेल शैली से निपट सकती है।

हाल में भारत को पर्थ में हुई पांच टेस्ट की श्रृंखला में आस्ट्रेलिया से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। यह दौरा भारत के लिए निराशाजनक रहा जबकि इससे पहले टीम ने एफआईएच प्रो लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। टीम से जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक में तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक से बेहतर या इसके बराबरी वाले प्रदर्शन की उम्मीद है।

भारत की 2014 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य सिंह हालांकि आस्ट्रेलिया के खिलाफ इस नतीजे से ज्यादा चिंतित नहीं हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि टीम प्रत्येक मैच के साथ सुधार करती गई। सिंह ने कहा, हम पहला मैच 5-1 से




हारे लेकिन इसके बाद टीम ने सुधार किया और स्कोर बराबरी का रहा। हमने कुछ मौके गंवाए जिसे देखते हुए ओलंपिक से पहले कुछ काम करने की जरूरत है। यह श्रृंखला पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए थी, जिसमें नए वैरिएशन और खिलाड़ियों को आजमाया गया था। आस्ट्रेलिया की आक्रामक शैली से निपटने के तरीके के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि नए तरह की पासिंग से निपटा जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया, आस्ट्रेलिया से निपटने के लिए उच्च स्तर के तालमेल की जरूरत है, जिसमें डिफेंडर से डिफेंडर तक गेंद ट्रांसफर, मिडफील्ड में डिफेंडरों के तेज पास, ऊपर के पास इस तरह की शैली से निपटने के लिए फायदेमंद हो सकते हैं।

# गुकेश ने नेपोमनियाच्ची से ड्रॉ खेला, संयुक्त बढ़त कायम

## कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट : कारूआना ने अलीरेजा को दी शिकस्त

एजेंसी। टोरंटो

**भारतीय** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 10वें दौर में रूस के इयान नेपोमनियाच्ची से ड्रॉ खेलकर इस खिलाड़ी के साथ संयुक्त शीर्ष बढ़त कायम रखी। भारतीयों के बीच हुए मुकाबले में आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती ने भी अंक बांटे, जबकि फैबियानो कारूआना ने फिरोजा अलीरेजा को और हिकारू नाकामूरा ने निजात अबासोव को पराजित किया।

अब साल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट में महज चार राउंड बचे हैं। गुकेश और नेपोमनियाच्ची के समान छह-छह अंक हैं, जबकि प्रज्ञानानंदा, कारूआना और नाकामूरा इनसे आधा अंक पीछे हैं। गुजराती के छह अंक हैं, जिससे वह अकेले छठे स्थान पर काबिज हैं, जबकि अलीरेजा 3.5 अंक और अबासोव दो अंक लेकर दौड़ से बाहर हो गए हैं। नेपोमनियाच्ची काले या सफेद मोहरों से ज्यादा




जोखिम नहीं ले रहे हैं, जिससे उन्हें अपने मजबूत खेल की बदौलत अभी तक 10 दौर में हार का मुंह नहीं देखना पड़ा है।

प्रज्ञानानंदा को भी बस दूसरे दौर में गुकेश से हार का सामना करना पड़ा जो उनकी एकमात्र पराजय थी। उन्होंने और गुजराती ने 39 चाल के बाद अंक बांटने पर सहमति दी। महिलाओं के वर्ग में चीन की टिनजी लेई ने रूस की एलेक्सांद्रा गोरयाचकिना की अपराजेय लय तोड़ दी और हमवतन झोंग्ई टान के साथ संयुक्त बढ़त हासिल करने में सफल रही, जिन्होंने भारत की कोनेरू हम्पी से ड्रॉ खेला।

### आर वैशाली ने सालिमोवा को पराजित किया

महिला वर्ग में आर वैशाली ने लगातार हार से वापसी करते हुए बुल्गारिया की नुरग्युआल सालिमोवा को पराजित किया जबकि रूस की कैटरीना लाग्नो ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक से ड्रॉ खेला। लेई और टान दोनों के 6.5 अंक हैं जिन्होंने गोरयाचकिना और लाग्नो पर पूरे एक अंक की बढ़त बनाई हुई है। हम्पी के 4.5 अंक हैं और वह सालिमोवा और मुजिचुक से आधा अंक आगे चल रही हैं। वैशाली जीत के बावजूद 3.5 अंक लेकर अंतिम स्थान पर हैं। हम्पी को उम्मीद जीवंत रखने के लिए जीत हासिल करने की जरूरत थी लेकिन टान ने उन्हें कोई मौका नहीं दिया और बाजी ड्रॉ रही।

# हम पावरप्ले में ज्यादा से ज्यादा चौके और छक्के लगाने की कोशिश करते हैं : हेड

एजेंसी। बेंगलुरु

**सनराइजर्स** हैदराबाद ने आईपीएल में बार बार रिकॉर्ड स्कोर बनाकर टी-20 बल्लेबाजी को एक अलग ही स्तर पर पहुंचा दिया है। टीम के ओपनर बल्लेबाज ट्रेविस हेड का कहना है कि उनकी रणनीति का मुख्य हिस्सा पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन जुटाना रहा है।

हेड ने सोमवार को 39 गेंद में 100 रन की पारी खेलकर सनराइजर्स हैदराबाद को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन का रिकॉर्ड स्कोर बनाने में मदद की। हेड ने कहा कि उनकी कोशिश पावरप्ले के अंदर अर्धशतक जड़ने की रहती है। यह दूसरी बार है जब हेड ने पहले छह ओवर के अंदर ही पचासा पूरा कर लिया हो। हेड ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, निश्चित रूप से हमने अपने शीर्ष और मध्यक्रम की बदौलत ही सबसे ज्यादा रन जुटाए हैं। मुझे लगता है कि अपने मजबूत शीर्ष और मध्यक्रम से हमने इसी तरह खेलने का तरीका बना लिया है, विशेषकर पावरप्ले में। इस आस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज को अभिषेक शर्मा के रूप में बेहतर जोड़ीदार भी



मिल गया है, जो धीमे गेंदबाजों पर रन जुटाते हैं, जबकि हेड तेज गेंदबाजों को निशाना बनाते हैं। हेड ने कहा, मुझे लगता है कि शीर्ष क्रम में अभिषेक और मैं पावरप्ले का अधिक से अधिक इस्तेमाल करना चाहते हैं। इसमें हम ज्यादा से ज्यादा चौके और छक्के लगाने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा, हम दोनों पावरप्ले में ज्यादा आक्रामक बल्लेबाजी करना चाहते हैं क्योंकि फिर हमारा मध्यक्रम भी काफी मजबूत है।